निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, सोमवार 30 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 310 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



असम में हो रहे विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# असम में झारखंड मॉडल लागू करने की जरूरत : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** असम में धुआंधार चुनाव प्रचार के दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कई जनसभाओं को संबोधित किया। इस क्रम में उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए झारखंड सरकार की उपलब्धियों को प्रमुखता से रखा। कोकराझार जिले के गोसाईंगांव विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में उन्होंने फ्रेडरिक्सन हांसदा के समर्थन में जनता को संबोधित किया। श्री सोरेन ने अपने भाषण में आदिवासी समाज की ऐतिहासिक वीरता का जिक्र करते हुए कहा कि यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं बल्कि अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने लोगों से चुनावी प्रलोभनों से सावधान रहने और शिक्षा पर ध्यान देने की अपील की, जिसे उन्होंने सबसे बड़ी ताकत बताया। चाय बागान मजदूरों का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि इनका देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा



योगदान है लेकिन अब तक उन्हें उनका हक नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय लोगों को पैसे का लालच दिया जाता है लेकिन बाद में उनका शोषण होता है। शिक्षा के मुद्दे पर झारखंड मॉडल का जिक्र करते हुए सोरेन ने कहा कि वहां सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार हुआ है और बड़ी संख्या में छात्र प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आदिवासी छात्रों की उच्च शिक्षा का खर्च झारखंड सरकार उठा रही है और ऐसी व्यवस्था असम में भी लागू होनी चाहिए। अपने संबोधन में उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करते हैं और जनता को केवल मीठे वादों से भ्रमित करते हैं। सोरेन ने कहा कि उनका उद्देश्य सच्चाई को सामने रखना और आने वाली पीढ़ी को शिक्षित व सशक्त बनाना है। असम के सोनारी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि इस राज्य की महान जनता को अब बदलाव चाहिए। ऐसा बदलाव जो सिर्फ़ वादों में नहीं, ज़मीनी हक़ीक़त में दिखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की तरह यहां भी युवाओं को अवसर, मेहनतकशों को सम्मान और आदिवासी-स्थानीय समाज को उनका अधिकार मिलना चाहिए। विकास का मतलब केवल आंकड़े नहीं बल्कि हर घर तक पहुंचती खुशहाली है।

## ट्रक से कुचल कर बाइक सवार दो भाइयों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के अनगड़ा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत हो गई। दोनों भाई बाइक से अपने गांव की तरफ लौट रहे थे। इसी बीच एक अनियंत्रित ट्रक ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल, रविवार को रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र में हुए इस हादसे में अनगड़ा के नवाडीह के रहने वाले रिश्ते में चचेरे भाई प्रभात महतो और अनिल महतो की दर्दनाक मौत हो गई। यह खौफनाक हादसा अनगड़ा थाना क्षेत्र के चमघाटी के पास हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक ने बाइक से घर लौट रहे दोनों भाइयों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। ब्रेक फ़ेल हो जाने की वजह से ट्रक भी सड़क से नीचे जा गिरा। इस हादसे में ट्रक का पहिया निकल कर दूर जा गिरा। मौके पर पहुंचे अनगड़ा पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। बताया जा रहा है कि ट्रक के ब्रेक फ़ेल हो गए थे, जिसकी वजह से इतना भयानक हादसा सामने आया है। वहीं जैसे ही दो भाइयों की मौत की सूचना उनके घर पहुंची, पूरा माहौल गमगीन हो गया। घटना के बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। सिल्ली के डीएसपी अनुज ने बताया कि एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक पर सवार दो युवकों को कुचल दिया है। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान नवाडीह के रहने वाले प्रभात महतो और अनिल महतो के रूप में हुई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### झामुमो का स्थापना दिवस समारोह आज

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिला में झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस समारोह 30 मार्च को मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर झंडा मैदान में बनाए गए पंडाल व कार्यक्रम की तैयार की गई रूपरेखा की जानकारी स्थानीय विधायक सह मंत्री सुदिव्य कुमार ने ली। मंत्री ने स्थल का निरीक्षण भी किया। उनके साथ जिलाध्यक्ष संजय सिंह भी मौजूद थे।

### 10 साल बाद फिर होगी जेटेट परीक्षा, आवेदन 21 अप्रैल से

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में लंबे इंतजार के बाद शिक्षक बनने की राह देख रहे अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। करीब एक दशक के अंतराल के बाद राज्य में फिर से झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने परीक्षा को लेकर विस्तृत गाइडलाइन जारी कर दी है। इसके तहत अभ्यर्थी 21 अप्रैल से 21 मई 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह परीक्षा दो स्तरों पर आयोजित होगी, प्राथमिक (कक्षा 1 से 5) और उच्च प्राथमिक (कक्षा 6 से 8)। अभ्यर्थियों को यह सुविधा दी गई है कि वे चाहें तो दोनों स्तर की परीक्षाओं में एक साथ शामिल हो सकते हैं।

### हाथी के हमले में महिला की मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मरकच्चो थाना अंतर्गत जामू स्थित हरलाडीह गांव में रविवार सुबह हाथी के हमले में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान 55 वर्षीय सीता देवी के रूप में हुई है। वह रामचंद्र साहू की पत्नी थीं। परिजनों के अनुसार, सीता देवी सुबह करीब 5:30 बजे गांव की अन्य महिलाओं के साथ जंगल में महुआ चुनने गई थीं। इसी दौरान अचानक एक हाथी वहां पहुंच गया। घटना के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### फोन पर बातचीत के बाद नाबालिग ने लगाई फांसी

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के मुंदरिया गांव में एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की की आत्महत्या का मामला सामने आया है जिसने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। जानकारी के अनुसार लड़की पिछले कुछ दिनों से अपनी बुआ के घर रह रही थी। शनिवार शाम उसने किसी अज्ञात व्यक्ति से फोन पर लंबी बातचीत की, जिसके कुछ देर बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी में जुट गए और शव को उसके पैतृक गांव मनाहार (पड़वा थाना क्षेत्र) ले जाया गया।

## रांची में 65 करोड़ की लागत से बन रही अत्याधुनिक लाइब्रेरी

### राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित निर्माणाधीन अत्याधुनिक लाइब्रेरी का रविवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी मौजूद रहे। दोनों ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को तय समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। बताया जा रहा है कि इस भव्य लाइब्रेरी का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और इसे जून-जुलाई 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद अगस्त महीने तक इसे विद्यार्थियों के लिए समर्पित कर दिया जाएगा। यह लाइब्रेरी न सिर्फ रांची बल्कि पूरे झारखंड के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित होगी। करीब 65 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस लाइब्रेरी में लगभग 5000 विद्यार्थियों के एक साथ बैठकर अध्ययन करने की व्यवस्था होगी। यह भवन पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिससे छात्रों को एक बेहतर और अनुकूल अध्ययन वातावरण मिल सके। इस परियोजना के निर्माण में सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड) द्वारा 35 करोड़ रुपए और कोल इंडिया द्वारा 30 करोड़ रुपये का योगदान दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि इस लाइब्रेरी के निर्माण को लेकर लगभग पांच वर्ष पहले चर्चा शुरू हुई थी, जो अब जमीन पर उतरती दिख रही है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना रांची के शैक्षणिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा और युवाओं को नई दिशा देगी। निर्माणाधीन इस लाइब्रेरी भवन में कुल सात मंजिलें होंगी, जहां विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हर मंजिल पर अलग-अलग रीडिंग रूम बनाए जा रहे हैं, जहां शांत और व्यवस्थित माहौल में छात्र पढ़ाई कर सकेंगे। इसके अलावा लाइब्रेरी में कैफ़ेटेरिया की भी व्यवस्था होगी ताकि छात्र लंबे समय तक अध्ययन करते हुए अपनी जरूरतों का भी ध्यान रख सकें। ग्राउंड फ्लोर पर देश के परमवीर चक्र विजेताओं और जननायकों के चित्र लगाए जाएंगे, जिससे छात्रों को प्रेरणा मिल सके। वहीं लाइब्रेरी में विभिन्न विषयों से जुड़ी अत्याधुनिक लैब भी स्थापित की जाएंगी, जो छात्रों के अध्ययन और शोध कार्य को और अधिक सशक्त बनाएगी। खास बात यह है कि इस लाइब्रेरी में सीनियर सिटीजन के लिए भी अलग से व्यवस्था की जाएगी। वे यहां आकर न सिर्फ अपना समय बिता सकेंगे बल्कि दुर्लभ पुस्तकों का अध्ययन भी कर पाएंगे। इस पहल से समाज के हर वर्ग को इस लाइब्रेरी से जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

## कागजों पर हुए 600 ऑपरेशन, अस्पताल सील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा एक बड़ा घोटाला सामने आया है, जो सीधे तौर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के विधानसभा क्षेत्र से जुड़ा है। मामले में आयुष्मान योजना के तहत फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शिकायत मिलने के बाद जिला उपायुक्त रवि आनंद ने औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। दस्तावेजों में एक महीने के भीतर 600 से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन दिखाए गए थे लेकिन जब टीम अस्पताल पहुंची तो वह पूरी तरह बंद मिला। निरीक्षण में करामातांड नर्सिंग होम समेत कई संस्थानों में भारी अनियमितता पाई गई। अस्पताल बिना आवश्यक स्वीकृति के संचालित हो रहा था। मरीजों के नाम पर दर्ज मोबाइल नंबर या तो बंद थे या दूसरे राज्यों के निकले। इससे पूरे मामले में फर्जी मरीजों के जरिए क्लेम लेने की आशंका मजबूत हुई है। जांच में यह भी सामने आया कि अस्पताल में न तो प्रशिक्षित डॉक्टर मौजूद थे और न ही जरूरी रिकॉर्ड। ओपीडी का संचालन नियमों के खिलाफ हो रहा था और दवाइयां भी बिना लाइसेंस के बेची जा रही थीं। ऑपरेशन के बाद मरीजों को तुरंत डिस्चार्ज कर दिया जाता था, जो गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। डीसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल को सील करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। साथ ही सिविल सर्जन को विस्तृत रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। इस पूरे मामले ने आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन और जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

## ड्रग्स के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची में नशे के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ कई बार में रेड किया। यह रेड बीती रात हुई। एसएसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूचना मिली थी कि शहर के नामी बारों में चोरी-छिपे ड्रग्स का गोरखधंधा चल रहा है। बाहर से मंगाकर युवाओं खासकर युवक-युवतियों को नशे का जहर बेचा जा रहा है। इसी गंभीर सूचना के बाद रांची के एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर एक स्पेशल टीम का गठन किया गया और फिर एक साथ कई बारों पर धावा बोला गया। रातू रोड स्थित मॉल ऑफ रांची के लॉर्ड ऑफ ड्रिंक्स में जैसे ही पुलिस की एंट्री हुई, अंदर मौजूद सैकड़ों लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके पर मौजूद हर शख्स की तलाशी ली और देर रात तक पूरे बार की सघन जांच की गई। जानकारी के अनुसार पुलिस को ड्रग्स सिंडिकेट के बड़े नेटवर्क के सुराग मिले हैं। इस रेड के दौरान पुलिस को बार के अंदर रईसजादे भी मिले, जिनसे भी सघन पूछताछ की गई। जानकारी मिली थी कि हाई-प्रोफाइल लोगों के साथ रईसजादे ड्रग्स खरीदने पहुंचे थे। इसी सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

## साइकिल गर्ल आशा मालवीय को एसपी ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** साइकिल से भारत भ्रमण पर निकली राष्ट्रीय एथलीट आशा मालवीय रविवार को रामगढ़ पहुंची। उनके आगमन पर रामगढ़ छावनी स्थित पंजाब रेजिमेंट सेंटर में उनका स्वागत किया गया और फुटबॉल ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक ने उन्हें सम्मानित किया। रामगढ़ में एसपी अजय कुमार ने आशा की हिम्मत और समर्पण की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आशा मालवीय की कोशिशें युवाओं, खासकर युवतियों के लिए प्रेरणा देने वाली हैं और यह सफर अनुशासन और देशभक्ति का एक बेहतरीन उदाहरण है। आशा मालवीय का कहना है कि मेरी यात्रा का मकसद महिला सशक्तिकरण, देशभक्ति और अदम्य साहस है। 11 जनवरी को जयपुर से शुरू हुई यह यात्रा पहले गुजरात के कोहर गांव, फिर मध्य




प्रदेश के भोपाल, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, बिहार के गया, झारखंड के तिलैया, रामगढ़, रांची, जमशेदपुर, बंगाल के सिलीगुड़ी से होते हुए अरुणाचल प्रदेश के किबिथु में खत्म होगी। उनका मकसद महिलाओं के मन से डर खत्म करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

## प्रेमिका ने अपने प्रेमी से होने वाले ससुर पर चलवाई गोली

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के नरखोरिया कला गांव में 28 मार्च 2026 को गोली चली थी। यहां 51 वर्षीय उमेश मेहता को अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के बाद थाना कांड संख्या 65/26 के तहत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर अपराधियों की तलाश शुरू कर दी गई। जांच के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर पीछा करते हुए संदिग्ध युवक को बेंगासी गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम 26 वर्षीय संदीप कुमार सिंह बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा गोली और खोखा बरामद किया गया। आरोपी संदीप कुमार सिंह का एक युवती से 2021 से प्रेम संबंध था। इसी बीच युवती की शादी उमेश मेहता के बेटे से तय हो गई। शादी से नाराज होकर आरोपी और युवती ने मिलकर साजिश रची कि लड़के या उसके परिजनों को नुकसान पहुंचाया जाए ताकि शादी टूट जाए। योजना के तहत आरोपी 27 मार्च की रात बोकारो से गढ़वा पहुंचा और होटल में ठहरा। अगले दिन युवती से मिली जानकारी के आधार पर वह मौके पर पहुंचा और उमेश मेहता की दुकान पर सिगरेट मांगने के बहाने गोली चला दी।

## ईंधन संकट पर अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहने की जरूरत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों के साथ मन की बात की। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने अलग-अलग जगहों पर सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' सुनी। रांची में पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हरमू निगम पार्क के पास भाजपा हरमू मंडल के नेताओं के साथ बैठकर टीवी पर प्रसारित 'मन की बात' सुनी। इसके बाद मीडिया से मुखातिब हुए भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि स्वाभाविक तौर पर प्रधानमंत्री हर महीने की आखिरी रविवार को देश की जनता के साथ 'मन की बात' कार्यक्रम करते हैं तो उसमें सामयिक विषयों के साथ-साथ देश भर में अलग-अलग क्षेत्र में लोगों द्वारा किए जा रहे प्रेरणादायक कार्यों को उदाहरण के साथ देशवासियों के सामने रखते हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज



मिडिल ईस्ट में युद्ध की वजह से जो चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं उसका सामना उसी तरह करना होगा, जिस तरह कोरोना काल में देश के 140 करोड़ लोगों ने मिलकर किया और विजय हासिल की थी। इस समय विश्व में और खासकर अपने निकटवर्ती देशों में (जहां से हम ईंधन लाते हैं) वहां युद्ध चल रहा है, तो इस समय अपने देश में कई ऐसे तत्व हैं जो अफवाह फैलाकर परेशानी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री ने पहले संसद में और कई सार्वजनिक सभाओं के बाद आज 'मन की बात' में भी देशवासियों से यह आग्रह किया है कि आप किसी अफवाह पर ध्यान नहीं दें। देश में डीजल-पेट्रोल और एलपीजी की कमी नहीं है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री पूरी कोशिश कर रहे हैं कि किसी तरह की कोई परेशानी देशवासियों को न हो। ऐसे में उनकी कही बातों और खासकर अफवाहों से दूर रहने के आह्वान पर हम सभी को अमल करना चाहिए। हम सभी को संयम और धैर्य से काम लेना चाहिए क्योंकि युद्ध भारत के द्वारा लाया गया नहीं है बल्कि दूसरे देशों के बीच हो रही है। उसमें भारत की कोई भूमिका भी नहीं है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हम तो हमेशा से शांति के पुजारी रहे हैं, भारत का अतीत में रहा है कि हमने कभी भी दुनिया के किसी देश के ऊपर हमला नहीं किया है, कभी किसी देश की जमीन पर कब्जा नहीं किया है। इसलिए इस युद्ध से भी भारत का कोई लेना-देना नहीं है। देश के प्रधानमंत्री देशवासियों के लिए चिंतित हैं तो हम सभी को उनकी चिंता का साथ देनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने जो कहा कि 140 करोड़ जनता जब एक साथ खड़ी हो जाएगी तो हम इस युद्ध की वजह से होने वाले संकट को पार कर जाएंगे और इस पर हम विजय प्राप्त करेंगे।




C M Y K

# आस्था और अनुशासन का संगम बने रामनवमी जुलूस में उमड़ा जन सैलाब

## सख्त सुरक्षा घेरे में आयोजित हुआ जुलूस, अखाड़ों की परंपरा ने बांधा समां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी इस वर्ष भी अपने पूरे वैभव और गरिमा के साथ नजर आ रही है। शहर की फिजा पूरी तरह भक्ति में डूबी हुई है और सड़कों पर उमड़ी भीड़ इस पर्व की लोकप्रियता और महत्व को दर्शा रही है। हर तरफ गूंजते जयकारों के बीच रामभक्तों का उत्साह चरम पर है। जुलूस को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में दिखाई दे रहा है। संवेदनशील मार्गों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है और अधिकारियों की मौजूदगी में जुलूस को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है।





खासतौर पर जामा मस्जिद मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिससे शांति और व्यवस्था बनी रहे। इस बार जुलूस में बड़ी संख्या में अखाड़ों और झांकियों ने हिस्सा लिया है। पारंपरिक शस्त्र कला, आकर्षक झांकियां और अनुशासित प्रदर्शन लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। अब तक कई दल निर्धारित मार्ग से गुजर चुके हैं, जबकि अन्य अपने क्रम का इंतजार कर रहे हैं। पूरे आयोजन की निगरानी के लिए प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। आजाद बाग स्थित ऊंचे वॉच प्वाइंट से वरिष्ठ अधिकारी लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। यहां से जुलूस की गतिविधियों को नियंत्रित करने और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का कार्य किया जा रहा है। हजारीबाग की यह रामनवमी एक बार फिर यह साबित कर रही है कि आस्था और प्रशासनिक व्यवस्था का संतुलन मिलकर किसी भी बड़े आयोजन को सफल बना सकता है। यहां श्रद्धा, अनुशासन और भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिल रही है।

# रामभक्ति में सराबोर दिखे सांसद, हजारीबाग रामनवमी जुलूस में जोश और सेवा का संगम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** विश्वप्रसिद्ध हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी इस वर्ष भी आस्था, उत्साह और परंपरा का अद्भुत संगम बनकर सामने आई। दशमी की देर रात से शुरू हुआ यह भव्य जुलूस एकादशी की संध्या तक निरंतर जारी रहा, जिसमें हजारों रामभक्तों की सहभागिता देखने को मिली। इस दौरान हजारीबाग के गगनभेदी नारों और डीजे की धुनों के बीच वे श्रद्धालुओं के साथ नाचते-झूमते नजर आए, जिससे माहौल और भी जीवंत हो उठा। सांसद ने इस अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं और जुलूस को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की। वहीं, झंडा चौक स्थित सांसद सेवा केंद्र भी पूरी तरह सक्रिय रहा।



लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल पूरे आयोजन में सक्रिय और उत्साहित नजर आए।

जुलूस शुरू होने से पहले ही उन्होंने पूरे रूट का भ्रमण किया और रास्ते में लगे सेवा शिविरों पर पहुंचकर आयोजकों का उत्साह बढ़ाया। जगह-जगह उनका भव्य स्वागत भी किया गया। जुलूस के दौरान सांसद जायसवाल कई अखाड़ों की झांकियों में शामिल हुए। उन्होंने पारंपरिक लाठी और तलवारबाजी के करतब दिखाकर उपस्थित लोगों में उत्साह भर दिया। जय श्रीराम यहां से जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और चने का वितरण किया गया, साथ ही जरूरतमंदों को तत्काल चिकित्सा सहायता भी उपलब्ध कराई गई। सांसद ने सेवा केंद्र की छत से पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। शनिवार शाम से लेकर एकादशी तक सांसद मनीष जायसवाल लगातार जुलूस के साथ जुड़े रहे और यह सुनिश्चित किया कि हजारीबाग की यह गौरवशाली परंपरा पूरी भव्यता और भाईचारे के साथ संपन्न हो।

# जुलूस में खेल प्रदर्शन बना हादसे की वजह, सैकड़ों लोग घायल

## हथियारों के इस्तेमाल से बिगड़ा माहौल, दो की मौत, कई का इलाज जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** रामनवमी के अवसर पर निकाले गए जुलूसों के दौरान हजारीबाग में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब पारंपरिक खेल प्रदर्शन के बीच कई जगहों पर धारदार हथियारों का इस्तेमाल होने लगा। इस दौरान चाकू, तलवार और भोजली के कारण बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम से लेकर रविवार तक करीब 400 से 450 लोग हल्के रूप से जख्मी हुए हैं।



वहीं इस घटना में दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। बताया जा रहा है कि जुलूस के दौरान अखाड़ों के खेल प्रदर्शन के बीच आपसी उत्साह में हथियारों का उपयोग बढ़ गया, जिससे कई लोग इसकी चपेट में आ गए। देखते ही देखते स्थिति नियंत्रण से बाहर होती नजर आई और बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज सह सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम लगातार उपचार में जुटी रही। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार अधिकांश घायलों की हालत अब स्थिर है और उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। इधर, प्रशासन ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए पूरे इलाके में निगरानी बढ़ा दी है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### झामुमो का 53वां स्थापना दिवस आज, तैयारियां पूरी

**गिरिडीह (नबिटासं)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का 53वां स्थापना दिवस आज झंडा मैदान में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन समेत कई दिग्गज नेताओं के शामिल होने की संभावना है।कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू झंडा मैदान पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वहीं जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने जानकारी दी कि होली पर्व के कारण स्थापना दिवस की तिथि बदलकर 30 मार्च कर दी गई है समारोह को भव्य और सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। आयोजन स्थल पर मंच, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकताओं और समर्थकों के जुटने की उम्मीद है, जिससे पूरा माहौल उत्सवी बनेगा।

### नालंदा में बाल विवाह व बाल श्रम से मुक्त बच्चों के लिए विशेष पुनर्वास कार्यक्रम

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** संयुक्त श्रम विभाग परिसर में समाज में बाल अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी आइडिया स्वयंसेवी संस्था द्वारा बाल विवाह से बचाई गई बच्चियों एवं बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के लिए विशेष ह्लसर्वाइवल एवं पुनर्वास कार्यक्रमह्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा काउंसलिंग सत्र, जीवन कौशल (लाइफ स्किल्स) प्रशिक्षण एवं शिक्षा के महत्व पर जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की गईं। आइडिया संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि बाल विवाह और बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियां बच्चों के भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। ऐसे में केवल बच्चों को मुक्त कराना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका समुचित पुनर्वास और विकास सुनिश्चित करना भी बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय एवं अभिभावकों को भी जागरूक किया गया कि वे बच्चों के अधिकारों का सम्मान करें और उन्हें शिक्षा से वंचित न रखें। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक नालंदा अश्विनी कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (उ्छरअ) की सीमा कुमारी, बाल कल्याण समिति नालंदा की पुष्पा पांडेय तथा आइडिया संस्था की निदेशक रागिनी कुमारी ने बाल विवाह एवं बाल श्रम जैसी कुरीतियों को समाप्त करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में महिला-पुरुष, किशोर-किशोरियों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। अंत में आइडिया संस्था के कार्यकताओं द्वारा सभी को बाल विवाह एवं बाल श्रम के खिलाफ संकल्प दिलाया गया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों की मदद एवं जागरूकता अभियान जारी रखने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रखंडों के श्रम पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य एवं आइडिया के जिला समन्वयक उज्ज्वल कुमार, मंटू कुमार, अश्विनी, विवेक गंगोत्री, सुशीला देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### नालंदा विश्वविद्यालय ने दीक्षांत 2026 में अपनाई भारतीय परंपरा, रेशम और खादी पर आधारित विशेष अकादमिक परिधान

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** नालन्दा विश्वविद्यालय आगामी मंगलवार को अपने द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय ने परंपरागत दीक्षांत परिधानों में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए भारतीयता और स्थिरता को केंद्र में रखते हुए विशेष अकादमिक परिधान तैयार किए हैं। भारी मखमली औपनिवेशिक गाउन की परंपरा से परे नालंदा विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के लिए खादी के परिधान अपनाए हैं, जबकि विशिष्ट अतिथियों और आगंतुकों के लिए अहिंसा रेशम (पीस सिल्क), जिसमें बिहार का प्रसिद्ध भागलपुरी रेशम भी शामिल है, से निर्मित वस्त्र तैयार किए गए हैं। अहिंसा रेशम एक पर्यावरण-अनुकूल और क्रूरता-मुक्त कपड़ा है, जिसमें रेशम के कीड़ों को बिना हानि पहुँचाए उनके कोकून से स्वाभाविक रूप से बाहर आने दिया जाता है। यह कपडा हल्का, आरामदायक और स्थानीय जलवायु के अनुरूप होता है। यह पहल अकादमिक गरिमा को बनाए रखने के साथ-साथ भारतीय परंपराओं और पर्यावरणीय मूल्यों के साथ भी सामंजस्य स्थापित करती है। परिधानों का डिजाइन, रंग-संयोजन और कलात्मकता नालन्दा विश्वविद्यालय के लोगो में निहित "द नालन्दा वे" की मूल भावना से प्रेरित है, जो मानव और प्रकृति के सह-अस्तित्व को दर्शाती है। नालंदा विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह, मानव आकृतियों से निर्मित एक वृक्ष, इसी दर्शन को साकार करता है, जो सतत विकास, ज्ञान-साझेदारी और विविधता में एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर अतिथियों को प्रदान किए जाने वाले अंगवस्त्र बिहार के नपुरा और बसवन बिगहा के बुनकरों से विशेष रूप से मंगाए गए हैं। साथ ही, बावन बूटी जैसी पारंपरिक बुनाई कला को भी इस पहल में प्रमुखता दी गई है, जो बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ती है। यह प्रयास सहभागिता पहल के अंतर्गत स्थानीय महिला समूहों और कारीगरों के साथ मिलकर किया गया है। इन पहलों के माध्यम से नालंदा विश्वविद्यालय अपने दीक्षांत परंपराओं को एक नया स्वरूप दे रहा है, और साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा, सतत विकास और सामुदायिक सहभागिता के अपने मूल्यों को भी सशक्त रूप से स्थापित कर रहा है।

### कालसर व जगरनाथपुर से पुलिस ने 37 लीटर देसी शराब के साथ 3 तस्करों को किया गिरफ्तार

**हसनगंज/कटिहार (नबिटासं)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कालसर व जगरनाथपुर गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना पर दो पुरुष व एक महिला तस्कर को कुल 37 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। मौके पर थानाध्यक्ष निक्की ने बताई कि अनील उरांव पिता स्वर्गीय गोविंद उरांव साकिन जगरनाथपुर, संजीव उरांव पिता परीसलाल उरांव साकिन कालसर व पिंकी देवी पति मोहन उरांव साकिन कालसर तीनों थाना हसनगंज जिला कटिहार को गुप्त सूचना पर 37 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं गिरफ्तार तीनों तस्करों के विरुद्ध शराबबंदी अधिनियम तहत थाना कांड संख्या 98/26 तहत मामला दर्ज करते हुए उक्त तीनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में कटिहार भेज दिया गया। मौके पर थानाध्यक्ष निक्की ने बताई कि थाना क्षेत्रों में सरकार की शराबबंदी अभियान की सफलता को लेकर पुलिस काफी सक्रिय है।

# संदिग्ध परिस्थिति में शव मिलने से सनसनी परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा शहर के दारोगा कुआं मोहल्ला स्थित एक मकान से संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के सबलपुर गांव निवासी अजित चौहान के 33 वर्षीय पुत्र प्रशांजीत कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है।

मृतक के भाई कमलजीत कुमार ने बताया कि प्रशांजीत पिछले सात वर्षों से ओपो कंपनी में सेल्समैन के रूप में कार्यरत था। रविवार को उसकी मौत की सूचना मिलने पर वे हिलसा पहुंचे, जहां मकान के फर्श पर शव पड़ा मिला और सिर पर जख्म के निशान थे। उन्होंने आशंका जताई कि दो दिन पूर्व ही उसकी हत्या कर दी गई होगी।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया।वही एफएसल की टीम घटना स्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य को एकत्रित किया है। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि मृतक के भाई के आवेदन पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। चर्चा है कि प्रशांजीत का छह माह पूर्व पहली पत्नी से तलाक हो चुका था, जिससे उसके दो बच्चे हैं।

# रामनवमी पर महिला अखाड़ा का प्रदर्शन, बेटियों ने दिखाया साहस और कौशल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रामनवमी के पावन अवसर पर सुकन्या लक्ष्मी जन सहयोग फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित महिला अखाड़ा प्रदर्शन कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन और भव्यता के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों बालिकाओं और महिलाओं ने भाग लेकर अपने अद्भुत हुनर का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, आत्मरक्षा की भावना और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।



प्रतिभागियों ने लाठी, तलवारबाजी, समूह प्रदर्शन और देशभक्ति प्रस्तुतियों के जरिए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित लोगों ने बालिकाओं के साहस, ऊर्जा और अनुशासन की जमकर सराहना की आयोजन की सफलता में मंदिर समिति के सदस्यों, डांस टीचर, मेकअप आर्टिस्ट, टीम हेड प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर सहित सभी सहयोगियों की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम के समापन पर संस्था की संस्थापिका शिल्पा कुमारी बर्मन ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए।अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ह्लहमारा उद्देश्य बेटियों को सशक्त बनाना और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।ह्व उन्होंने अभिभावकों और सहयोगियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने का माध्यम बना, बल्कि समाज में नारी सशक्तिकरण का सशक्त संदेश भी दिया। कार्यक्रम की सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल देखा गया।

# रामनवमी जुलूस के बीच मातम, दो युवकों की मौत से दहल उठा हजारीबाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** आस्था और उत्साह के बीच मनाए जा रहे रामनवमी पर्व के दौरान हजारीबाग से आई एक दुखद खबर ने पूरे शहर को स्तब्ध कर दिया। जुलूस में शामिल दो युवकों की असामयिक मौत के बाद जहां एक ओर उत्सव का माहौल फीका पड़ गया, वहीं दूसरी ओर कई परिवारों में गहरा शोक छा गया है। पहली घटना बड़ा बाजार, ग्वालटोली निवासी अभिषेक कुमार से जुड़ी है। वह अपने परिवार का सहारा थे और मैकेनिक के रूप में काम करते थे। जुलूस के दौरान गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सदर अस्पताल में उनके पार्थिव शरीर के पहुंचते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और हर आंख नम दिखी।

वहीं, दूसरी दुखद घटना सिलवार कला निवासी प्रिंस कुमार की है। करीब 22 वर्षीय प्रिंस भी जुलूस में शामिल थे और इसी दौरान घायल हो गए थे। इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद जब उनका शव गांव पहुंचा तो अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। रामनवमी जैसे पवित्र और उल्लासपूर्ण पर्व के बीच हुई इन दोनों घटनाओं ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां एक ओर पूरा शहर भक्ति में लीन था, वहीं दो परिवारों के घरों में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और स्थानीय लोग भी गहरे सदमे में हैं। इधर, प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया जा रहा है।

# चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को दिया नाम और सिलाई मशीन चुनाव चिन्ह, सूची जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** भारत निर्वाचन आयोग ने एक अहम निर्णय लेते हुए पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाले गुट को ह्यराष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टीह्व नाम और ह्यसिलाई मशीनह्व चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया है। यह निर्णय आयोग के अंतरिम आदेश (02 अक्टूबर 2021) के अनुपालन में लिया गया है।

आयोग के सचिवालय, निर्वाचन सदन, नई दिल्ली से जारी पत्र के अनुसार, पार्टी द्वारा 14 और 18 मार्च 2026 को दिए गए आवेदन पर विचार करने के बाद यह मंजूरी दी गई। इसके तहत असम, केरल, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी उम्मीदवार ह्यसिलाई मशीनह्व चिन्ह पर चुनाव लड़ सकेंगे। हालांकि, आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह मान्यता फिलहाल केवल बिहार राज्य में ही मान्य रहेगी, जबकि अन्य राज्यों में यह व्यवस्था केवल चल रहे चुनावों तक सीमित रहेगी। इधर, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 (प्रथम चरण) के लिए स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। इस सूची में प्रमुख नेताओं के रूप में प्रिंस राज, वंदन सिंह, भूषण राय श्रवण कुमार अग्रवाल कृष्णा राज पासवान नेक मोहम्मद प्रमोद सिंह, अभिवक्ता प्रसाद बीजू, यशराज पासवान, राज कुमार राज सहित कुल 20 नेताओं को शामिल किया गया है पारस ने बताया कि सभी स्टार प्रचारक पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार अभियान चलाएंगे। पार्टी को उम्मीद है कि नए नाम और चुनाव चिन्ह के साथ उसे चुनाव में बेहतर पहचान और समर्थन मिलेगा।

# भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम, रामनवमी पर रामभक्तों का स्वागत

## पुष्पवर्षा और सेवा कार्यों से सजा हजारीबाग, उत्साह ने तोड़ा पिछले साल का रिकॉर्ड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** चैत्र रामनवमी के पावन अवसर पर हजारीबाग में आस्था, भक्ति और सेवा का भव्य नजारा देखने को मिला। श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रामभक्तों का भव्य स्वागत पुष्पवर्षा और अल्पाहार वितरण के साथ किया गया, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने उन्हें अंगवस्त्र और तलवार भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और अखाड़ाधारी मौजूद रहे, जिनका स्वागत पूरे उत्साह के साथ किया गया। इस मौके पर विधायक प्रदीप प्रसाद, उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, महापौर अरविंद राणा समेत कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से सम्मान किया गया। समिति द्वारा सैकड़ों रामभक्तों पर पुष्पवर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही, श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था कर सेवा भावना का परिचय दिया गया, जिससे लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।



अपने संबोधन में सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग की रामनवमी को विशेष बताते हुए इसकी परंपरा और पहचान की सराहना की। वहीं समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने कहा कि रामभक्तों की सेवा करना उनके लिए गर्व और सौभाग्य की बात है, और प्रशासन के सहयोग से आयोजन और भी सफल बनता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के कई सदस्यों और कार्यकताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से यह आयोजन न केवल सफल रहा, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भावना का सशक्त उदाहरण भी प्रस्तुत कर गया। कुल मिलाकर, यह आयोजन हजारीबाग की रामनवमी को और अधिक भव्य और यादगार बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

# 1ली अप्रैल से हो सकती रेल किराये में वृद्धि

## दैनिक यात्रियों में बढ़ी चिंता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** महंगाई की मार झेल रहे आम रेल यात्रियों को जल्द ही एक और झटका लग सकता है। गया जंक्शन से विभिन्न रेलखंडों पर चलने वाली मेमू, लोकल और पैसेंजर ट्रेनों के किराए में 1 अप्रैल से बढ़ोतरी की तैयारी है।

रेलवे सूत्रों के अनुसार किराए में औसतन 10 से 15 प्रतिशत तक इजाफा किया जा सकता है, जिससे खासकर दैनिक यात्रियों की जेब पर सीधा असर पड़ेगा। गया-पटना, गया-क्यूल, गया-डीडीयू (पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन) और गया-राजगीर जैसे व्यस्त रेलखंड इस बढ़ोतरी से सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं।

इन रूटों पर रोजाना हजारों यात्री नौकरी, पढ़ाई और व्यापार के सिलसिले में सफर करते हैं। किराया बढ़ने से इनके मासिक खर्च में उल्लेखनीय बढ़ोतरी तय मानी जा रही है। किराया वृद्धि का प्रभाव केवल लंबी दूरी तक सीमित नहीं रहेगा। छोटे स्टेशनों के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को भी ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा।

न्यूनतम किराया 10 से बढ़ाकर 12 रुपये किए जाने की संभावना है, जो ग्रामीण और निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए अतिरिक्त बोझ बन सकता है। किराया बढ़ने की खबर से रोजाना सफर करने वाले यात्रियों में चिंता बढ़ गई है। गया से पटना आने-जाने वाले यात्रियों का कहना है कि पहले ही महंगाई से बजट बिगड़ा हुआ है।

ऐसे में किराया बढ़ने से बचत करना मुश्किल हो जाएगा। यात्रियों ने रेलवे से आम लोगों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने की मांग की है।

वहीं, रेलवे अधिकारियों का तर्क है कि बढ़ती परिचालन लागत, बिजली खर्च और रखरखाव पर बढ़ते व्यय को देखते हुए किराया संशोधन आवश्यक हो गया है।

## चार वर्षीय मासूम को मारी गोली

**सहरसा।** बिहार के सहरसा जिले से एक ऐसी खबर आई है, जिसने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। सौरबाजार थाना क्षेत्र के मधुरा गांव में घर के बाहर खेल रही महज चार साल की एक मासूम बच्ची को किसी अज्ञात शख्स ने पीछे से गोली मार दी। गोली सिर के आर-पार निकल गई, जिससे बच्ची की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और सन्नाटा पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार, घायल बच्ची की पहचान विकास शर्मा की चार वर्षीय बेटी संजना कुमारी के रूप में हुई है। संजना अपने दो बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी है। एक आम सुबह जब बच्ची घर के पास खेल रही थी तभी अचानक गोली चलने की जोरदार आवाज ने पूरे परिवार को हिला दिया। जब घरवाले बाहर दौड़कर पहुंचे तो संजना खून से लथपथ जमीन पर पड़ी थी।

परिजन बिना एक पल गंवाए बच्ची को लेकर सहरसा के एक निजी अस्पताल पहुंचे। इलाज कर रहे डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि मासूम की हालत बेहद गंभीर है।

# स्कॉर्पियो ने बाइक सवार चाचा-भतीजी को रौंदा, मौत



## जांच में जुटी स्थानीय पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** धनरूआ थाना क्षेत्र के दमड़ीचक के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में बाइक सवार चाचा और भतीजी की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना दमड़ीचक गांव के पास हुई, जहां तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात स्कॉर्पियो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही धनरूआ थाना प्रभारी अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों चाचा और भतीजी को पास के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मसौढ़ी की ओर से तेज रफ्तार में आ रही स्कॉर्पियो ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें नजदीकी नर्सिंग होम पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान रणधीर कुमार (28 वर्ष), पिता रामदयाल प्रसाद, तथा अनन्या कुमारी (8 वर्ष), पिता सुधीर कुमार, निवासी ग्राम अगरपुरा, थाना कादिरगंज, जिला पटना के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों किसी काम से जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

घटना की सूचना मिलते ही धनरूआ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ भी की है। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस वाहन और चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है।

# शराब लदी कार की ठोकर से दुकानदार की मौत

## जेपी सेतु से शराब तस्करी की चर्चा लोगों में तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सारण।** जिले में अहले सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। मांझी (सारण) और बरौली (गोपालगंज) मुख्य मार्ग पर एकमा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौतन बाजार के समीप तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने एक दुकानदार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान स्थानीय गांव निवासी 55 वर्षीय मुसाफिर महतो के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना उस समय हुई जब मुसाफिर अपनी दुकान खोलने के लिए सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज गति से आ रही कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उन्हें संभलने का मौका भी नहीं मिला और लगभग 40 फीट ऊपर तक उछलने के कारण घटनास्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। मौके का फायदा उठाकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय एकमा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया।

इस हादसे के बाद इलाके में अवैध शराब तस्करी को लेकर भी कई सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उत्तर प्रदेश के बलिया और बिहार के सारण जिले को जोड़ने वाली सरयू नदी पर बने जयप्रभा (जेपी) सेतु के माध्यम से चारपहिया वाहनों में शराब की खेप बिहार लाई जाती है, जिसे सारण और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खपाया जाता है।

## 482 अंक के साथ नौंवा स्थान किया हासिल



**नगरनौसा(नालंदा)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी दसवीं कक्षा के रिजल्ट में साधारण परिवार से आने वाले आनंद कुमार में अपनी मेधा के दम पर राज्य में नौ वां स्थान हासिल कर माता-पिता के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया। वे प्रखंड के उवि रामपुर का छात्र हैं। वे मूल रूप से रहुई ब्लॉक के सुसंडी गांव के रहने वाला है। वर्तमान में वह अपने ननिहाल के पास के गांव बमपुर में किराया के मकान में रहकर पढ़ाई करता है। उनके पिता रविकांत कुमार पंडित टाइल्स मिस्त्री हैं जबकि माँ गांव में ही कपड़ा सिलाई का दुकान चलती है। आनंद कुमार बड़ा होकर इंजीनयर बनना चाहता है। आर्थिक चुनौतियों के बीच अपनी पढ़ाई पर घ्यान केंद्रित रखा और मेहनत रंग लायी।

# ट्रक की ठोकर से पुलिस वाहन पलटा, तीन जवान जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां शनिवार को रात्रि गश्ती पर निकली पुलिस टीम सड़क हादसे का शिकार हो गई। नगर थाना क्षेत्र के बंजारी मोड़ के पास एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने पुलिस की जीप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पुलिस वाहन सड़क पर ही पलट गया, जिससे उसमें सवार तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर थाने की पुलिस टीम शनिवार को पूर्व की तरह इलाके में रात्रि गश्ती कर रही थी। जैसे ही पुलिस की जीप बंजारी मोड़ के पास पहुंची, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही जीप असंतुलित होकर पलट गई। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन सहित फरार होने में कामयाब रहा।हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और जीप में फंसे पुलिसकर्मियों को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाने की अन्य टीमें भी मौके पर पहुंच गई।

इस सड़क हादसे में घायल होने वाले पुलिसकर्मियों की पहचान तारकेश्वर सिंह, मोहम्मद फारूक और सत्येंद्र यादव के रूप में हुई है। तीनों जवानों को तत्काल इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के अनुसार, घायल जवानों को चोटें आई हैं, लेकिन फिलहाल उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। हालांकि, ट्रक की सीधी टक्कर के कारण पुलिस का सरकारी वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।बिहार पुलिस अब गोपालगंज हादसे के फरार ट्रक चालक की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## हड़ताली पदाधिकारियों से जबाव-तलब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले में हड़ताल पर गए अंचलाधिकारी और अन्य राजस्व पदाधिकारियों के खिलाफ राजस्व विभाग सख्त हो गया है। राजस्व शाखा के एडीएम ने हड़ताल में शामिल नौ अंचलाधिकारियों समेत कुल 17 पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। इन्हें तय तिथि तक जवाब देना होगा। 25 मार्च तक अवैध घोषित सामूहिक अवकाश/हड़ताल से वापस नहीं लौटने वाले नौ अंचलाधिकारियों में अगिआंव के वागीश सिंह, बिहिया की रचना कुमारी, चरपोखरी के चंदन चौधरी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

वहीं गड़हनी की सीओ दीपा कुमारी, कोईलवर की प्रियंका कुमारी, पीरो के लखेंद्र कुमार, सहार के राकेश शर्मा, शाहपुर के आनंद प्रकाश और तरारी के सुमित कुमार यादव से भी जवाब-तलब किया गया है।

इसके अलावा अगिआंव के राजस्व अधिकारी सोमनाथ सिंह, कोईलवर के राजभूषण सिंह, संदेश के नवनीत कुमार, शाहपुर की रश्मि सागर, तरारी के आमिर अजीम से जवाब मांगा गया है।

# जेएससीए को दो बड़े आयोजनों का मिला मौका

## क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह का माहौल



## भारत और ऑस्ट्रेलिया में होगी भिड़ंत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बहुत ही अच्छे दिन आने वाले हैं। वे अपने चहेते खिलाड़ियों का जल्द ही दीदार कर पाएंगे। दरअसल, झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को इंटरनेशन क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने का अवसर मिला है। इसमें दो बड़े मुकाबले होंगे। इस आयोजन से क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

जेएससीए अध्यक्ष जी कुमार ने बताया कि झारखंड को दो इंटरनेशन क्रिकेट मैचों की मेजबानी का अवसर मिल रहा है। इसमें 9 अक्तूबर को भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 मुकाबला खेल जाएगा। लंबे समय के बाद जेएससीए स्टेडियम में इंटरनेशल मैच का आयोजन होने जा रहा है। पिछले दिनों भारत और साउथ अफ्रीका के बीच क्रिकेट मैच खेला गया था,जिसमें भारत ने जीत हसील की।

उन्होंने कहा कि स्टेडियम में एक बार फिर दर्शकों की भारी भीड़ होगी। टीमों का जोरदार समर्थन और मैदान पर हाई-वोल्टेज क्रिकेट का नजारा देखने को मिल सकता है। रांची में होने वाला यह मैच युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों के बीच पहले से ही उत्साह का विषय बन गया है। इसके अलावा, 19 फरवरी से 23 फरवरी 2027 तक भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट मैच भी रांची में आयोजित किया जाएगा। यह मुकाबला जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट क्रिकेट हमेशा से कड़ी टक्कर और रोमांच से भरा रहा है, ऐसे में इस मैच को लेकर अभी से चचाएं तेज हो गई हैं। लंबे प्रारूप के इस मुकाबले में दोनों टीमों के बीच रणनीति, धैर्य और कौशल की असली परीक्षा होगी।

# कांग्रेस विधायक मिले अशोक चौधरी से, चर्चाएं हुई तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में कांग्रेस विधायक सुरेंद्र कुशवाहा की रविवार को नीतीश सरकार के मंत्री अशोक चौधरी के आवास पर अचानक हुई मुलाकात ने राज्य की सियासत में हलचल तेज कर दी है।

इस अप्रत्याशित मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं, खासकर ऐसे समय में जब कांग्रेस के भीतर खींचतान की खबरें पहले से ही चर्चा में हैं।दरअसल, हाल ही में राज्यसभा चुनाव के दौरान सुरेंद्र कुशवाहा ने पार्टी लाइन से अलग रुख अपनाते हुए मतदान प्रक्रिया से दूरी बना ली थी। इसके बाद पार्टी नेतृत्व ने उनके खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए नोटिस जारी किया था।

इसी क्रम में मनिहारी के विधायक मनोहर प्रसाद और फारबिसगंज के विधायक मनोज विश्वास भी वोटिंग से अनुपस्थित रहे थे, जिससे यह अटकलें तेज हो गईं कि बिहार कांग्रेस में अंदरूनी विभाजन गहराता जा रहा है। चर्चा यहां तक है कि तीन विधायक अलग गुट की दिशा में बढ़ चुके हैं और एक और विधायक के जुड़ते ही नया समीकरण बन सकता है। हालांकि, इन तमाम अटकलों के बीच सुरेंद्र कुशवाहा ने खुद सामने आकर स्थिति स्पष्ट की है।

उन्होंने कहा कि उनकी यह मुलाकात पूरी तरह से क्षेत्रीय विकास से जुड़ी थी। उनके मुताबिक, ह्लमैं अपने क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर मंत्री से मिलने गया था। पश्चिमी चंपारण का इलाका पिछड़ा है और वहां तेजी से काम हो, इसके लिए मंत्रियों से मिलना जरूरी है।

उन्होंने राजनीतिक अटकलों को खारिज करते हुए साफ कहा, ह्लअगर मेरे मन में कोई गलत मंशा होती, तो मैं छुपकर रात में जाता। मैं खुलेआम दिन में गया क्योंकि मेरी प्राथमिकता जनता का काम है। बाकी लोग जो भी आकलन करना चाहें, करते रहें। कुल मिलाकर, इस मुलाकात ने बिहार की राजनीति में नए समीकरणों की चर्चा जरूर छेड़ दी है, लेकिन सुरेंद्र कुशवाहा इसे पूरी तरह विकास और जनहित से जुड़ा कदम बता रहे हैं।

# जिला लोक समिति की कार्यकर्त्ता बैठक संपन्न

## चन्द्रमा संयोजक तथा शम्भूनाथ बने जिला प्रभारी, चम्पारण की भूमि को किया नमन : शिवजी सिंह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** मोतिहारी जिला लोक समिति के तत्वावधान में शहर के चाँदमारी में एक दिवसीय कार्यकर्त्ता बैठक का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व.राम कृपाल यादव की सुपुत्री चन्द्रमा यादव तथा संचालन शम्भू नाथ मिश्रा उर्फ ज्ञानी जी ने की। कार्यकर्त्ता बैठक का उद्घाटन सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

बैठक में बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महासचिव श्री शिवजी सिंह ने अपने उद्घाटन भाषण के दौरान राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी की कर्म भूमि चम्पारण की पवित्र धरती को नमन करते हुए कहा कि 1917 ई. में गाँधी सत्य,अहिंसा,और शांति का संदेश लेकर अंग्रेजों के अन्याय एवं शोषण के विरुद्ध सत्याग्रह की शुरूआत की,जो पूरी तरह सफल रही। चम्पारण सत्याग्रह को लेकर पूरी दुनिया में इस जिला का विशेष महत्व है जिसको कभी भूला नहीं जा सकता।

श्री सिंह ने लोक समिति के संस्थापक अध्यक्ष देश के महान सर्वोदयी नेता ,स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत रत्न लोक नायक जयप्रकाश नारायण की व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर चर्चा करते समिति के उद्देश्यों को पूरा विस्तार से बताया। श्री सिंह ने लोक समिति के वर्तमान अध्यक्ष एवं गाँधीवादी चिंतक श्री गिरिजा सतीश के कार्यों का उल्लेख करते जे.पी. का सच्चा शिष्य एवं अनुयायी बताया,जो सरकारी नौकरी छोड़कर गरीब शोषित ,पीड़ित तथा वंचित समुदाय की सेवा कर भलाई काम कर रहें है।श्री सिंह ने कहा कि लोक समिति युद्ध नहीं शांति की पक्षधर है। युद्ध के कारण ही देश में रसोई गैस और पेट्रोल तेल की दिक्कत होने की सम्भावना बढ़ गयी है। जिससे आम जनता को परेशानी हो रहीं है। श्री सिंह ने मोतिहारी जिला में संगठन विस्तार हेतु इस बैठक में सर्व सम्मति से श्रीमती चन्द्रमा यादव को मोतिहारी जिला महिला सेल का संयोजक एवं शंभूनाथ मिश्रा को जिला का प्रभारी बनाया गया। इनके अलावा बैठक में आश्विनी कुमार, जय प्रकाश नारायण यादव, रंजीत कुमार, विजय कुमार,नीतीश कुमार, महेन्द्र राय , दीनानाथ कुमार,चंचल कुमार, संतोष कुमार यादव, ममता विभा देवी कनक सहाय,रेणु श्रीवास्तव, रीना, लालती देवी,कुमारी, राजा कमरूल, वगैरह गणमान्य लोंगो ने अपना विचार व्यक्त किए। अन्त में चन्द्रमा यादव ने अपना अध्यक्षीय भाषण के बाद उपस्थित सभी कार्यकत्ताओं को धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक की कार्यवाही की समाप्त की गयी।

# छात्रों ने बेहतर अंक लाकर किया नाम रौशन

**शिवाजीनगर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 के परिणाम में शिवाजीनगर प्रखंड के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रिजल्ट जारी होते ही सफल छात्रों के घरों में खुशी का माहौल देखा गया, वहीं विद्यालयों में भी उत्साह का वातावरण बना रहा। प्रखंड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय परसा के छात्र आदर्श कुमार ने 477 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बल्लीपुर के छात्र कन्हैया कुमार ने 471 अंक हासिल कर विद्यालय का नाम ऊंचा किया। इसी विद्यालय के छात्र पुष्पम कुमार चौधरी ने 440 अंक, कुंदन कुमार ने 436 अंक, अंशु कुमारी ने 427 अंक तथा रुचि कुमारी ने 413 अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया।

# फर्जी बौद्ध भिक्षुओं पर नकेल कसने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** महाबोधि मंदिर परिसर में बढ़ती फर्जी भिक्षुओं की समस्या को लेकर प्रशासन और संबंधित संस्थाएं अब सख्त कदम उठाने की तैयारी में हैं। इस मुद्दे पर शनिवार को इंटरनेशनल बुद्धिस्ट काउंसिल, ऑल इंडिया भिक्षु संघ, बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति और बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के अधिकारियों के बीच संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मंदिर परिसर में कुछ लोगों द्वारा भिक्षु वेश धारण कर श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अवैध रूप से धन मांगने की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता जताई गई।

अधिकारियों ने माना कि ऐसी गतिविधियां न केवल मंदिर की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी खतरा पैदा करती हैं।

आईबीसी के अध्यक्ष भिक्षु नावांग ज्ञयात्सो और सचिव भिक्षु प्रज्ञादीप ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए जल्द ठोस नीति बनाने पर जोर दिया। बैठक में मौजूद अन्य सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए।

इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर में फर्जी भिक्षुओं पर रोक लगाने की जिम्मेदारी बी.सैप और बीटीएमसी संयुक्त रूप से निभाएंगे।पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सुरक्षा कर्मियों को स्पष्ट आदेश दें, ताकि फर्जी भिक्षुओं की पहचान कर उन्हें परिसर में प्रवेश से रोका जा सके।

इसके अलावा, विभिन्न बौद्ध मठों से अपील की गई कि वे धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं के बीच धन वितरण की परंपरा को बंद करें, क्योंकि इससे इस तरह की अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है।

बीटीएमसी द्वारा मंदिर परिसर में जागरूकता से जुड़े डिस्प्ले बोर्ड भी



लगाए जाएंगे। बैठक के बाद अधिकारियों ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद कुछ संदिग्ध फर्जी भिक्षुओं से पूछताछ भी की।

बैठक में बीटीएमसी की सचिव डा महाश्वेता महारथी, सदस्य डॉ अरविंद कुमार सिंह, किरण लामा सहित आईबीसी और विभिन्न बौद्ध मठों के प्रतिनिधि तथा बी. सैप के अधिकारी मौजूद रहे।

# नदी में डूबने से किशोरी की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के बंधार पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 14 में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। गांव निवासी कृष्णा राम की पुत्री रानी कुमारी की नदी में डूबने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य किशोरी की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रानी कुमारी अपने साथियों के साथ नदी किनारे गई थी। इसी दौरान अचानक गहराई में चले जाने से वह डूबने लगी। साथ में मौजूद दूसरी किशोरी ने बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी पानी में डूब गई।

आसपास मौजूद लोगों ने शोर सुनकर दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक रानी कुमारी की हालत काफी गंभीर हो चुकी थी ग्रामीणों की मदद से दोनों को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने रानी कुमारी को मृत घोषित कर दिया।

वहीं दूसरी किशोरी की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। रानी कुमारी की असमय मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह स्थानीय प्रशासन भी सक्रिय हो गया है।

मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# आजादी के दशकों बाद भी सरकारी स्कूलों में खेल मैदान का अभाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** सोनपुर प्रखंड के सबलपुर दियारा में स्थित सरकारी विद्यालयों के बच्चों को आजादी के सात दशक बाद भी खेल का अधिकार नहीं मिल पाया है। यदि खेल का अधिकार वास्तव में लागू होता, तो विद्यालयों के पास अपने खेल मैदान होते।

मैदान के अभाव में बच्चों को सीमित जगह में ही औपचारिक रूप से खेलकूद की गतिविधियां पूरी करनी पड़ती हैं।

शिक्षा में खेलों की भूमिका को सरकार भी महत्वपूर्ण मानती है। खेल के बिना न तो मन की एकाग्रता संभव है और न ही शरीर की स्फूर्ति। प्राचीन काल से ही शिक्षा के साथ शारीरिक स्वास्थ्य और खेल को समान रूप से आवश्यक माना गया है।

गुरुकुल परंपरा में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं थी, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलित विकास पर आधारित थी। सबलपुर दियारा क्षेत्र में चार माध्यमिक सह इंटर स्तरीय विद्यालय, पांच मध्य विद्यालय, एक अनुदानित उच्च विद्यालय तथा 14 प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं।

इसके बावजूद किसी भी विद्यालय के पास अपना खेल मैदान नहीं है। शिक्षा विभाग और खेल विभाग की उदासीनता का खामियाजा यहां पढ़ने वाले बच्चे भुगत रहे हैं। मैदान के अभाव में स्वस्थ शरीर के साथ शिक्षा प्राप्त करने का उनका सपना अधूरा रह जाता है।

मुण्डक उपनिषद (3.2.4) में कहा गया है कि नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः, जिसका अर्थ है कि कमजोर शरीर के साथ बुद्धि का पूर्ण विकास संभव नहीं है। यानी आत्मज्ञान और उच्च शिक्षा के लिए शारीरिक रूप से सशक्त होना आवश्यक है। आयुर्वेद के ग्रंथों में भी व्यायाम और खेल को स्वास्थ्य तथा कार्यक्षमता बढ़ाने का प्रमुख साधन बताया गया है।

सबलपुर दियारा की विडंबना यह भी है कि यहां सरकारी स्तर पर एक भी खेल मैदान या मिनी स्टेडियम नहीं है। सरकार और सारण जिला प्रशासन की इच्छाशक्ति की कमी के कारण यहां के स्कूली बच्चों का खेलकूद और व्यायाम का सपना साकार नहीं हो पा रहा है।

कुछ वर्ष पूर्व पूर्वी और मध्यवर्ती पंचायतों में बिना समुचित जांच के मनमाने तरीके से खेल मैदान के लिए जमीन का चयन कर लिया गया था। इसके विरोध में आंदोलन भी हुआ, जिसके कारण खेल मैदान निर्माण की योजना यहां फ्लॉप साबित हो गई। अब क्षेत्र के लोग फिर से दियारा में खेल मैदान की मांग उठा रहे हैं, ताकि बच्चों को खेलकूद के लिए उचित सुविधा मिल सके।

# अस्पतालों में तेजाब पीड़ितों के मुफ्त इलाज कराने को लेकर बोर्ड लगाए जाएं : जस्टिस प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एसिड अटैक के पीड़ितों को सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मुहैया कराने का प्रावधान है। उनके कानूनी अधिकारों की उन्हें समुचित जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे इसका लाभ उठा सकें। ये बातें पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद ने कही। जस्टिस प्रसाद बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की तरफ से तेजाब पीड़ितों को जागरूक करने को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इसमें नालसा (नेशनल लीगल सर्विस ऑथिरिटी) स्कीम, 2016 के स्तर से एसिड अटैक के शिकार लोगों को न्यायिक सेवाएं मुहैया कराने से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में इस तरह का एक बोर्ड लगाना चाहिए



जिस यह लिखा हो कि यहां एसिड अटैक के पीड़ितों का मुफ्त इलाज कराया जाता है। इसके लिए राज्य के स्वास्थ्य महकमा को सभी अस्पतालों को तुरंत निर्देश जारी करना चाहिए। महिला से जुड़े सभी प्रमुख अपराधों में मुफ्त इलाज करने का प्रावधान है। जस्टिस प्रसाद ने कहा कि कई मामलों में तेजाब पीड़ितों का मुफ्त इलाज करने वाले अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग के स्तर से समय पर राशि का भुगतान नहीं किया जाता है। ऐसे मामलों में भी सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तेजाब से पीड़ितों को समय पर चिकित्सीय सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही मुआवजा और कानूनी सलाह भी ससमय उपलब्ध कराई जाए। मुआवजा देने से संबंधित कई मामले 2015, 2016 से लंबित हैं, इनका निपटारा तुरंत कराने की जरूरत है। हर जिले में मुआवजा समेत अन्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कमेटी गठित है, लेकिन इनके समय पर बैठकें नहीं करने के कारण मामले लंबित पड़े हैं। बालसा ने इसके पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए आवंटित 9 करोड़ रुपये की राशि सरकार को वापस कर दी, यह दर्शाता है कि हम पीड़ितों के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। लोगों से कहा कि अगर राज्य समय पर मुआवजा नहीं दे रहे हैं तो वे कोर्ट आएं। उन्होंने कहा कि जिनके लिए काम करने का मौका मिला है, उनके लिए काम करें। ऐसा नहीं करने वाले भी उतने ही दोषी हैं जितने इन वारदातों को अंजाम देने वाले गुनहगार दोषी हैं। यह सिर्फ कानून का विषय नहीं है, बल्कि सवाल इसके प्रावधानों को लागू करने का है जो लोग उच्च पदों पर बैठे हैं, उनमें इस मामले को लेकर अधिक संवेदनशीलता पैदा करने की जरूरत है। इस मौके पर पटना हाईकोर्ट के जस्टिस मोहित कुमार साह ने कहा कि नए कानून में एसिड अटैक के दोषियों को कम से कम 10 वर्ष और अधिकतम उम्र कैद तक की सजा का प्रावधान है।

# मगही लघु फिल्म महोत्सव में 48 फिल्मों की एंट्री, 'दोस्ती' को मिला प्रथम पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मगही कनेक्शन के तत्वावधान में मगही भाषा और संस्कृति को देने के उद्देश्य से आयोजित मगही महोत्सव के दूसरे दिन मगही फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दरम्यान मगही लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की गई, दिसंबर 2025 में घोषित इस प्रतियोगिता में कुल 48 फिल्मों की प्रविष्टि आई थी। प्रतियोगिता के लिए निर्णायक मंडल में प्रसिद्ध फिल्म पटकथा लेखक शैबाल जी, बॉलीवुड फिल्मों के निर्देशक अभिलाष शर्मा और फिल्म अभिनेता बुल्लू कुमार शामिल रहे। प्रतियोगिता में सामाजिक सरोकारों पर आधारित फिल्मों ने खास प्रभाव छोड़ा। प्रथम पुरस्कार 'दोस्ती' फिल्म को दिया गया जो एक साधारण गांव की पृष्ठभूमि में लड़कियों की शिक्षा के महत्व को दर्शाती है। द्वितीय स्थान महिलाओं पर केंद्रित फिल्म 'एक कप चाह' को मिला जबकि तृतीय स्थान भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित फिल्म




'आशाएं' को दिया गया। इसके अलावा 'लॉस्ट', 'शहर से निमन गांव' और 'बनकहि' को प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लघु फिल्म के विजेताओं को प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. कुमार राजेश रंजन, वरिष्ठ फ़िल्म पटकथा लेखक शैबाल जी, स्वाहा फिल्म के निर्देशक अभिलाष शर्मा, पाहुन हॉलीडेज के आदित्य, मगही महोत्सव के रविशंकर उपाध्याय, विजेता चंदेल व विद्या सागर ने सम्मानित किया।

**गया घराने की परंपरा और संगीत पर चर्चा**

महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत गया घराने के इतिहास पर आधारित बातचीत और गायकी के कार्यक्रम से हुई। गया घराने के प्रसिद्ध गायक राजन सिजुआर ने कहा कि पुरबिया गायकी में ठुमरी की चर्चा गया घराने के बिना अधूरी है। उन्होंने हारमोनियम वादन में सोनी जी के योगदान को भी विशेष बताया और कहा कि उन्होंने वादन की एक अलग शैली विकसित की। राजन जी ने सुझाव दिया कि बिहार के हर प्रमंडल में संगीत शिक्षा के लिए गुरुकुल खोले जाने चाहिए जहां बच्चों को छात्रवृत्ति देकर विभिन्न संगीत विधाओं की शिक्षा दी जा सके, ताकि हमारी सांस्कृतिक विरासत संरक्षित रह सके।

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित हुए रेलकर्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय दानापुर में पदस्थापित तथा रेल कर्मियों एवं अधिकारियों के बीच में समान रूप से लोकप्रिय अभिषेक कुमार को महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के द्वारा विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार - 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें वर्ष 2025 के दौरान किए गए बेहतर प्रदर्शन के लिए दिया गया है। मुख्य प्रचार निरीक्षक के रूप में अपना योगदान देते हुए नियमित रूप से प्रेस विज्ञप्ति आदि के माध्यम से आम जनता के बीच पूर्व मध्य रेल की सकारात्मक छवि



बनाए रखने तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से मधुर संबंध बनाए रखते हुए उनके माध्यम से पूर्व मध्य रेल की उपलब्धियों को आम जनमानस तक पहुंचाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

# घर-घर पहुंचे बापू का संदेश, स्वच्छ और सुंदर हो अपना देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वच्छ सर्वेक्षण में भागीदारी बढ़ाने तथा स्वच्छ पटना, सुंदर पटना के लिए युवाओं को कम करने के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा घर के जे.डी वीमेंस कॉलेज में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन पटना नगर निगम स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत तथा जानकी देवी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कोऑर्डिनेटर डॉ. हिना रानी ने किया। सात दिवसीय कैंप के दौरान पांचवें दिन पूरा फोकस



स्वच्छता तथा स्वच्छ भारत अभियान पर रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चलने वाले कैंप के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मीरा कुमारी मैडम ने सामुदायिक सेवा के महत्व को समझाया। साथ ही छात्राओं को एकजुट होकर सेवा के लिए तत्परता से कार्य करने की आदत व्यक्तिगत जीवन में उतारने की सलाह दी। एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ हिना रानी एवं डॉ मंजरी नाथ ने छात्राओं के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान को तत्परता के साथ चलाने की जरूरत पर बल दिया। कार्यक्रम के लिए 50 स्वयं सेवकों का चयन किया गया। पटना नगर निगम और जेडी वुमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। स्वच्छता जागरूकता अभियान में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को पटना नगर निगम की ओर से सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया जिनमें वंदना सिंह धात्री चंद्र, अनुष्का, अंशु कुमारी, अमीषा कुमारी, सलोनी कुमारी, तुलसी, खुशी, अर्चना कुमारी,नेहा कुमारी, आकांक्षा कुमारी, पिंकी कुमारी, अंशिका कुमारी, अंतरा कुमारी, कोमल कुमारी, सोनी खातून, प्रीति कुमारी, ईशा कुमारी, शानवी पोद्दार, संस्कृति राठौर, येशु कुमारी, जिया सिंह, अलीशा परवीन, आलिया परवीन, श्रुति कुमारी, राज लक्ष्मी कुमारी, गुड़िया कुमारी, सुफिया परवीन, अलीशा रानी, अक्षरा कुमारी, मुस्कान कुमारी, शांभवी कुमारी, सौम्या चौहान, प्रियंका कुमारी, अनामिका झा, पूजा कुमारी, राधा प्रियदर्शनी, गुंजा कुमारी, निकिता कुमारी, निहारिका कुमारी, सानिया कुमारी, श्रुति कुमारी, श्वेता राज, अपराजिता, तेजस्विनी कुमारी, सुमेधा कुमारी, मेहर परवीन, मधु कुमारी, खुशी सिंह और सौम्या कुमारी शामिल रहे।

# तीन दिवसीय महावीर जयंती के प्रथम दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** तीन दिवसीय महावीर जयंती के प्रथम दिवस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन जैन संघ के विजय कासलीवाल, बिनोद पहाड़िया, पूनम सिंघी, रमेश कामदार, मुकेश जैन, सुबोध जैन, संजय जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ द्वारा भगवान महावीर के जीवन पर आधारित भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निकिता गंगवाल एवं अन्य महिलाओं द्वारा मंगलाचरण के साथ हुआ। मंगलाचरण के पश्चात नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके उपरांत भगवान महावीर का गुणगान किया गया तथा महावीर जयंती पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा की



झलक मंच पर सिद्धार्थ जैन के नेतृत्व में प्रस्तुत की गई। सोनू एवं संगीता के नेतृत्व में महिलाओं ने 'वीर झूले वीर झूले-पालना में हमारे छोटे से महावीर झूले' गीत पर मनमोहक भाव नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद भगवान महावीर के जीवन की विभिन्न झलकियों को नृत्य-नाटिका के माध्यम से दर्शाया गया। भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर 'बाजे कुण्डलपुर में बधाई' गीत पर योशिया एवं शैली ने अपनी सहेलियों के साथ आकर्षक नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। इस अवसर पर बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पूर्वी, मोहक एवं अन्य बाल कलाकारों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मीठापुर की बालिकाओं द्वारा 'रग-रग में दौड़ता है नमोकार' गीत पर नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई। साधना एवं पूनम ने 'वीर जन्मे, गाओ बधाई, खुशियां मनाओ' गीत पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके पश्चात महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से 'आओ आओ पधारो हे जिनवर' गीत गाकर भगवान का आह्वान किया गया तथा सामूहिक आरती की गई।जैन संघ के मीडिया सचिव एम.पी. जैन ने बताया कि पूरे सांस्कृतिक कार्यक्रम का निर्देशन, संयोजन एवं प्रस्तुति जैन संघ की महिला सदस्यों–सरला छाबड़ा जैन, अर्चना जैन, तृप्ति टोंग्या, विनल छाबड़ा, सोनू गंगवाल जैन, कल्पना जैन सेठी, ममता छाबड़ा जैन सहित अन्य के द्वारा किया गया।

# मैट्रिक पास छात्रों के लिए बड़ी पहल

## कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में सीखें कम्प्यूटर कोर्स

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वैशाली (बिहार)।** मैट्रिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने एक सराहनीय पहल की है। संस्थान द्वारा सफल विद्यार्थियों को मुफ्त कम्प्यूटर कोर्स उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है जिससे वे डिजिटल युग में अपने कैरियर को मजबूत बना सकें। इस अवसर पर एकेडमी के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि मैट्रिक की सफलता छात्रों के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन वर्तमान समय में कम्प्यूटर ज्ञान के बिना आगे बढ़ना कठिन है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से संस्थान ने यह निर्णय लिया है कि अधिक से अधिक छात्रों को निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने आगे कहा कि इस कोर्स के तहत छात्रों को बेसिक कम्प्यूटर, एमएस ऑफिस, इंटरनेट, टाइपिंग एवं अन्य आवश्यक डिजिटल स्किल्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे वे उच्च शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। संस्थान प्रबंधन के अनुसार यह पहल खासकर आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई



है, ताकि कोई भी छात्र तकनीकी शिक्षा से वंचित न रह जाए। नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इच्छुक छात्र-छात्राएं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में जाकर जानकारी प्राप्त कर नामांकन ले सकते हैं। संस्थान ने बताया कि सीटें सीमित हैं, इसलिए छात्र जल्द से जल्द नामांकन सुनिश्चित करें। अंत में डॉ. झा ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने भविष्य को डिजिटल रूप से सशक्त बनाएं।

# नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव से डॉ ध्रुव ने की शिष्टाचार भेंट, पुस्तकें अर्पित कीं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य एवं नालंदा कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार ने रविवार को नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव से शिष्टाचार भेंट उन्हें नालंदा कॉलेज परिवार की ओर से शुभकामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ ध्रुव ने नंद किशोर यादव को हिमांशु कुमार लिखित पुस्तक 'नरेंद्र मोदी के पांच प्रण', चितरंजन सावन्त लिखित पुस्तक 'वैदिक विचार', स्व लिखित लघुकथाओं का संग्रह 'लकीर के उस पार' एवं नालंदा कॉलेज की वार्षिक डायरी भेंट की। मुलाकात के दौरान महामहिम ने डॉ ध्रुव से नालंदा कॉलेज एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं पटना की साहित्यिक- सांस्कृतिक गतिविधियों की चर्चा की। डॉ ध्रुव ने उम्मीद जताई की कि नंद किशोर यादव की मौजूदगी से नागालैंड सहित उत्तर-पूर्व के प्रदेशों में राष्ट्रभाषा हिंदी और समृद्ध होगी।

# डॉ आरती को प्रयागराज में मिला 'सुभद्रा कुमारी चौहान सम्मान'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** साहित्यिक संस्था 'गुफ्तगू' द्वारा 28 और 29 मार्च को 'प्रयागराज लिटरेरी फेस्टिवल-2026' का आयोजन आर्य कन्या इंटर कॉलेज (अंग्रेजी माध्यम) स्थित पिंक हाल में किया गया। इस समारोह में मुजफ्फरपुर शहर की डॉ आरती कुमारी को साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'सुभद्रा कुमारी चौहान अवार्ड' 2026 से सम्मानित किया गया। उन्हें मुख्य अतिथि सौरभ श्याम शमशेरी (इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति),




कार्यक्रम अध्यक्ष रजा मुराद (फिल्म अभिनेता) , विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से शॉल, श्रीफल, मेमेंटो, एवं सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ इम्तियाज अहमद गाजी ने सभी सम्मानित साहित्यकारों का परिचय दिया और धन्यवाद ज्ञापन किया। माड़ीपुर स्थित डॉ आरती कुमारी वर्तमान में मुजफ्फरपुर के रामदयालु सिंह महाविद्यालय में अंग्रेजी की सहायक प्राध्यापक हैं।

# पान किसानों की समृद्धि की ओर बड़ा कदम

## वैज्ञानिक खेती, अनुदान और पारदर्शी चयन से बढ़ेगी आय : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पान उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने और पारंपरिक पान उत्पादन को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने 'पान विकास योजना' के शुभारंभ की घोषणा की। उन्होंने बताया कि चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत इस महत्वाकांक्षी योजना को वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2026-27 तक दो वर्षों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री ने कहा कि बिहार अपने विशिष्ट पान स्वाद, विशेषकर मगही एवं देशी पान के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। इस योजना के माध्यम से इन पारंपरिक किस्मों के क्षेत्र विस्तार, वैज्ञानिक उत्पादन तथा किसानों की आय में वृद्धि पर विशेष बल दिया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि इस योजना के तहत राज्य के 12 पान उत्पादक जिलों-औरंगाबाद, गया, शेखपुरा, वैशाली, नालंदा, नवादा, सारण, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मुंगेर एवं दरभंगा के इच्छुक किसानों को सहायतानुदान प्रदान किया जाएगा। इससे पान की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत मगही एवं देशी पान की खेती करने वाले व्यक्तिगत कृषकों एवं एफपीसी के सदस्यों को 100 वर्गमीटर (0.01 हेक्टेयर) क्षेत्र के लिए प्रति कृषक 11,750 रुपये का सहायतानुदान दिया जाएगा। लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। मंत्री ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसानों का पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक किसान उद्यान निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 'पान विकास योजना' के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 20 मार्च 2026 से शुरू हो चुकी है तथा 20 अप्रैल 2026 तक आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि उद्यान निदेशालय द्वारा किसानों को प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पान उत्पादन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# रोटरी क्लब ने किया वॉकाथॉन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पटना के सभी रोटरी क्लब एवं जिलापाल रोटेरियन नम्रता के कुशल नेतृत्व में 'चलो दिल से' शीर्षक से वॉकाथॉन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इनकम टैक्स गोलंबर से 7 बजे वॉकाथॉन के साथ हुआ जिसे मंत्री अशोक चौधरी एवं पटना के जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन ने गुलाबी झंडी दिखाकर रवाना किया। वॉकाथॉन में रोटरी इंटरनेशनल के महिला सशक्तिकरण एवं समाज के समग्र




विकास हेतु किए जा रहे मानवीय कार्यों को प्रदर्शित करने वाली आकर्षक झांकी तथा कैंसर जागरूकता रथ भी शामिल था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री अशोक चौधरी, बिहार वॉकाथान में साथ-साथ चले। इस वॉकाथान में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं एवं पटना के सभी रोटरी क्लबों के रोटेरियनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जो लैंगिक समानता और सामाजिक प्रगति के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता दर्शाती थी।

# किसना ने किया कंकड़बाग में एक्सक्लूसिव शोरूम लांच



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने बिहार में अपने 16वें एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन पटना के कंकड़बाग स्थित आरके प्लाजा, मेन रोड पर किया। शोरूम का उद्घाटन हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया, एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर्स राज कुमार राय एवं प्रगति कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस भव्य उद्घाटन के अवसर पर किसना ने विशेष उद्घाटन ऑफर की घोषणा की है जिसमें शोरूम लॉन्च के दिन डायमंड ज्वेलरी पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। साथ ही फेस्टिव सीजन के तहत 'अक्षय हैप्पीनेस कैंपेन' के अंतर्गत 'द बिगेस्ट फेस्टिव ऑफर' भी पेश किया गया है जिसमें डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी पर कई आकर्षक ऑफर्स शामिल हैं जो ग्राहकों को त्योहारों के जश्न के साथ खरीदारी के लिए आमंत्रित करते हैं।

# 'अहसास के रंग नाट्योत्सव के संग' का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अहसास कलाकृति, पटना द्वारा आयोजित दो दिवसीय अहसास के रंग नाट्योत्सव के संग का भव्य शुभारंभ गंगा भवन, जनता रोड, गर्दनीबाग, पटना में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. भगवान दास ने दीप प्रज्वलित कर किया। नाट्योत्सव की पहली प्रस्तुति द क्रिएटिव आर्ट थिएटर वेलफेयर सोसाइटी, पटना द्वारा मंचित नाटक जो लौट नहीं सकते रही। यह नाटक प्रमोद कुमार सिंह द्वारा लिखित एवं सैयद अता करीम के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया। नाटक ने दर्शकों को



गहराई से प्रभावित किया। इसमें नायक किसन के माध्यम से पलायन के दर्द को मार्मिक रूप से दर्शाया गया। यह प्रस्तुति उस कठोर सच्चाई को उजागर करती है कि गांवों और कस्बों से रोजगार की तलाश में शहरों की ओर जाने वाले अनेक मजदूर परिस्थितियोंवश अपने घर वापस नहीं लौट पाते और शोषण, उपेक्षा तथा कठिनाइयों के बीच शहर की भीड़ में खो जाते हैं। इस नाटक में कुमार मानव, मंतोष कुमार, अर्चना कुमारी, विजय कुमार चौधरी, राजू कुमार, भुनेश्वर कुमार, बलराम कुमार और मयंक कुमार ने प्रभावशाली अभिनय किया।

## संपादकीय

# दुनिया में गहरा रहा जल संकट, आई डरावनी चेतावनी

दुनिया में बढ़ता जल संकट चिंता का विषय बना हुआ है। अगला विश्व युद्ध पानी के लिए लड़े जाने की भविष्यवाणियां तक की जा चुकी हैं। संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय के जल, पर्यावरण और स्वास्थ्य संस्थान के शोधकर्ताओं की हाल में आई एक रपट इन चिंताओं को और गंभीर रूप दे रही है। इसमें कहा गया है कि पिछले कई दशकों के दौरान जल के अत्यधिक दोहन, सिमटते भूजल स्रोतों, भूमि क्षरण, बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से उपजी बाधाओं की वजह से दुनिया अब जल संकट की अवस्था से आगे बढ़कर 'वैश्विक जल दिवालियापन' की स्थिति में कदम रख चुकी है।जब कोई इंसान दिवालिया होता है, तो उसके पास पैसा नहीं बचता, घर तक गिरवी हो जाता है और विश्वसनीयता खत्म हो जाती है। बड़ा सवाल यह है कि अगर दुनिया पानी के लिहाज से दिवालिया हो गई, तो क्या होगा? रपट में शोधकर्ताओं ने जो कुछ कहा है, उसका मतलब यह नहीं कि दुनिया से पानी अचानक खत्म हो जाएगा, बल्कि जिस ढंग से जल का अंधाधुंध दोहन और प्रदूषण बढ़ रहा है, उससे जल व्यवस्था की रीढ़ टूटनी शुरू हो गई है। समूचे विश्व में बहुत पहले से जल संकट की चर्चा होती रही है, मगर इसे एक ऐसे झटके की तरह देखा जाता रहा है, जिससे समय के साथ उबरा जा सकता है। अगर जल संकट के बारे में चेतावनी दी जाती रही है, तो यह भरोसा भी दिलाया जाता रहा है कि फिर से अच्छी बरसात होगी, जल का स्तर सुधर जाएगा और हालात पुनः सामान्य हो जाएंगे।मगर नई रपट ने इस भरोसे पर सवालिया निशान लगा दिया है। रपट में साफ कहा गया है कि विश्व की जल आपूर्ति प्रणाली कई जगहों पर पतन के दौर में पहुंच चुकी है। अनेक क्षेत्रों में पानी की कमी अब स्थायी स्वरूप लेती जा रही है। यह स्थिति केवल पानी की कमी की नहीं, बल्कि व्यवस्था के टूटने की ओर संकेत करती है। ऐसे में अब हमें पानी के बारे में अपने सोचने का ढंग बदलना होगा।अब तक जल संकट को एक अस्थायी समस्या माना जाता रहा है। अकाल पड़े, परेशानियां आईं, मगर कुछ साल बाद हालात सुधर गए।

**सरकारी स्कूलों में एक कक्षा में 60-70 बच्चे बैठते हैं, जहाँ शिक्षक का ध्यान हर बच्चे पर देना असंभव हो जाता है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की इतनी भीड़ होती है कि डॉक्टर को एक मरीज को देखने के लिए मुश्किल से दो मिनट मिलते हैं। बढ़ती आबादी के कारण सरकार चाहकर भी हर व्यक्ति तक अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा नहीं पहुँच पाती। भारत आज दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है। 2024 में भारत की जनसंख्या लगभग 145 करोड़ को पार कर गई है। यह एक ऐसी समस्या है जो देश के विकास, संसाधनों, पर्यावरण और लोगों के जीवन स्तर पर सीधा असर डालती है। एक तरफ जहाँ देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ बढ़ती आबादी उस तरक्की को खा जा रही है। सड़कों पर भीड़, अस्पतालों में लंबी कतारें, स्कूलों में जगह की कमी और बेरोजगारी– ये सब बढ़ती जनसंख्या के प्रत्यक्ष परिणाम हैं। इस लेख में हम बढ़ती जनसंख्या से होने वाले नुकसानों को समझेंगे और उन पारंपरिक विचारधाराओं का खंडन करेंगे जो अधिक संतान पैदा करने को प्रेरित करती हैं।**

# जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता- बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम और पारंपरिक भ्रांतियाँ

**(डॉ. शैलेश शुक्ला )**

बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणामः गरीबी और भुखमरीः जब किसी परिवार में कमाने वाला एक होता है और खाने वाले दस, तो गरीबी अपने आप आ जाती है। यही बात पूरे देश पर लागू होती है। भारत में उत्पादन बढ़ रहा है, लेकिन उससे कहीं ज्यादा तेजी से आबादी बढ़ रही है। नतीजा यह होता है कि प्रति व्यक्ति आय कम रह जाती है। करोड़ों लोग आज भी दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहे हैं। गरीबी का सीधा संबंध अधिक जनसंख्या से है।

बेरोजगारी - हर साल लाखों युवा पढ़-लिखकर नौकरी ढूँढने निकलते हैं, लेकिन नौकरियाँ उतनी तेजी से नहीं बढ़तीं जितनी तेजी से लोग बढ़ रहे हैं। एक सरकारी पद के लिए लाखों आवेदन आते हैं। इससे निराशा, अपराध और सामाजिक अस्थिरता बढ़ती है। अगर जनसंख्या नियंत्रित होती तो हर हाथ को काम मिलना आसान होता।

शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझ- सरकारी स्कूलों में एक कक्षा में 60-70 बच्चे बैठते हैं, जहाँ शिक्षक का ध्यान हर बच्चे पर देना असंभव हो जाता है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की इतनी भीड़ होती है कि डॉक्टर को एक मरीज को देखने के लिए मुश्किल से दो मिनट मिलते हैं। बढ़ती आबादी के कारण सरकार चाहकर भी हर व्यक्ति तक अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा नहीं पहुँचा पाती।

पर्यावरण का विनाश- ज्यादा लोग यानी ज्यादा जमीन की जरूरत, ज्यादा पानी की खपत, ज्यादा प्रदूषण और ज्यादा कचरा। जंगल काटकर बस्तियाँ बसाई जा रही हैं, नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, भूजल का स्तर गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन का एक बड़ा कारण अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि है। अगर यही रफ्तार जारी रही तो आने वाली पीढ़ियों को साफ पानी और स्वच्छ हवा भी नसीब नहीं होगी।

आवास और शहरीकरण की समस्या- शहरों में जगह कम पड़ रही है। मुंबई, दिल्ली जैसे शहरों में झुग्गी-झोपड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। लोग तंग और अस्वच्छ जगहों पर रहने को मजबूर हैं। ट्रैफिक जाम, पानी की कमी और बिजली की समस्या – ये सब अधिक जनसंख्या का ही नतीजा है।

अपराध और सामाजिक अशांत- जब लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं होतीं तो अपराध बढ़ता है। भूख, बेरोजगारी और निराशा लोगों को गलत रास्ते पर धकेलती है। अधिक जनसंख्या वाले इलाकों में चोरी, लूट और हिंसा की घटनाएँ ज्यादा देखी जाती हैं।

पारंपरिक भ्रांतियाँ और उनका खंडन- हमारे समाज में कई ऐसी पुरानी मान्यताएँ प्रचलित हैं जो लोगों को अधिक संतान पैदा करने के लिए प्रेरित करती हैं। इन मान्यताओं की जड़ें धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं में हैं। आइए इन भ्रांतियों को एक-एक करके समझें और उनका तर्कपूर्ण खंडन करें।

भ्रांति 1ः संतान से मोक्ष मिलता है- यह सबसे प्रचलित मान्यता है कि पुत्र के बिना मोक्ष नहीं मिलता। कहा जाता है कि पुत्र पिंडदान करेगा तो पूर्वज मुक्त होंगे। इस मान्यता के कारण लोग बेटे की चाह में कई संतानें पैदा करते रहते हैं।

खंडन - अगर हम धर्मग्रंथों को गहराई से पढ़ें तो मोक्ष कर्म, ज्ञान और भक्ति से मिलता है, संतान की संख्या से नहीं।



भगवद्गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि मोक्ष का मार्ग निष्काम कर्म और आत्मज्ञान है। कोई भी धर्मग्रंथ यह नहीं कहता कि जिसके ज्यादा बच्चे होंगे, उसे ज्यादा पुण्य मिलेगा। मोक्ष व्यक्ति के अपने आचरण, सदाचार और आध्यात्मिक साधना पर निर्भर करता है। अगर संतान से ही मोक्ष मिलता तो संन्यासियों, साधुओं और ऋषि-मुनियों को मोक्ष कैसे प्राप्त होता? शंकराचार्य, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद – इन सबने संतान नहीं उत्पन्न की, फिर भी ये महापुरुष माने गए।

भ्रांति 2- बेटा जरूरी है, बेटी से काम नहीं चलता ः समाज में यह धारणा गहरी जड़ें जमाए बैठी है कि बेटा वंश आगे बढ़ाता है, बुढ़ापे का सहारा बनता है और अंतिम संस्कार करता है। इसलिए लोग बेटे की चाह में बच्चे पैदा करते रहते हैं।

खंडन - आज के समय में बेटियाँ हर क्षेत्र में बेटों से आगे निकल रही हैं। चाहे सेना हो, अंतरिक्ष हो, खेल हो या प्रशासन – बेटियाँ हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं। कई बेटियाँ अपने माता-पिता की बुढ़ापे में बेटों से बेहतर देखभाल करती हैं। रही बात अंतिम संस्कार की, तो आज कानूनी रूप से बेटी को भी यह अधिकार प्राप्त है। जो लोग बेटे की चाह में पाँच-छह बेटियाँ पैदा कर देते हैं, वे न उन बेटियों को अच्छी शिक्षा दे पाते हैं, न अच्छा जीवन। यह कोई समझदारी नहीं, बल्कि मूर्खता है।

भ्रांति 3 - ज्यादा बच्चे यानी बुढ़ापे का सहारा ः कई लोग सोचते हैं कि जितने ज्यादा बच्चे होंगे, बुढ़ापे में उतना ज्यादा सहारा मिलेगा। उनका मानना है कि एक-दो बच्चे हुए तो कौन देखभाल करेगा। खंडन - सच्चाई यह है कि आज के समय में ज्यादा बच्चे होने का मतलब ज्यादा सहारा नहीं, बल्कि ज्यादा खर्चा और ज्यादा चिंता है। अगर आप दो बच्चों को अच्छी शिक्षा देते हैं, उन्हें संस्कारवान बनाते हैं, तो वे दो बच्चे दस बच्चों से बेहतर देखभाल करेंगे। दूसरी तरफ, अगर पाँच-छह बच्चे हों और किसी को भी अच्छी शिक्षा या संस्कार न मिले, तो वे सब मिलकर भी बुढ़ापे में सहारा नहीं बन पाएँगे। आज वृद्धाश्रमों में ऐसे बहुत से बुजुर्ग हैं जिनके चार-पाँच बच्चे हैं, लेकिन कोई उनकी सुध लेने वाला नहीं।

भ्रांति 4 - संतान ईश्वर की देन है, रोकना पाप है ः कुछ लोगों का मानना है कि संतान ऊपर वाले की मर्जी से आती है और इसे रोकना ईश्वर की इच्छा के विरुद्ध है। इसलिए वे परिवार नियोजन को पाप मानते हैं।

खंडन - ईश्वर ने इंसान को बुद्धि भी दी है। अगर हम बुद्धि का उपयोग नहीं करेंगे तो यह ईश्वर की देन का अपमान होगा। ईश्वर ने हमें सोचने-समझने की शक्ति दी है ताकि हम सही फैसले ले सकें। जब कोई व्यक्ति अपनी आर्थिक हालत जानते हुए भी बिना सोचे-समझे बच्चे पैदा करता रहता है और फिर उन बच्चों को भूखा, अशिक्षित और बीमार रखता है – तो क्या यह ईश्वर की सेवा है? यह तो उन मासूम बच्चों के साथ अन्याय है। असली धर्म यह है कि जितने बच्चे पैदा करो, उन सबकी अच्छे से परवरिश करो। अगर यह संभव नहीं, तो संयम रखना ही सबसे बड़ा धर्म है।

भ्रांति 5 - परिवार नियोजन शरीर के लिए हानिकारक है

ग्रामीण क्षेत्रों में यह अफवाह बहुत फैली हुई है कि नसबंदी या गर्भनिरोधक उपायों से शरीर कमजोर हो जाता है, काम करने की ताकत खत्म हो जाती है या और भी कई तरह की बीमारियाँ हो जाती हैं।

खंडन - चिकित्सा विज्ञान ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि आधुनिक परिवार नियोजन के तरीके पूरी तरह सुरक्षित हैं। नसबंदी एक छोटी सी प्रक्रिया है जिसमें कोई खतरा नहीं होता। गर्भनिरोधक गोलियाँ और अन्य उपाय डॉक्टर की सलाह से लेने पर बिल्कुल सुरक्षित हैं। उलटा, बार-बार गर्भधारण से महिलाओं के शरीर को बहुत ज्यादा नुकसान होता है। कम उम्र में बार-बार माँ बनना महिलाओं में कमजोरी, खून की कमी और कई गंभीर बीमारियों का कारण बनता है।

**जनसंख्या नियंत्रण के उपाय :**जनसंख्या नियंत्रण कोई कठिन काम नहीं है, बस इसके लिए जागरूकता और इच्छाशक्ति चाहिए। सबसे पहले शिक्षा का प्रसार जरूरी है, खासकर लड़कियों की शिक्षा। जो परिवार शिक्षित होते हैं, वे खुद समझ जाते हैं कि छोटा परिवार ही सुखी परिवार है। परिवार नियोजन के साधनों को गाँव-गाँव तक पहुँचाना जरूरी है। सरकार को जागरूकता अभियान चलाने चाहिए जो धार्मिक भ्रांतियों को दूर करें। महिला सशक्तिकरण भी जनसंख्या नियंत्रण में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है – जब महिलाएँ आत्मनिर्भर होती हैं तो वे अपने शरीर और अपने परिवार के बारे में सही फैसले लेती हैं।

निष्कर्ष - बढ़ती जनसंख्या भारत की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यह गरीबी, बेरोजगारी, पर्यावरण विनाश और सामाजिक अशांति की जड़ है। पारंपरिक मान्यताएँ जैसे संतान से मोक्ष, बेटे की अनिवार्यता, ज्यादा बच्चे ज्यादा सहारा – ये सब भ्रम हैं जिनका कोई तार्किक या धार्मिक आधार नहीं है। असली धर्म यह है कि जो बच्चे हैं उनकी अच्छी परवरिश हो, उन्हें शिक्षा मिले, स्वास्थ्य मिले और एक सम्मानजनक जीवन मिले। यह तभी संभव है जब परिवार छोटा हो।

हमें पुरानी सोच को बदलना होगा। मोक्ष संतानों की संख्या से नहीं, अच्छे कर्मों से मिलता है। बेटे और बेटी में कोई भेद नहीं है। बुढ़ापे का सहारा ज्यादा बच्चे नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार वाले बच्चे होते हैं। परिवार नियोजन पाप नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार और समझदार कदम है। जब तक हम यह नहीं समझेंगे, तब तक न तो हमारा परिवार खुशहाल होगा और न ही हमारा देश। छोटा परिवार, सुखी परिवार – यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि जीवन का सत्य है। (लेखक वैश्विक समूह संपादक, सृजन संसार अंतरराष्ट्रीय पत्रिका समूह है।

# ईरान के लिए दिन-रात आंसू बहाने वाले कश्मीरी नेताओं ने कभी पंडितों के साथ क्यों नहीं दिखाई हमदर्दी?

**(नीरज कुमार दुबे)**

अगर मीरवाइज सच में अमन के दूत हैं, तो अपने दिल्ली दौरे के दौरान वह कश्मीरी पंडितों की कॉलोनियों में जाकर उनसे क्यों नहीं मिले? अगर मीरवाइज सच में अमन के दूत हैं तो क्या कश्मीरी पंडितों से मिलकर उनसे वापस अपने घर लौटने का आग्रह नहीं करना चाहिए था?

मीरवाइज उमर फारूक ने नयी दिल्ली में ईरान के राजदूत से मुलाकात कर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया और ईरान के साथ एकजुटता व्यक्त की। लेकिन सवाल यह है कि जब कश्मीरी पंडितों को घाटी से मार कर भगाया जा रहा था तब यह संवेदना कहां थी? तब अमन का पैगाम लेकर ये नेता सामने क्यों नहीं आए थे? क्या उस दौर में इंसानियत की जरूरत नहीं थी? क्या तब किसी प्रतिनिधिमंडल को कश्मीरी पंडितों के घरों तक जाने की फुर्सत नहीं मिली थी? सवाल उठता है कि क्यों आज अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर इतनी सक्रियता दिखती है, लेकिन अपने ही समाज के जख्मों पर सन्नाटा छा जाता है? क्या यह चयनात्मक संवेदनशीलता नहीं है? क्या एक धर्म विशेष के लिए ही एकजुटता दिखाना अब राजनीति का हिस्सा बन गया है?

अगर मीरवाइज सच में अमन के दूत हैं, तो अपने दिल्ली दौरे के दौरान वह कश्मीरी पंडितों की कॉलोनियों में जाकर उनसे क्यों नहीं मिले? अगर मीरवाइज सच में अमन के दूत हैं तो क्या कश्मीरी पंडितों से मिलकर उनसे वापस अपने घर लौटने का आग्रह नहीं करना चाहिए था? देखा जाये तो कश्मीर में ईरान के समर्थन में प्रदर्शन होते हैं, दान अभियान चलते हैं, बड़े नेता दूतावास पहुंचते हैं, लेकिन क्या कभी कश्मीरी पंडितों के लिए ऐसा कोई व्यापक अभियान चला? क्या उनके दर्द को उसी गंभीरता से लिया गया? सवाल उठता है कि आखिर यह दोहरा मापदंड क्यों है? क्यों एक समुदाय के मुद्दे पर भावनाएं उमड़ती हैं और दूसरे पर खामोशी छा जाती है? क्या संवेदनाएं भी चयनात्मक हो गई हैं?

जहां तक मीरवाइज के दिल्ली दौरे की बात है तो आपको बता दें कि श्रीनगर से कश्मीर के कई धार्मिक संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल नयी दिल्ली पहुंचा और ईरान के राजदूत से मुलाकात कर वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मीरवाइज उमर फारूक कर रहे थे। उन्होंने न केवल संवेदना व्यक्त की, बल्कि ईरान के लोगों के साथ एकजुटता भी दिखाई। प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका और इजराइल पर आरोप लगाते हुए युद्ध की निंदा की और शांति बहाल होने की उम्मीद जताई।

असली सवाल यहीं से शुरू होता है। क्या यह वही कश्मीर नहीं है जहां कभी हजारों कश्मीरी पंडितों को अपने घर छोड़ कर भागना पड़ा था। क्या यह वही घाटी नहीं है जहां उनके कत्लेआम की खबरें आई थीं। तब यह धार्मिक संगठन, यह मौलाना, यह नेता कहां थे। तब अमन का संदेश क्यों नहीं दिया गया। तब किसी प्रतिनिधिमंडल ने पंडितों के आंसू पोंछने की कोशिश क्यों नहीं की?

मीरवाइज उमर फारूक और उनके साथियों ने ईरान के साथ गहरे सांस्कृतिक और धार्मिक रिश्तों की बात कही। उन्होंने कश्मीर को ईरान ए सगीर तक बताया। यह बयान बताता है कि उनकी सोच किस दिशा में झुकी हुई है। लेकिन क्या उन्हें यह याद नहीं कि कश्मीर की पहचान केवल किसी एक धर्म से नहीं, बल्कि उसकी विविधता से रही है। कश्मीरी पंडित उस पहचान का अभिन्न हिस्सा थे और हैं।

दिल्ली में ईरानी राजदूत से मिलना, संवेदना जताना, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बयान देना आसान है। लेकिन क्या कभी इन नेताओं ने दिल्ली या देश के अन्य हिस्सों में बसे कश्मीरी पंडितों की कॉलोनियों में जाकर उनसे मुलाकात की। क्या उन्होंने कभी उन्हें वापस घाटी आने का भरोसा दिलाया। अगर मीरवाइज सच में अमन का पैगाम देना चाहते, तो उन्हें सबसे पहले अपने घर के जख्म भरने चाहिए थे।

यह भी गौर करने वाली बात है कि कश्मीर में खामेनेई की मौत के बाद बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए, दान अभियान चलाए गए, लोगों ने पैसा, सोना, यहां तक कि मवेशी तक दान दिए। राजनीतिक नेताओं ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया। महबूबा मुफ्ती, फारूक अब्दुल्ला जैसे बड़े नाम ईरानी दूतावास पहुंचे और अपनी संवेदना दर्ज कराई। यह सक्रियता बताती है कि एक खास मुद्दे पर कितनी तेजी से लामबंदी हो सकती है। लेकिन यही सक्रियता कश्मीरी पंडितों के मामले में क्यों नहीं दिखी? क्यों उनके दर्द को नजरअंदाज किया गया? क्यों उनके लिए कोई बड़े स्तर का अभियान नहीं चला, यही वह सवाल है जो आज कश्मीर के नेतृत्व की नीयत और प्राथमिकताओं पर गहरे संदेह खड़े करता है। सच यह है कि अमन का पैगाम चयनात्मक नहीं हो सकता। अगर आप सच में शांति चाहते हैं, तो आपको हर पीड़ित के साथ खड़ा होना होगा, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। केवल एक धर्म विशेष के साथ एकजुटता दिखाना और दूसरे की पीड़ा को अनदेखा करना न तो नैतिक है और न ही स्वीकार्य। आज जरूरत है कि कश्मीर के नेता आत्ममंथन करें। उन्हें यह समझना होगा कि असली परीक्षा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बयान देने में नहीं, बल्कि अपने ही समाज के घावों को भरने में है।

# धर्म की आड़ में अधर्म और अमानवीयता के धंधेबाज

**इक्कीसवीं सदी में पहुंच कर भी भारतीय समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी टोना टोटका डायन भूत प्रेत और बाबाओं के चमत्कार पर भरोसा रखता है इतना ही नहीं ये संत के चोले में छिपे शैतान न सिर्फ अरबों करोड़ों की संपत्ति इकट्ठा कर रहे हैं वरन हर तरह की पोपलीला भी टकर रहे हैं धर्म की आड़ में आर्थिक दैहिक शोषण बलात्कार, हत्या, ब्लैकमेलिंग करने जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देने वाले ढोंगी बाबाओं की सूची में अब एक नया नाम नासिक के अशोक खरात का जुड़ गया है। अशोक खरात की कहानी भी राम रहीम और आसाराम जैसे लोगों से अलग नहीं है। धर्म के नाम पर अपनी निजी जीवन की परेशानियों के निराकरण के लिए बाबा पर भरोसा कर आए लोगों को वाकजाल में फंसाना, उनसे धन ऐंठना और महिलाओं का यौन शोषण करना धंधा बन गया है ।**

**मनोज कुमार अग्रवाल**

अब सामने आया है कि लम्बे समय से ये अपराध होते रहें और ढोंगी व्यक्ति खुद को भगवान बताकर चमत्कार दिखाता रहे तो यह न स्वस्थ समाज की पहचान है, न स्वस्थ राजनीति और प्रशासन की। क्योंकि ताकतवर लोगों के प्रोत्साहन के बिना ठगी और अपराध की ऐसी दुकानें चल ही नहीं सकतीं। हो सकता है कि अभी पुलिस हिरासत में आए इस अपराधी को कुछ वक्त तक सलाखों के पीछे ही रहना पड़े, लेकिन इस समय ज्यादा चिंता की बात यह है कि समाज जिस तरह चमत्कारों, अंधविश्वासों और अतार्किक प्रथाओं की सलाखों में कैद है, उससे वह कब आजाद हो पाएगा।

कितनी बड़ी विडंबना है कि जिस महाराष्ट्र में संत तुकाराम संत नामदेव महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, जैसे महापुरुषों की कतार दी, वहां अशोक खरात लोगों को अंधविश्वास की आग फैलाने का मौका मिला। नरेन्द्र दाभोलकर जैसे लोग अंधश्रद्धा के खिलाफ आवाज उठाएं तो उनकी हत्या कर दी जाए और अशोक खरात जैसे लोग अंधश्रद्धा के बूते खुद को गॉडमैन कहलवाएं। यह बेहद हैरत की बात है क्योंकि सरकारें भी ऐसी बातों पर तभी एक्शन लेती है जब बात बहुत आगे बढ़ जाती है। यूं तो देश का राजनीतिक दल इस किस्म के बाबाओं से खुद को दूर रखा है, हर दल में ऐसे नेता मिल जाएंगे, जो ढोंगी चोगों को बढ़ावा देते रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों में समस्या कुछ ज्यादा बढ़ चुकी है, यह मानने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए।

आज जब राष्ट्रपति के गरिमामयी पद पर आसीन माननीय किसी संत के स्थान पर आकर कथित एकांतिक वार्तालाप के लिए समय दे रहीं हैं। ऐसे समय में समाज संत और कालनेमी संत की पहचान कैसे करे? विचारणीय बात यह है कि भगवद भक्ति में लगे लोगों को भौतिक चकाचौंध की दरकार क्यों होनी चाहिए। लेकिन इस सवाल की परतें खोलें तो समझ आता है कि ऐसे लोगों को न भगवदभक्ति से मतलब है, न धर्म की रक्षा से, इन्हें तो अपने उन राजनैतिक और व्यापारी आकाओं की सेवा करनी है, जिनके काले धन को धर्म के धंधे से ये सफेद करते हैं। अशोक खरात का मामला भी कुछ ऐसा ही लगता है।

ताज़ा जानकारी के अनुसार नासिक में कथित 'फर्जी बाबा' अशोक खरात के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नरबलि और अंधश्रद्धा से जुड़े गंभीर आरोपों में मामला दर्ज किया है. नासिक पुलिस ने खरात के खिलाफ अब तक कुल 8 एफआईआर दर्ज की हैं, जिससे इस मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। पुलिस ने आरोपी की लाइसेंसी रिवॉल्वर भी जब्त कर ली है और उसका लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, ताजा एफआईआर उस व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज की गई है, जिसके खिलाफ पहले अशोक खरात ने खुद मामला दर्ज कराया था। अब उसी व्यक्ति ने खरात पर संगीन आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में दावा किया गया है कि 2018 से 2025 के बीच आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर शिकायतकर्ता से भारी आर्थिक ठगी की आरोप है कि फरवरी 2020 से मार्च 2026 के बीच आरोपी ने एक महिला को अपने ऑफिस बुलाया। तांबे की बोतल में 'मंत्रित पानी' पिलाया गया। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान के नाम पर बार-बार शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता गर्भवती हुई तो बाद में गर्भपात के लिए दबाव डाला गया। मना करने पर जान और बच्चे को खतरे की धमकी दी गई। इस प्राथमिक रिपोर्ट में आरोप है कि 'दिव्य औषधि'के नाम पर महिला का मानसिक और शारीरिक शोषण किया गया।

स्वयंभू चमत्कारी बाबा यह शख्स अब महिलाओं के साथ शारीरिक शोषण, ब्लैकमेलिंग और करोड़ों की बेनामी संपत्ति बनाने के आरोपों में घिरा हुआ है। दरअसल 29 दिसंबर 2025 को अशोक खरात खुद वावी पुलिस स्टेशन पहुंचा और उसने शिकायत दर्ज कराई कि कुछ लोग उसके आपत्तिजनक फोटो और वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल कर रहे हैं। शुरुआत में मामला ब्लैकमेलिंग का लगा, लेकिन जब पुलिस ने जांच शुरू की तो मोबाइल डेटा और साइबर जांच में कोई ठोस सबूत नहीं मिला। जिन लोगों पर आरोप लगाए गए थे, उन्हें भी अदालत से राहत मिल गई। यहीं से पुलिस को शक हुआ कि मामला कुछ और ही है। करीब डेढ़ महीने बाद 18 फरवरी 2026 को शिर्डी से एक और शिकायत सामने आई। एक महिला ने आरोप लगाया कि उसे एआई से तैयार अश्लील फोटो भेजकर धमकाया गया। इसी दौरान एक अहम गवाह सामने आया, जिसने पुलिस को कुछ ऐसे वीडियो दिखाए जिनमें कई महिलाओं के साथ अशोक खरात की आपत्तिजनक हरकतें नजर आई।

आरोप है कि वह महिलाओं को धार्मिक झांसा देकर अपने जाल में फंसाता था और फिर उनका शोषण करता था। गवाह पहले डरा हुआ था, लेकिन पुलिस की सुरक्षा मिलने के बाद उसने ये सबूत सौंप दिए। मामला आगे बढ़ा तो 10 मार्च 2026 को अशोक खरात के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया और एयरपोर्ट पर उसे रोक दिया गया। फिर फड़नवीस सरकार ने 13 मार्च को एसआईटी गठित की और लगातार नए खुलासे सामने आने लगे। 17 मार्च को सरकारवाड़ा पुलिस स्टेशन में एक महिला ने बताया कि अशोक खरात ने खुद को दैवी शक्तियों वाला बताकर उसे अनुष्ठान के नाम पर अपने ऑफिस बुलाया। वहां उसे नशीला पदार्थ देकर बेहोश किया गया और उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया गया।

इस शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसके ठिकानों पर छापेमारी की गई, जहां से कई अहम सबूत मिले। आरोपी के पास से लाखों रुपये नकद, लैपटॉप, डिजिटल रिकॉर्डिंग डिवाइस और हथियार तक बरामद किए गए हैं। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, यह भी सामने आया कि आरोपी ने अलग-अलग जगहों पर करोड़ों की संपत्ति जमा कर रखी है। नासिक, शिर्डी, पुणे और पनवेल जैसे शहरों में जमीन, बंगले और फार्म हाउस उसके नाम या बेनामी रूप से जुड़े हुए पाए गए। कुल संपत्ति का अनुमान करीब 40 करोड़ रुपये से ज्यादा लगाया जा रहा है।

पुलिस का आश्वासन मिलने के बाद अब कई पीड़िताएं सामने आई हैं और जादूटोना, यौन शोषण और ब्लैकमेलिंग जैसे गंभीर आरोप खरात पर लगे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि एनसीपी अजित गुट की नेता और महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर का भी एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो अशोक खरात के पैर धोती दिखाई दे रही हैं। हालांकि अब देवेन्द्र फड़नवीस ने उचित कदम उठाते हुए चाकणकर से इस्तीफा ले लिया है। वहीं चाकणकर का भी कहना है कि वो आरोपी को 2019 से जानती थीं और उसके काले कारनामों से परिचित नहीं थी। लेकिन उन्हें यह भी बताना चाहिए कि किसी पुरुष के पैर धोने जैसे काम क्या राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को करना चाहिए। क्या इससे गैरबराबरी का संदेश नहीं जाता है। बहरहाल अब अशोक खरात तो पुलिस हिरासत में है, इस मामले में अब जांच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। पहले इस केस की आंच राजनीति तक पहुंची थी और अब प्रशासनिक अधिकारी भी इसकी चपेट में आते नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में मुंबई में उपजिलाधिकारी के पद पर कार्यरत अधिकारी अभिजीत भांडे पाटिल का तबादला कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गौरीडीह में भाजपा कार्यकताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्व को लेकर भाजपा कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं एवं आम लोगों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुना और प्रधानमंत्री के विचारों पर चर्चा की।गौरीडीह गांव में भाजपा के युवा नेता



ई० विकास तिवारी के आवास पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित लोगों ने पूरे मनोयोग से ह्यमन की बातह्व के 132वें एपिसोड को सुना। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेशों को जनहित में महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर ई० विकास तिवारी, देवकांत तिवारी, बलवंत साह, रितेश चौधरी, मनोज चौधरी, राजेश रजक, प्रशान्त चौहान, सुनील मंडल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने कार्यक्रम के विभिन्न बिंदुओं पर अपने विचार भी साझा किए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और तनावपूर्ण स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने पर संतोष जताते हुए संबंधित देशों का आभार प्रकट किया। साथ ही उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे अफवाहों से दूर रहें और एकजुटता बनाए रखें।

### बारसोई नगर पंचायत का 60.17 करोड़ का बजट पेश

**बारसोई/कटिहार (नबिटासं)।** नगर पंचायत बारसोई ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सुदृढ़ एवं संतुलित बजट पेश विशेष बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मुख्य पार्षद विमला देवी ने की। बैठक में मुख्य रूप से उपमुख पार्षद प्रमोद कुमार साहा मौजूद रहे।बैठक का संचालन नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार ने की। नगर पंचायत बारसोई ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सुदृढ़ एवं संतुलित बजट पेश करते हुए विकास की स्पष्ट दिशा तय कर दी है।



प्रस्तुत बजट में कुल 60 करोड़ 17 लाख 90 हजार 960 रुपए की अनुमानित आय दर्शायी गई है, जबकि 57 करोड़ 95 लाख 55 हजार 100 रुपए व्यय का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार नगर पंचायत ने 2 करोड़ 27 लाख 35 हजार 860 रुपए का अधिशेष बजट प्रस्तुत कर वित्तीय अनुशासन और बेहतर प्रबंधन का संकेत दिया है।बजट प्रस्तुति के दौरान नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार,मुख्य पार्षद श्रीमती विमला देवी ,उप मुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साह सहित सशक्त स्थायी समिति के सदस्य धर्मेंद्र सिंह,बेबी खातून एवं दीपक चंद्र दास मौजूद रहे।बैठक में नगर क्षेत्र के समग्र विकास को केंद्र में रखते हुए सड़क, नाली, पेयजल, सफाई व्यवस्था एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को और मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं,बल्कि नगरवासियों के बेहतर जीवन स्तर का रोडमैप है। पारदर्शिता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और हर वार्ड तक विकास पहुंचाने पर भी सहमति बनी। इस संबंध में मुख्य पार्षद विमला देवी, उप मुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साहा, नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि नगर पंचायत द्वारा प्रस्तुत यह अधिशेष बजट न केवल आर्थिक मजबूती को दशार्ता है, बल्कि आने वाले समय में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की संभावनाओं को भी बल देता है।

### बिजली चोरी गिरोह का भंडाफोड़

**बारसोई/कटिहार (नबिटासं)।** बारसोई थाना पुलिस ने एक संगठित चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्य सरकारी संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों से इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चुराकर कम दामों में बेचते थे। यह कार्रवाई 28 मार्च 2026 को बारसोई थानाध्यक्ष के निर्देश पर संचालित छापामारी अभियान में हुई। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि पुअनि राहुल कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि मौलानापुर निवासी हरि साह उर्फ बुधवा जो बिजली मिस्त्री का काम करता है। सरकारी संस्थानों से चोरी कर इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचता है। सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारियों को जानकारी दी गई और छापामारी दल का गठन किया गया।छापामारी में तीन मुख्य आरोपी पकड़े दोपहर 12:30 बजे ग्राम मौलानापुर में हरि साह उर्फ बुधवा के घर पर छापामारी की गई। पुलिस



बल को देखते ही तीन व्यक्ति भागने लगे। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गएआरोपियों के नामहरि साह उर्फ बुधवा ( 24)पिता नारायण साह मौलानापुर, बारसोई,अमर कुमार दा (28 )पिता रातो दास,मौलानापुर बारसोई एवं छोटू कुमार साह ( 28)पिता फुलकुमार साह, मौलानापुर बारसोई शामिल है । पूछताछ में हरि साह उर्फ बुधवा ने कबूल किया कि उसने अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर 23.03.26 की रात बारसोई नगर पंचायत द्वारा लगाया गया सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य सामान और 25.03.26 की रात मौलानापुर प्राथमिक विद्यालय से 10 सीलिंग फैन चुराए। चोरी के सामान को प्रत्येक को पाँच-पाँच सौ रुपये की दर से बेचा गया। 10 आरोपी गिरफ्तार, व्यापक छापेमारी हरि साह की निशानदेही पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते हुए पुलिस ने बाजार से खरीदार पप्पू कुमार साह पिता गणेश साह, रघुनाथपुर वार्ड-06 को भी गिरफ्तार किया। इसके बाद एक के बाद एक कई आरोपी पकड़े गए। कुल 10 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। हरि साह उर्फ बुधवा मौलानापुर, बारसोई अमर कुमार दास मौलानापुर, बारसोई, छोटू कुमार साह मौलानापुर, बारसोई पप्पू कुमार साह खरीदार रघुनाथपुर मो. हासिम रघुनाथपुर, बारसोई विष्णु कुमार रघुनाथपुर, बारसोई, राकीब आलम मो. मोहिद रघुनाथपुर, बारसोई चिन्टू कुमार शर्मा, मिनहाज, मरतुज, साडीबाड़ी, मिन्हाज निरंजन कुमार साह चूरी पट्टी मस्जिद चौक, बारसोई वार्ड-12 सीपी प्लस कैमरा व सीलिंग फैन बरामद बारसोई स्टेशन के पास स्थित एक दुकान पर तलाशी के दौरान सीपी प्लस कंपनी का एक सीसीटीवी कैमरा और जी व्यू कंपनी का डीवीआर बरामद हुआ। इसके अलावा विभिन्न स्थानों से कई सीलिंग फैन बजाज कंपनी के उजला रंग जप्त किए गए। सभी सामान चोरी का जान बूझकर खरीदा गया था। मामला दर्ज, जाँच जारी बारसोई थाना कांड संख्या 50/26, दिनांक 28.03.26 के तहत बीएनएस धारा 331(4)/305/317(2)/317(4)/317(5) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जाँच एसआइ रंजन कुमार यादव कर रहे हैं।

# बरारी में सांसद धर्मशीला गुप्ता का जोरदार स्वागत

## जनसमस्याओं पर हुई चर्चा, विकास का दिया भरोसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** नगर पंचायत बरारी में रविवार को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता का आगमन हुआ। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं सांसद का मुख्य पार्षद बबीता कुमारी यादव के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। उनके स्वागत में ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक उनका अभिनंदन किया। मुख्य पार्षद बबीता कुमारी यादव ने सांसद तथा उनके पति परशुराम गुप्ता को पुष्पमाला व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं पारंपरिक तरीके से आरती उतारकर स्वागत की रस्म पूरी की गई।आवास पर आयोजित बैठक के दौरान करीब आधे घंटे तक स्थानीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

इस दौरान मुख्य पार्षद ने नगर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और आवश्यक विकास कार्यों से सांसद



को अवगत कराया। सांसद ने इन समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव पहल करने का भरोसा दिलाया और संबंधित स्तर पर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता परशुराम गुप्ता मुख्य पार्षद बबीता कुमारी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि नीरज कुमार उर्फ हिटलर यादव, भाजपा युवा नेता राकेश पोद्दार, रजत कुमार कश्यप,अनिल ठाकुर,लालमुनी चौहान, सुब्रत कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, महिला-पुरुष एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि उनका यह दौरा ह्यमन की बातह्व कार्यक्रम और महिला मोर्चा की संगठनात्मक बैठकों को लेकर है। उन्होंने बताया कि 68-बरारी विधानसभा के बूथ संख्या 220, सुजापुर में वे नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्व कार्यक्रम में भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता हर बूथ पर सक्रिय होकर लोगों को इस कार्यक्रम से जोड़ रही हैं। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण,गरीब कल्याण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। जीविका समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद देश में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और स्थिरता को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया।अंत में उन्होंने बरारी के शांत माहौल और यहां के लोगों के स्नेह की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहेगी।

# बड़ी भैसदीरा में रामनवमी पर 72 घंटे का हरिनाम संकीर्तन आयोजित

■ विभिन्न मंडलियों ने भजनों से बांधा समां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड के बड़ी भैसदीरा चौक स्थित बजरंग बली मंदिर प्रांगण में रामनवमी के पावन अवसर पर 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति रस में डूबा नजर आया और जय श्रीराम व हरि नाम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

धार्मिक आयोजन का संचालन मंदिर कमिटी के अध्यक्ष मलखन ऋषि, उपाध्यक्ष रंजीत ऋषि, कोषाध्यक्ष सरयुग ऋषि, मूर्तिकार संजय ऋषि, पुजारी गुरुदेव साह, पंचायत समिति सदस्य छोटेलाल ऋषि, फेकन ऋषि, वार्ड सदस्य मुकेश कुमार, भाजपा युवा अध्यक्ष अखिलेश कुशवाहा,जदयू प्रखंड उपाध्यक्ष राकेश मेहता,बिंद्रेश्वर सिंह, सिकंदर ऋषि, विजय झा, अक्षय साह, पंकज मेहता एवं नंदकिशोर ऋषि सहित अन्य सदस्यों के सहयोग से किया गया। हर साल की तरह इस वर्ष भी हरिनाम संकीर्तन में विभिन्न मंडलियों ने भाग लिया।हरिचन्द्रपुर बंगाल, चपई हरदा, पचमा मुरलीधर एवं सीज टोला भैसदीरा मदन मंडली के दर्जनों कलाकारों ने दिन-रात भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर राधा-कृष्ण, राम-लक्ष्मण, सीता एवं बजरंग बली की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई, जिन्हें कमिटी के कलाकारों द्वारा ही तैयार किया गया। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया।आयोजकों ने बताया कि सोमवार को अपराह्न 3 बजे विधि-विधान के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस स्थान पर पिछले 15 वर्षों से लगातार इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# तीन सौ लीटर शराब बरामद, अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी थाना कांड संख्या 284/25 का प्राथमिकी आरोपी बालूटोला नवाबगंज निवासी जग्गा यादव ऊर्फ अमोद ऊर्फ कुमोद यादब को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल दिया। रविवार के दिन पुलिस को कई उपलब्धियां हाथ लगी।

वरीय अधिकारी से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक मे मनिहारी थानाध्यक्ष ने विशेष टीम गठित कर मनिहारी थाना कांड संख्या-284/25 दि० 16/11/25 के फरार प्राथमिकी अभियुक्त जग्गा यादव उर्फ अमोद कुमार यादव उर्फ कुमोद यादव (27) पिता जाबुन यादव उर्फ यमुना यादव नवाबगंज बालू टोला थाना मनिहारी जिला





कटिहार को विधिवत रूप से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। तो दूसरी ओर संध्या गश्ती के क्रम में ग्राम बौलिया वार्ड नं 16 से एक व्यक्ति मोहम्मद मंजूर (37) पिता मो. शाहिद बौलिया वार्ड नं 16 थाना-मनिहारी कटिहार को शराब के नशे में हल्लाझगुल्ला करने के आरोप में मनिहारी थाना कांड संख्या 92/26 दिनांक 28/03/26 धारा 37 बिहार प्रिवेंशन एंड एक्साइज ऐक्ट दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वही गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापामारी के क्रम में ग्राम सिंघल टोला मनिहारी से कुल 300 लीटर देसी शराब बरामद कर अज्ञात के विरुद्ध मनिहारी थाना कांड संख्या 93/26 दिनांक 29/03/26 धारा 30(ए )बिहार प्रिवेंशन एंड एक्साइज एक्ट दर्ज किया गया। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन में एसआई आशीष कुमार, अमित कुमार,विजय सिंह, पीएसआई पीयूष नंदन की सक्रिय भूमिका रही।

## दो बाइकों की टक्कर में चार घायल, दो रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** एनएच 31 बाघमारा पुल के पास रविवार की शाम दो बाइकों की आपसी भिड़ंत में चार लोग घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिये सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने इंदिरा ग्राम निवासी निरंजन कुमार (26) राणा कुमार (21) एवं बाघमारा निवासी सुमन कुमार (20) सहित एक अन्य का प्राथमिक उपचार किया। इलाज के बाद सुमन कुमार और निरंजन कुमार की गंभीर स्थिति को देख बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस बाइक जब्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गयी थी।

# मांगों को लेकर अनुमंडल परिसर में एक दिवसीय धरना 4 को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** नागरिक संघर्ष समिति मनिहारी की ओर से 04 अप्रैल को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक अनुमंडल कार्यालय परिसर में विभिन्न जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया है। समिति की ओर से प्रमुख मांगों में नगर पंचायत द्वारा मनिहारी,अमदाबाद के निवासियों से होल्डिंग टैक्स की वसूली हेतु धमकी भरे नोटिस दिए जा रहे हैं। जिसे तत्काल रोकने। होल्डिंग टैक्स की वसूली को पारदर्शी बनाने ,इसकी दर एवं मापदंड सार्वजनिक करने। नगर पंचायत क्षेत्र के नालों की शीघ्र सफाई कराने। प्रधानमंत्री आवास योजना में बढ़ती अनियमितताओं की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने। अंचल कार्यालय में नामांतरण के नाम पर बिचौलियों द्वारा हो रही अवैध वसूली पर रोक लगाने। हाल की आंधी एवं वर्षा से किसानों की फसल को हुए नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिये जाने जैसी मांग शामिल है। साथ ही भूमि सुधार उपसमाहर्ता के यहां लंबित म्यूटेशन अपील मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाने एवं संबंधित पदाधिकारी की नियुक्ति करने। प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में लंबित योजनाओं कन्या विवाह योजना, राशन कार्ड आदि का शीघ्र लाभ लाभुकों को देन व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग भी शामिल है।

# मजदूर पुत्र ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर किया नाम रौशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के वार्ड संख्या पांच चकमन गांव के रहने वाले निर्मल कुमार साह के पुत्र अमन कुमार ने मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा के परिणाम जारी होने पर उनके घरों में खुशी का माहौल हैं। क्योंकि दो अंक से बिहार टॉपर से अमन कुमार छूट गए। वहीं कटिहार में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर पंचायत, प्रखंड सहित जिले का नाम रोशन किया हैं।

इस बाबत राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल मरंगी के प्रधानाध्यापक रविकांत ने बताया कि अमन कुमार पढ़ने में काफी मेधावी हैं 479 मार्क्स लाकर मनसाही सहित कटिहार जिले में अपना नाम



रोशन किए हैं। वहीं वार्ड सदस्य विवेकानंद मंडल ने अमन कुमार को प्रथम श्रेणी से पास करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वहीं कटिहार जिले में टॉप किए अमन कुमार ने बताया कि मेरी निजी शिक्षण संस्थान में एमएस ग्लोबल साइंस एकेडमी कबीर आश्रम मनसाही में डायरेक्टर मस्कर राज की अगुवाई में भी तैयारी किए थे। जिसका परिणाम मिला हम 479 अंक लाकर कटिहार जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं। वहीं मुझे दो दिन पूर्व टॉप 10 पोजीशन में वेरिफिकेशन के लिए पटना बुलाया गया था। लेकिन मात्र दो अंक से पिछड़ गए। लेकिन मुझे मलाल नहीं हैं आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहते हैं। वहीं जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद ने अमन को बधाई दी। सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद कुमार रजक ने कहा कि मेरे विद्यालय से पढ़ाई कर अमन ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं। वहीं उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर की छात्रा आलिया 427 अंक उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मरंगी की छात्रा साक्षी कुमारी 427 लाकर पंचायत प्रखंड सहित जिले का नाम रोशन किया हैं।

# सामाजिक सरोकार से जुड़ी लघु फिल्म पलायन की शूटिंग जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार में बन रही सामाजिक सरोकार से जुड़ी लघु फिल्म पलायनह्व मार्मिक विषय पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुतिह्वहैं बिहार हूं एवं कोशी संगम इंटरटेनमेंट चैनल के संयुक्त तत्वावधान में विगत कई वर्षों से सामाजिक,सांस्कृतिक एवं समसामयिक विषयों पर आधारित लघु फिल्मों का सफल निर्माण किया जाता रहा है। इसी क्रम में पूर्व में निर्मित लघु फिल्म राम हाफिजह्वको कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इसके उपरांत छठ महापर्व पर आधारित फिल्म छठ माटी बुलाती है को भी विभिन्न फिल्म फेस्टिवल में



लगभग एक दर्जन पुरस्कार प्राप्त हुये ।अब इसी कड़ी में अगली प्रस्तुति के रूप में राजू दत्ता द्वारा लिखित एवं आलोक कुमार द्वारा निर्देशित लघु फिल्म पलायन की शूटिंग इन दिनों जोर-शोर से जारी है। यह फिल्म वर्ष 2024 में बांग्लादेश में हुए दंगों की पृष्ठभूमि पर आधारित है। जिसे अत्यंत मार्मिक एवं संवेदनशील ढंग से फिल्माया जा रहा है।

इस लघु फिल्म में लगभग दो दर्जन कलाकार अपनी भूमिका निभा रहे हैं। पिछले दो महीनों से अधिक समय से फिल्म की शूटिंग कटिहार जिले के विभिन्न स्थानों पर की जा रही है, जिसमें स्थानीय परिवेश और यथार्थ को बारीकी से दशार्ने का प्रयास किया गया है।कैमरा मनीष कुमार झा, अभिनव पॉल, प्रकाश एवं ध्वनि राहुल मंडल, मेकअप अंजलि कुमारी, बाल कलाकार अमन कुमार, दिव्यांशी कुमारी शामिल है।जबकि मुख्य भूमिका में डॉ. रिचा चौधरी,भावना सिंह,स्नेहा श्रीवास्तव, कौशिक कर, अनिल चमरिया, कुमार सत्यम आदि फिल्म की पूरी टीम समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ इस प्रोजेक्ट को एक सशक्त और भावनात्मक प्रस्तुति बनाने में जुटी हुई है। उम्मीद है कि पलायनह्व भी अपने पूर्ववर्ती फिल्मों की तरह राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में अपनी विशेष पहचान बनाएगी और दर्शकों के दिलों को गहराई से छुएगी।फिल्म को जल्द ही विभिन्न फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किए जाने की योजना है।

# घर का ताला तोड़कर नगद जेवरात सहित लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोलापुर गांव में बदमाशों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर से करीब 30 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और लगभग एक से डेढ़ लाख रुपये नगद लेकर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, यह घर राजीव कुमार और अविनाश कुमार का है, जो दोनों सरकारी सेवा में कार्यरत हैं। राजीव कुमार रेलवे में तथा अविनाश उद्योग विभाग में पदस्थापित हैं। काम के सिलसिले में दोनों भाई बाहर रहते हैं, जिसके कारण घटना के समय घर खाली था। चोरों ने सूने घर का फायदा उठाते हुए मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आराम से घर के सभी कमरों को खंगाल डाला। घटना की जानकारी मिलने पर जब ग्रामीण और परिजन पहुंचे तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। दीवान, पलंग, बक्से और अलमारियों को पूरी तरह से खंगाला गया था। सोने-चांदी के जेवरों के खाली डिब्बे घर में इधर-उधर पड़े मिले।

# एलपीजी गैस की नहीं है कमी : कुणाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है।उपभोक्ताओं सामान्य ढंग रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति जारी है।यह जानकारी जिला प्रशासन की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी कुणाल कुमार ने दी है। उन्होंने बताया जिले में कुल 54 गैस वितरण एजेंसी कार्यरत है। जिनके पास 16953 एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध है। प्रभारी डीएसओ ने बताया है कि जिला प्रशासन लगातार गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ आपूर्ति को लेकर बैठक कर रही है तथा रसोई गैस की कालाबाजारी एवं जमाखोरी के विरुद्ध विशेष निगरानी भी की जा रही है।

उन्होंने बताया है कि 28 मार्च





को घरेलू गैस बुकिंग 6736 के विरुद्ध 8242 सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। जबकि 612 व्यवसायिक सिलेंडर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि कल भी 7959 सिलेंडरों की आपूर्ति की जा सकेगी। उन्होंने कहा है कि गैस की किल्लत को लेकर आई खबर भ्रामक है। एलपीजी गैस का वितरण सामान्य ढंग से हो रहा है। इसलिए उपभोक्ताओं को घबराने जरुरत नहीं है।

# भाजपा महिला मोर्चा की बैठक में प्रधानमंत्री के मन की बात पर चर्चा

## महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष धर्मशीला गुप्ता का जोरदार स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भाजपा जिला महिला मोर्चा की ओर से डॉ.धर्मशीला गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष बिहार भाजपा महिला मोर्चा सह राज्यसभा सांसद का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रियंका सिंह एवं मोर्चा के पदाधिकारी ने फुलमाला देकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय भी उपस्थिति रहे । कार्यक्रम के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम ह्लमन की बात के सफल आयोजन एवं जन-जन तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने हेतु भी विचार-विमर्श किया गया।

यह बैठक संगठनात्मक मजबूती एवं जनसंपर्क को नई दिशा



देने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री सीमा झा, जिला उपाध्यक्ष शोभा जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस सिंह, छाया तिवारी, पुजा शर्मा, गीता पासवान, आरती चौधरी, वीणा सिंह, रुचि चौधरी, सरिता जायसवाल, ज्योति कुमारी, बुलबुल सिंह, चंदा आनंद, उषा गुप्ता, रीना झा, शान्ति जायसवाल, मंजु चंद्रवशी, सविता शर्मा, विनिता वाधवानी, रीना तिवारी, पिंकी चौधरी, रंजीता सिंह, नीलम कुमारी, अर्चना कुमारी, आशा देवी, ललिता कुमारी, नीतु पासवान, पल्लवी चौधरी, मंजु देवी, शकुन्तला कुमारी, कृष्णा देवी, रिंकू देवी, निरमा देवी, मीना देवी, रेणु देवी आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अनिल अग्रवाल ने बताई टाइमलाइन

# वेदांता का होगा 5 लिस्टेड कंपनियों में बंटवारा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की दिग्गज कंपनी वेदांता का बंटवारा 5 लिस्टेड कंपनियों में होने जा रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स ने चेयरमैन अनिल अग्रवाल के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि वेदांता का बंटवारा 5 हिस्सों में अगले महीने हो जाएगा। ट्रिब्यूनल ने दिसंबर 2025 में वेदांता के बंटवारे की मंजूरी दे दी है। बता दें, बीते कई सालों से वेदांता के इस रिस्ट्रक्चर को लेकर चर्चा चल रही थी। पहली कंपनी का नाम ही होगा। यह कंपनी मेटल बिजनेस को संभालेगी। इसके अलावा अन्य 4 कंपनियां वेदांता एल्युमिनियम, वेदांता स्टील एंड आयरन और माल्को एनर्जी हैं। बता दें, अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली पैरेंट कंपनी इन सभी कंपनियों में आधे से अधिक की हिस्सेदारी अपने पास रखेगी। वेदांता का बंटवारा 5 हिस्सों में ऐसे समय में हो रहा है जब कंपनी अपने कर्ज को कम करने के लिए जूझ रही है। अनिल अग्रवाल ने बताया कि वेदांता के बंटवारे के बाद 5 नई यूनिट्स पर में कंपनी का कुल कर्ड 7 अरब डॉलर होगा। फाइनेंशियल टाइम्स से बातचीत में अनिल अग्रवाल ने बताया कि यह बंटवारा शेयरहोल्डर्स के लिए अधिक वैल्यू बनाने में सफल होगा। नई कंपनियों के पास ग्रोथ करने के लिए फ्री हैंड रहेगा। मौजूदा समय में वेदांता का मार्केट वैल्यू 27 बिलियन डॉलर है। अनिल अग्रवाल ने उम्मीद जताई है कि अगले 5 साल में पांचों कंपनियों की मार्केट वैल्यू दोगुना हो जाएगी। उन्होने कहा कि लोग कह रहे हैं कि मार्केट वैल्यू आसानी से दोगुना हो जाएगी। भारत सरकार वेदांता के डिमर्जर से सहमत नहीं थी। जिसकी वजह से कंपनी को कई कानूनी अड़चनों का सामना करना पड़ा। लेकिन कानूनी चुनौतियों के खारिज होने के बाद अब वेदांता का बंटवारा 5 हिस्सों में होने जा रहा है।

### वेदांता के शेयरों कि क्या स्थिति है

शुक्रवार को वेदांता लिमिटेड का शेयर 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बीएसई में 649.55 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते एक साल में वेदांता लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 27 प्रतिशत की तेजी आई है।

# पेट्रोल 5 रुपये, डीजल 3 रुपये महंगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार की तरफ से हुई एक्साइज कटौती के बाद भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आज कोई बदलाव नहीं देखने को मिला है। तेल कंपनियों की तरफ से कोई भी कटौती नहीं की गई है। जिसकी वजह से सभी शहरों में पुराने ही रेट पर आज भी पेट्रोल और डीजल मिल रहा है। बता दें, नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा किया है। नायरा ने पेट्रोल की कीमतों में 5 रुपये और डीजल की कीमतों में 3 रुपये की बढ़ोतरी की है। इसके अलावा अन्य कंपनियों ने कोई भी बढ़ोतरी अभी तक नहीं की है। मुंबई में 103.54 रुपये, बेंगलुरू में 102.96 रुपये, कोलकाता में 103.54 रुपये, हैदराबाद में 107.46 रुपये, भुवनेश्वर में 100.94 रुपये, चेन्नई में 101.23 रुपये, गुड़गांव में 95.36 रुपये, नोएडा में 94.74 रुपये, लखनऊ में 94.69 रुपये, पोर्ट ब्लेयर में 88.16 रुपये लीटर पेट्रोल बिक रहा है। कोहिमा में पेट्रोल का रेट 97.70 रुपये प्रति लीटर आज है। लखनऊ में एक लीटर डीजल आज 87.81 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से बिक रहा है। वहीं, पोर्टब्लेयर का रेट 78.05 रुपये है। हैदराबाद में 95.70 रुपये, भुवनेश्वर में 92.69 रुपये, चेन्नई में 92.39 रुपये, कोलकाता में 92.02 रुपये, बेंगलुरू में 90.99 रुपये, मुंबई में 90.03 रुपये, नोएडा में 87.81 रुपये प्रति लीटर की दर से आज डीजल बिक रहा है। बता दें, यह रेट आपको जियो-बीपी, एचपीसीएल, बीपीसीएल के पंप पर मिलेगा। नायरा एनर्जी के पेट्रोल पंप पर आपको अधिक की कीमत चुकानी होगी।




# युद्ध के बीच बढ़ी टेंशन, 1 अप्रैल को और महंगा होगा एलपीजी सिलेंडर

## ● कमर्शियल सिलेंडर में तेज उतार-चढ़ाव ● 2022 में लगा था 241 रुपये का बड़ा झटका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इजरायल युद्ध के चलते (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) सिलेंडर की सप्लाई पर भले ही सरकार कह रही हो कि कोई संकट नहीं है, लेकिन पैनिक बाइंग के चलते एजेंसियों पर लंबी कतारें अब आम हैं। जहां तक एलपीजी सिलेंडर के रेट की बात है तो 7 मार्च यानी ईरान-इजरायल युद्ध शुरू होने के बाद भारत में कमर्शियल सिलेंडर के रेट 115 रुपये और घरेलू एलपीजी सिलेंडर में 60 रुपये की बढ़ोतरी हुई थी। 1 अप्रैल को एक बार फिर एलपीजी सिलेंडर के रेट अपडेट होने वाले हैं। आइए 2020 से 2025 तक के अप्रैल ट्रेंड को समझते हैं, लेकिन उससे पहले जान लें कि देश के बड़े शहरों में एलपीजी सिलेंडर के आज के रेट क्या हैं... सबसे पहले बात घरेलू एलपीजी सिलेंडर की। पिछले 5 सालों में 14.2 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के रेट केवल 3 बाद बदले। इंडियन ऑयल के



आंकड़ों के अनुसार साल 2025 में घरेलू एलपीजी के भाव में बदलाव अगस्त 2024 के बाद 8 अप्रैल 2025 को हुआ और 50 रुपये महंगा हो गया। दिल्ली में घरेलू सिलेंडर 803 रुपये से 853 रुपये का हो गया। साल 2021 में घरेलू सिलेंडर दिल्ली में 10 रुपये सस्ता होकर 819 रुपये का हो गया। जबकि, 2020 में 62 रुपये की राहत मिली। दिल्ली में घरेलू एलपीजी सिलेंडर 806 रुपये से घटकर 744 रुपये पर आ गया।

उपभोक्ताओं को कभी राहत तो कभी झटका मिला है। 1 मार्च 2025 की तुलना में 1 अप्रैल 2025 को 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर 41 रुपये सस्ता हो गया। दिल्ली में इसकी कीमत 1803 रुपये से घटकर 1762 रुपये पर आ गई। ऐसे ही 1 अप्रैल 2024 को सिलेंडर के दाम में 31 रुपये की कमी की गई। दिल्ली में 1 अप्रैल 2024 को कमर्शियल सिलेंडर 1765 रुपये का रह गया। साल 2023 का अप्रैल भी कमर्शियल सिलेंडर उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आया और दिल्ली में कीमत 92 रुपये घटकर 2028 पर आ गई। 1 मार्च 2023 को यह सिलेंडर दिल्ली में 2119.50 रुपये का था। 1 मार्च 2022 की तुलना में 1 अप्रैल 2022 को कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 241 रुपये की तेजी आई।

# एक्सिस बैंक की 2 कंपनियां शेयर बाजार में होंगी लिस्ट, सीईओ ने बता दिया पूरा प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर सबकुछ ठीक रहा तो प्राइवेट सेक्टर के एक्सिस बैंक की दो सहायक कंपनियां शेयर बाजार में लिस्ट होंगी। जानकारी के मुताबिक एक्सिस फाइनेंस को अगले 2 से 2.5 वर्षों में शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की योजना है। वहीं, एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस को फाइनेंशियल सर्विस के साथ रिवर्स मर्ज कर लिस्ट करने की तैयारी है। इसके संकेत एक्सिस बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और अमिताभ चौधरी ने दिए हैं। अमिताभ चौधरी इस बात से भी बेहद उत्साहित हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को मर्जर और एक्विजिशन के लिए फंड देने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा- हमने पहले ही अपने अंदर एक रूङ्क ग्रुप बना लिया है। मनीकंट्रोल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि हम शायद उन गिने-चुने बैंकों में से एक हैं जिनके पास प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज है, इसलिए हम किसी भी खरीदार के पास जाकर उन्हें पूरे डेब्ट स्पेस और यहां तक कि इक्विटी स्पेस में भी हर तरह के समाधान दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि हम (विलय और अधिग्रहण) के क्षेत्र पर काफी सक्रियता से




नजर रख रहे हैं। हमारा मानना है कि इस तरह के सौदों से प्रमोटरों के साथ हमारे रिश्ते और मजबूत होंगे। बैंक के हालिया प्रदर्शन की बात करें तो दिसंबर तिमाही के दौरान 14 प्रतिशत डिपॉजिट ग्रोथ और 15 प्रतिशत लोन ग्रोथ रहा, जो प्रतिस्पर्धियों से बेहतर रही। हालांकि, बैंक के सीईओ ने चेतावनी दी कि अगर वैश्विक युद्ध लंबा चलता है तो लोन ग्रोथ में कुछ सुस्ती आ सकती है। इसके बावजूद उन्होंने यह भी कहा कि कच्चे माल की कीमतें बढ़ने से कंपनियों की वर्किंग कैपिटल जरूरतें बढ़ सकती हैं, जिससे लोन की मांग में उछाल भी आ सकता है। एनपीए या लोन स्ट्रेस को लेकर भी चौधरी ज्यादा चिंतित नहीं हैं। हालांकि, जमा (डिपॉजिट) की लागत और मार्जिन पर असर इसका असर पड़ने की आशंका है।

हाल ही में एक्सिस बैंक ने बताया कि वह अपनी एनबीएफसी इकाई एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड (एएफएल) में कारोबार वृद्धि के लिए अगले एक वर्ष में राइट्स इश्यू के माध्यम से 1,500 करोड़ रुपये निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने कहा कि यह निवेश एएफएल के राइट्स इश्यू के जरिये किया जाएगा। बता दें कि एएफएल, बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। बैंक ने कहा कि 31 मार्च 2027 तक एक या अधिक किश्तों में 1,500 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 10 मार्च 2026 को पत्र के माध्यम से मंजूरी दी थी। एएफएल का कारोबार वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 2,504 करोड़ रुपये रहा जबकि समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में यह 4,296 करोड़ रुपये रहा था।

# फ्लिपकार्ट को भारी पड़ा खराब टैबलेट बेचना: उपभोक्ता अदालत ने लगाया जुर्माना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट को सेवा में कमी और अपनी ही पॉलिसी का उल्लंघन करना भारी पड़ गया है। दिल्ली के डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्प्यूट्स रिड्रेसल फोरम-III (वेस्ट) ने कंपनी को फटकार लगाते हुए पीड़ित ग्राहक को रिफंड और मुआवजा देने का कड़ा आदेश सुनाया है।

**क्या है पूरा मामला?** यह विवाद साल 2020 का है। विकासपुरी (दिल्ली) के रहने वाले राजीव महाय ने सितंबर 2020 में फ्लिपकार्ट से 10,999 रुपये में एक Lenovo Tab M10 खरीदा था। 27 सितंबर को जब टैबलेट की डिलीवरी हुई तो पता चला कि उसका डिस्प्ले खराब है और काम नहीं कर रहा है। शिकायतकर्ता ने उसी दिन फ्लिपकार्ट को इसकी जानकारी दी। कंपनी का टेक्नीशियन घर आया और उसने भी डिवाइस के खराब होने की पुष्टि की। इसके बावजूद फ्लिपकार्ट ने अपनी 30 दिन की रिप्लेसमेंट गारंटी का पालन नहीं किया और न ही खराब सामान वापस उठाया।

फ्लिपकार्ट का बचाव और कोर्ट की टिप्पणी

सुनवाई के दौरान फ्लिपकार्ट ने खुद को केवल एक इंटरमीडियरी (बिचौलिया) बताते हुए पल्ला झाड़ने की कोशिश की। कंपनी का तर्क था कि टैबलेट एक थर्ड-पार्टी सेलर ने बेचा है। डिवाइस में खराबी ग्राहक की गलती (फिजिकल डैमेज) की वजह से आई है। हालांकि अध्यक्ष सोनिका मेहरोत्रा की अध्यक्षता वाले फोरम ने इन दलीलों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने पाया कि फ्लिपकार्ट ने अपनी ही नीतियों का उल्लंघन किया है।

हैरानी की बात यह है कि सुनवाई के दौरान कंपनी ने 15,000 रुपये के सेटलमेंट का ऑफर भी दिया था जिसे ग्राहक ने ठुकरा दिया। 12 मार्च को सुनाए गए फैसले में आयोग ने फ्लिपकार्ट को सेवा में घोर कमी का दोषी पाया।

# दिल्ली में 33.51 रुपये में खरीदें फ्लैट, 2 दिन में 700 से अधिक की बिक्री



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में घर खरीदना आज के दौर में काफी खर्चीला हो गया है। लेकिन आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। महज 33.51 रुपये में देश की राजधानी दिल्ली में आपका खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। डीडीए की तरफ से इन फ्लैट्स को बेचा जा रहा है। लोगों में इसको लेकर कितना रुझान है इसका अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि महज 2 दिन में 700 से अधिक फ्लैट की बुकिंग हो चुकी है। आइए जानते हैं कि यह कहां स्थित है कैसे आवेदन कर सकते हैं

दिल्ली गवर्नमेंट हाउसिंग अथॉरिटी ने कर्मयोगी आवास योजना 2025 और नागरिक आवास योजना 2026 को लॉन्च किया है। इन्हीं दो योजनाओं के जरिए फ्लैट्स बेचे जा रहे हैं। डीडीए के ये फ्लैट्स नरेला में स्थित हैं। केंद्र और राज्य सरकार के सेवारत या रिटायर कर्मचारियों के साथ-साथ कम आय वाले परिवारों के लिए ने इन स्कीम्स की शुरुआत की है। यानी एक बड़े वर्ग समूह के लिए की इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना खासतौर पर केंद्र और राज्य सरकार के मौजदा कर्मचारियों के लिए है। डीडीए की तरफ 25 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जा रहा है। योजना का मकसद है कि सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में किफायती दर पर घर खरीद पाएं।

इस योजना के तहत फ्लैट्स नरेला के सेक्टर-1-4 के पॉकेट 6 में है।डीडीए ने कुल 936 फ्लैट्स बनाए हैं।

# साइबर सिक्योरिटी के शेयरों में भूचाल, एक रिपोर्ट ने बिगाड़ा निवेशकों का मिजाज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एंथ्रोपिक एक नए और बेहद शक्तिशाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल की टेस्टिंग कर रहा है। इस खबर के बीच साइबर सुरक्षा से जुड़े शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली। बता दें कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दिग्गज कंपनी एंथ्रोपिक, एक संभावित आईपीओ पर विचार कर रही है। साइबर सुरक्षा से जुड़े शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली। इसकी वजह एक रिपोर्ट थी जिसमें बताया गया था कि एंथ्रोपिक एक नए और बेहद शक्तिशाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल की टेस्टिंग कर रहा है। यह मॉडल साइबर कैपिसिटी के मामले में काफी अपग्रेड है लेकिन साथ ही इससे सुरक्षा से जुड़े कुछ संभावित जोखिम भी पैदा हो सकते हैं। फॉर्च्यून की रिपोर्ट के मुताबिक इस नए 'मिथोस' मॉडल को एंथ्रोपिक का अब तक का सबसे शक्तिशाली मॉडल बताया जा रहा है। हालांकि, साइबर सुरक्षा से जुड़े संभावित प्रभावों को देखते हुए कंपनी इसे धीरे-धीरे ही लॉन्च करने की योजना बना रही है।

शेयर का परफॉर्मेंस

इस खबर का असर बाजार में तुरंत दिखा। क्राउडस्ट्राइक, पालो ऑल्टो नेटवर्क्स और शेयर 5 प्रतिशत से ज्यादा टूट गए जबकि में 3.2 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं, ग्लोबल ङ्ग साइबर



सिक्योरिटी श्व्रञ्जस्न करीब 6.1 प्रतिशत तक फिसल गया। निवेशकों में घबराहट की सबसे बड़ी वजह यह थी कि लीक हुए ड्राफ्ट में संकेत मिला कि एंथ्रोपिक इस मॉडल की रिलीज टाल सकती है और पहले साइबर कंपनियों के साथ टेस्टिंग डेटा साझा करेगी, ताकि वे संभावित खतरों से निपटने की तैयारी कर सकें। हालांकि, कंपनी दुरुपयोग रोकने की कोशिश कर रही है। बता दें कि इसी साल की शुरुआत में हैकर्स ने कथित तौर पर एंथ्रोपिक के चैटबॉट का इस्तेमाल कर मैक्सिको की सरकारी एजेंसियों पर हमला किया था और संवेदनशील डेटा चुरा लिया था। कंपनी ने बाद में इस गतिविधि को रोकने और संबंधित अकाउंट्स को बैन करने की बात कही थी। एक्सपर्ट्स की मानें तो बाजार की प्रतिक्रिया जरूरत से ज्यादा है। उनका कहना है कि अगर एआई से खतरा बढ़ता है, तो मजबूत साइबर सुरक्षा कंपनियों की मांग भी उतनी ही तेजी से बढ़ेगी। बता दें कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दिग्गज कंपनी एंथ्रोपिक, एक संभावित आईपीओ पर विचार कर रही है। इससे कंपनी 60 बिलियन तक जुटा सकती है, और इसकी लिस्टिंग अक्टूबर 2026 तक होने की चर्चा है। ये योजनाएं अभी भी चर्चा के दौर में हैं और कंपनी ने अभी तक कोई भी आधिकारिक दस्तावेज जमा नहीं किया है। लेकिन अगर यह योजना आगे बढ़ती है, तो यह अब तक के सबसे बड़े में से एक हो सकता है और एआई इंडस्ट्री के लिए एक निर्णायक पल साबित हो सकता है।

# 10 दिन में सोने का रेट 13494 गिरा, चांदी भी हुई सस्ती, खरीदने का यह है सही समय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले 10 दिनों में सोने और चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इंडियन बुलियंस ज्वैलर्स एसोसिएशन की तरफ से जारी रेट के अनुसार 16 मार्च 2026 को 24 कैरेट गोल्ड का रेट 156436 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था। 27 मार्च 2026 को सोने का भाव लुढ़ककर 142942 रुपये के स्तर पर आ गया। यानी इस दौरान सोने की कीमतों में 13494 रुपये की गिरावट की आई है। सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों में भी पिछले 10 दिनों के दौरान गिरावट दर्ज की गई है। 16 मार्च की सुबह 1 किलोग्राम चांदी का रेट 252793 रुपये था। 27 मार्च यानी शुक्रवार को यह घटकर 221647 रुपये के स्तर पर आ गया। यानी चांदी का दाम 31146 रुपये घट गया है।



### पिछले एक हफ्ते में क्या रही है स्थिति

एक बार फिर से तेजी देखने को मिल रही है। 23 मार्च की सुबह सोने का रेट 135141 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था। सोमवार से शुक्रवार तक सोने की कीमतों में 8574 रुपये का इजाफा हुआ है। वहीं, चांदी का दाम इस दौरान 219260 रुपये से 6387 रुपये बढ़ा है।

**सोने और चांदी की कीमतों में क्यों दिखी पिछले हफ्ते तेजी:** मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध की वजह से दुनिया भर में तेल का संकट खड़ा हो गया है। सप्लाई बाधित होने की वजह से कई देशों ने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी की है। इन सबकी वजह से महंगाई बढ़ने की आशंका है। इसी वजह से एक बार निवेशकों का रुझान सोने की तरफ बढ़ रहा है। बढ़ती खरीदारी ने सोने की कीमतों में तेजी लाई है।

**घरेलू स्तर पर बढ़ने वाला है डिमांड:** अगले कुछ दिनों में एक बार फिर से शादियों का सीजन शुरू होने जा रहा है। जिससे घरेलू स्तर पर सोने और चांदी के डिमांड में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। ऐसे में उस दौरान सोने और चांदी का रेट बढ़ सकता है।

# अडानी ग्रुप की कंपनी ने सेना को सौंपा 2000 लाइट मशीन गन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप की डिफेंस कंपनी के लिए आज एक बड़ा दिन है। ग्रुप की कंपनी ने शनिवार को 2000 'प्रहर' लाइट मशीन गन को इंडियन आर्मी को सौंप दिया। इस हैंडओवर से इंडियन आर्मी की ताकत में इजाफा होगा। बता दें, मौजूदा केंद्र सरकार का 'मेक इन इंडिया' पर जोर है। सरकार घरेलू स्तर पर डिफेंस सेक्टर में उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रही है। इस लिहाज से भी आज का दिन महत्वपूर्ण हो जाता है। अडानी डिफेंस एयरोस्पेस ने 7.62 एमएम की लाइट मशीन गन बनाई है। जिसे ग्वालियर के बाहर स्थिति कंपनी के कॉम्पलेक्स में तैयार किया गया है। शनिवार को कंपनी के कॉम्पलेक्स में एक कार्यक्रम



रखा गया इस कार्यक्रम में डीजी अधिग्रहण, रक्षा मंत्रालय ए अंबरासु और अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ सहित अन्य बड़े अधिकारी मौजूदा रहे। जहां पर इन लाइट मशीन गन को कंपनी ने सेना को हैंडओवर किया। बता दें, कार्यक्रम के बाद अंबरासु ने इन लाइट मशीन गन से भरे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

तय समय से 11 महीने पहले हुई डिलीवरी पत्रकारों से बातचीत में कंपनी के सीईओ आशीष राजवंशी ने बताया, 'आज जहां हम पहुंचे हैं। इसकी यात्रा 6 साल पहले शुरू हुई थी। बोली लगाने से लेकर डिलीवरी तक में इतना समय लग गया। हमने तय समय से 11 महीने पहले यह डिलीवरी कर दी है। मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि अगले तीन साल में पूरा ऑर्डर डिलीवर हो जाएगा।' बता दें, कंपनी को कुल 40,000 लाइट मशीन गन बनाने का काम इंडियन आर्मी की तरफ से मिला है।

# कपिलो पंचायत के विकास कार्यों से प्रभावित हो बिहार के 40 मुखियों ने किया विजिट,ली जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बिरनी। झारखंड के गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड की कपिलो पंचायत ने ग्रामीण विकास के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। इससे प्रभावित होकर पड़ोसी राज्य बिहार के 40 मुखियाओं ने शनिवार को कपिलो पंचायत का एक्सपोजर विजिट किया। ये मुखिया बिहार सरकार द्वारा चयनित संस्था हॉकमैन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व में यहां पहुंचे थे।

इस दौरान राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित कपिलो पंचायत के मुखिया मुकेश यादव ने बिहार से आए मुखियाओं का बुके और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने कपिलो पंचायत के विभिन्न गांवों में चल रही विकास योजनाओं, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, शिक्षा व्यवस्था, पंचायत प्रशासन और ग्रामीण विकास के मॉडल का अवलोकन किया।

एक्सपोजर विजिट के दौरान मुखियाओं ने पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों से मुलाकात कर विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस विजिट का मुख्य उद्देश्य कपिलो पंचायत के बेहतर विकास मॉडल को अपने-अपने पंचायतों में लागू करना और ग्रामीणों को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है।

मुखियाओं ने बताया कि पंचायतों में स्वच्छता, सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण और रोजगार सृजन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य काफी सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को अपने-अपने पंचायतों में लागू करने का प्रयास किया जाएगा।

## स्थानीय प्रतिनिधियों ने सभी को अंग वस्त्र देकर किया स्वागत




विजिट के बाद उन्होंने कहा कि सीखे गए अनुभवों के आधार पर पंचायतों में विकास कार्यों को तेज किया जाएगा और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि कपिलो पंचायत की तरह बिहार के पंचायतों में भी विकास की नई दिशा देखने को मिलेगी।

कपिलो पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मण प्रसाद द्वारा सभी 40 मुखियाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। एक्सपोजर विजिट टीम में कुमारी अर्चना, भोला कुमार, मुकेन्द्र यादव, नवीन चौधरी, रत्नेश्वर यादव, आनंदी प्रसाद, कन्हैया राय, सुनील कुमार गुप्ता, निरंजन सिंह के अलावा कपिलो पंचायत के सभी प्रतिनिधि, समाजसेवी और सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

# पति के डांस से नाराज महिला ने खाया जहर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका**। पति-पत्नी का रिश्ता प्यार, विश्वास और आपसी समझ पर टिका होता है, जहां छोटी मोटी नोक झोंक आम बात है। पर कई बार यही छोटी तकरार दुखद अंजाम तक पहुंच जाती है।

जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के शहरों गांव में शनिवार की रात पत्नी के कहने पर पति ने डांस बंद नहीं किया तो महिला ने कीटनाशक खाकर जान दे दी।

जानकारी के अनुसार गोपीकांदर थाना क्षेत्र के शहरो गांव में शनिवार की रात घर में शादी का माहौल था। मृतका सूर्या देवी का पति मनोज राय अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने मुंबई से घर आया था।

## इलाज के दौरान मौत

घर में डीजे की धुन पर जश्न चल रहा था और इसी दौरान मनोज डांस करने लगे। पत्नी ने उन्हें डांस करने से मना किया, लेकिन जब उन्होंने बात नहीं मानी तो दोनों के बीच बहस शुरू हो गई।

यह मामूली विवाद इतना बढ़ गया कि आवेश में आकर सूर्या देवी ने कीटनाशक खा लिया। उसे तुरंत इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

अस्पताल प्रबंधन ने घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दे दी है। पुलिस महिला के घर वालों का इंतजार कर रही है जिस कारण अभी तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि स्वजन के आने के बाद ही मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# रेरा ने कार्यशाला आयोजित कर दी लोगों को जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

धनबाद। बिल्डर, जमीन मालिक, क्रेता, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, बैंकर्स, एजेंट्स एवं झारखण्ड राज्य के सभी स्थानीय निकाय के पदाधिकारी के बीच समन्वय स्थापित करते हुए भू-संपदा प्रक्षेत्र में पारदर्शिता एवं जागरूकता लाने के उद्देश्य से रविवार को झारखंड रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (झारखंड रेरा) ने धनबाद क्लब में कार्यशाला का आयोजन किया।

इस अवसर पर झारखंड रेरा के अध्यक्ष श्री बिरेंद्र भूषण ने कहा कि किसी भी प्रोजेक्ट में निवेशकों को रेरा का रजिस्ट्रेशन नंबर देखकर ही निवेश करना चाहिए। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि बिना रेरा में रजिस्टर्ड संपत्ति की खरीदी नहीं करें। साथ ही बताया कि झारखंड रेरा के पोर्टल पर सभी रजिस्टर्ड प्रोजेक्ट्स का विवरण उपलब्ध है। पोर्टल पर प्रोजेक्ट के संबंधित सारा विवरण देख सकते हैं। अध्यक्ष ने कहा कि 500 वर्ग मीटर से बड़ा क्षेत्र एवं 8 से ज्यादा यूनिट वाले प्रोजेक्ट को झारखंड रेरा में रजिस्ट्रेशन कराना




अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अब केंद्र सरकार भी रेरा की निगरानी करेगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि झारखंड रेरा में बिना रजिस्ट्रेशन कोई प्रोजेक्ट शुरू होता है तो शिकायत करें। संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रोजेक्ट पर रोक लगाई जाएगी।

कार्यशाला में रेरा के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान में कानूनी सलाहकार रंजीत कुमार चौधरी ने कहा कि झारखंड रेरा में बिल्डर, जमीन मालिक, क्रेता, बैंकर्स इत्यादि के हित को ध्यान में रखकर नियम बनाए गए हैं। रेरा में रजिस्टर्ड प्रोजेक्ट्स को समय पर क्रेता को यूनिट हैंड ओवर करने की बाध्यता है। इसमें बिल्डर व जमीन मालिक, दोनों के लिए नियम लागू है। शिकायत दर्ज होने पर जिसकी गलती होती है उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाती है। बिल्डर द्वारा विवरणिका (ब्रोशर) में दर्शाई गई सभी सुविधा एग्रीमेंट में लिखनी है और क्रेता को देनी है।

कार्यशाला में त्रैमासिक विवरण अपलोड करने, बिल्डिंग बाय लॉज का पालन करने, यू.डी.आई.एन. नंबर सही भरने, स्क्रो अकाउंट, फाइल ट्रैकिंग सिस्टम, रेरा में रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया, एक ही बिल्डर के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स के लिए अलग-अलग बुक्स ऑफ अकाउंट्स रखने सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में नगर निकाय, बिल्डर, आर्किटेक्ट, जमीन मालिक, क्रेता सहित अन्य हित धारकों के विचार सुन गए एवं उसका निराकरण किया गया।

कार्यशाला में झारखंड रेरा के अध्यक्ष बिरेंद्र भूषण, कानूनी सलाहकार रंजीत कुमार चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, प्रशासनिक पदाधिकारी सुरजीत मुखर्जी, कंसलटेंट ट्रेनर सुमित मित्तल, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, क्रेडाई के अध्यक्ष अमरेश सिंह, गिरिडीह एवं देवघर के टाउन प्लानर, मनोज मोदी, अनिल मुकीम, प्रमोद अग्रवाल, अनीश डोकानिया, अमित सुल्तानिया, सुमन सिंह, हितेश ठक्कर के अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक व अन्य बैंक के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मोर का ग्रामीणों ने किया अंतिम संस्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोमो** । धनबाद जिले के तोपचांची प्रखंड के जीतपुर गांव में रविवार को एक मार्मिक घटना ने ग्रामीणों को भावुक कर दिया। राष्ट्रीय पक्षी मोर की 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सुबह घटना होते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने घायल मोर को बचाने की भरसक कोशिश की, लेकिन तेज करंट के कारण उसकी जान नहीं बच सकी। कुछ देर तक मोर खेत में ही पड़ा रहा, जिसे देखकर हर किसी का मन द्रवित हो उठा।

इसके बाद गांव के युवकों ने इंसानियत और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मोर का विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। पूजा-अर्चना के बाद उसे जीतपुर नदी किनारे दफनाया गया। इस दौरान कई ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं।

ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी शुरू होते ही आसपास के जंगलों से प्यास बुझाने के लिए बड़ी संख्या में मोर गांव की ओर आते हैं और शाम होते ही वापस लौट जाते हैं। ऐसे में बिजली के खुले तार उनके लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर वन्य जीवों की सुरक्षा और बिजली व्यवस्था में सुधार की जरूरत को उजागर कर दिया है।

# असम चुनाव पर झामुमो का फोकस

## भाजपा और कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। असम विधानसभा चुनाव के साथ झारखंड की राजनीति का फोकस तेजी से पूर्वोत्तर की ओर शिफ्ट होता नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से 18 सीटों पर प्रत्याशी उतारकर चुनावी मुकाबले को नई दिशा दे दी है। इसके साथ ही वे अपनी पूरी टीम के साथ असम में कैंप कर रहे हैं, जिससे यह साफ संकेत मिल रहा है कि चुनाव तक झारखंड के कई प्रमुख नेता राज्य से बाहर सक्रिय रहेंगे।झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के इस आक्रामक विस्तारवादी रुख ने राजनीतिक समीकरण बदल दिए हैं। मुख्यमंत्री लगातार सभाएं, रोड शो और रणनीतिक बैठकों के जरिए स्थानीय स्तर पर पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की सक्रियता के जवाब में भाजपा ने भी रणनीतिक कदम उठाया है। पार्टी ने झारखंड के कई नेताओं को असम में प्रचार के लिए भेजने का फैसला किया है।

खास तौर पर उन इलाकों पर फोकस किया जा रहा है, जहां हेमंत सोरेन खुद सक्रिय हैं। भाजपा की कोशिश है कि झामुमो के प्रभाव को सीमित किया जाए और स्थानीय स्तर पर संगठनात्मक मजबूती का लाभ उठाया जाए। इसके लिए झारखंड के नेताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। यह रणनीति बताती है कि पार्टी इस चुनाव को सिर्फ क्षेत्रीय नहीं, बल्कि व्यापक राजनीतिक प्रभाव के रूप में देख रही है।

इधर, कांग्रेस ने भी अपने मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे असम में निर्धारित सीटों पर जीत सुनिश्चित करें। पार्टी आलाकमान ने खास तौर पर यह संदेश दिया है कि जिन नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है, वे अपने प्रभाव और नेटवर्क का पूरा इस्तेमाल करें। मंत्रियों ने झारखंड में अपने निर्धारित कार्यक्रम टाल दिए हैं और असम में कैंप करने की तैयारी है। कांग्रेस के भीतर इसे प्रदर्शन आधारित राजनीति के रूप में देखा जा रहा है, जहां नेताओं की सक्रियता और परिणाम दोनों पर नजर रखी जा रही है।

असम चुनाव में झारखंड के नेताओं की यह व्यापक भागीदारी सिर्फ चुनावी प्रयोग नहीं, बल्कि भविष्य की राजनीति का संकेत भी है। यदि झामुमो और सहयोगी दल बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो यह क्षेत्रीय दलों के विस्तार की नई संभावनाएं खोल सकता है।

वहीं, भाजपा और कांग्रेस के लिए भी यह चुनाव प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। कुल मिलाकर, असम का यह चुनाव अब झारखंड की राजनीति के लिए भी एक अहम परीक्षा बन चुका है, जहां नेताओं की सक्रियता और परिणाम दोनों आने वाले समय की दिशा तय करेंगे।

## सुहानी बनी जिला टॉपर

**अररिया**। गुदड़ी में भी लाल छिपा होता है। इसे सच कर दिखाया है पलासी प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण परिवेश के बच्चों ने। जिन्होंने इंटर की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर प्रखंड ही नहीं जिले का भी नाम रौशन किया है। पिपरा विजवार गांव के शिक्षक कृष्णा कुमार सरदार व गृहिणी सोनम देवी की पुत्री सुहानी कुमारी ने महिला कॉलेज अररिया से इंटर साइंस की परीक्षा में 463 (92.60 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर जिला टापर बनी है। इस सफलता पर स्वजनों में खुशी का माहौल है। माता -पिता ने मुंह मीठा कर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

# हंटरगंज में दशमी को निकली भव्य शोभा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हंटरगंज(चतरा )**। हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रतापपुर मोड़ से आयोजित झंडा एवं भव्य झांकी प्रदर्शन कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण वातावरण में रविवार अहले सुबह 4 बजे संपन्न हुआ। रामनवमी के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा इलाका भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिप अध्यक्ष ममता कुमारी उपस्थित रही।उनके साथ थाना प्रभारी प्रभात कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉ वेद प्रकाश, सीओ रितिक कुमार, भाजपा नेता युगल सिंह, जिप प्रतिनिधि बेचन पासवान, राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, देवलाल यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, विधायक प्रतिनिधि रौशन सिंह, समिति अध्यक्ष गुंजीत सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतापपुर मोड़ में अतिथियों को अंग वस्त्र और तलवार भेंट कर किया गया। इस दौरान विभिन्न अखाड़ों एवं समितियों द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। झांकियों में धार्मिक आस्था, पौराणिक प्रसंगों एवं सांस्कृतिक विविधता की सुंदर झलक देखने को मिली, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक लोग झांकियों का आनंद लेते रहे।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार, सब इंस्पेक्टर नितेश प्रसाद, पुरषोत्तम अग्निहोत्री, दिलीप कुमार सहित पूरे प्रशासनिक टीम पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

## ऑनलाइन खरीददारी में धोखाखड़ी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर**। बिहार के समस्तीपुर जिले में मुफस्सिल थाने की पुलिस ने शनिवार को अमेजन के डिलीवरी सर्विस पार्सल पार्टनर विंग के आफिस में छापा मारकर शराब की खेप बरामद की। यहां मछली दाना की बुकिंग की आड़ में शराब की तस्करी की जा रही थी। पुलिस को इसकी सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई। इस संबंध में तीन लोगों पर प्राथमिकी की गई है।

शराब की यह खेप शराब कल्याणपुर थाना क्षेत्र के लदौरा पंचायत भवन के समीप वीरेंद्र कुमार के यहां डिलीवर होनी थी। इसे प्लास्टिक की 20 बाल्टियों में पैक किया गया था। जितवारपुर स्थित वेयर हाउस में पार्सल से शराब की गंध आने के बाद कूरियर कंपनी ने इसकी सूचना अमेजन के प्रतिनिधि और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पार्सल को खोला तो होश उड़ गए। बोरे के भीतर प्लास्टिक की बाल्टी में मछली दाना की जगह शराब भरी थी।

# 108 एंबुलेंस कर्मचारियों की समस्याओं को ले राज्य रक्षा मंत्री से की मुलाकात

## समस्याओं से कराया अवगत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा**। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री सह झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ के प्रभारी रमाशंकर प्रसाद के नेतृत्व में 108 एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारियों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर संजय सेठ, राज्य रक्षा मंत्री, भारत सरकार सह राज्य सभा सदस्य (रांची, झारखंड) से मुलाकात कर कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया ।

इस प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी सहित रांची जिला मंत्री सुबोध कुमार यादव , उदय शंकर, सुनील सिंह, रविकांत पाठक एवं अन्य कई सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

प्रतिनिधिमंडल द्वारा मंत्री के समक्ष 108 एंबुलेंस सेवा में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं - जैसे सेवा शर्तों में अस्थिरता, वेतन भुगतान में अनियमितता, भ्रष्टाचारी सहित कठिनाइयाँ एवं श्रमिक अधिकारों के हनन - को विस्तारपूर्वक रखा गया ।

सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं तत्काल संज्ञान लेते हुए अजय कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग से दूरभाष के



माध्यम से वार्ता किए साथ ही संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई कराने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

संघ ने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि शीघ्र ही ठोस एवं सकारात्मक निर्णय सामने आएंगे।

# रामनवमी पर जोरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हंटरगंज(चतरा)**। प्रखंड के वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र के जोरी में रामनवमी के विजयादशमी पर भव्य शोभा यात्रा में आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। डीजे के धुन पर युवा रातभर थिरकते नजर आए। इस अवसर पर पूरे इलाके में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अभूतपूर्व संगम देखा गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए। पूरे जोरी को राममय बना दिया।शोभा यात्रा जोरी बस स्टैंड से शुरू होकर चतरा डोभी मुख्य पथ के प्रमुख मार्ग काली मंदिर, मेन बाजार, प्रतापपुर बस स्टैंड, जोरी थाना होते हुए बान सिंह मैदान पहुंचा। यहां शोभा यात्रा सह जुलूस का समापन हुआ।शोभा यात्रा के दौरान जय श्री राम के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हुआ।इस भव्य शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण



विभिन्न मनमोहक झांकियां रही। पारंपरिक छऊ नृत्य विशेष रूप से लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा।

इसके साथ ही ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और डीजे पर धार्मिक धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आये। मौके पर डीएसपी अमिता लकड़ा, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, जोरी मंडल अध्यक्ष गायत्री देवी, जोरी पंचायत मुखिया रामरतन कुमार सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। समिति के सदस्यों ने अतिथियों को अंग वस्त्र और तलवार देकर सम्मानित किया। समापन के दौरान डीएसपी अमिता लकड़ा ने आरएनएस क्लब मास्टर मोहल्ला, विद्यार्थी संघ पूजा समिति बीच बाजार, वीर हिंदू क्लब पीपल पात्ती मोहल्ला, शेषनाग क्लब बानसिंह, और कसाना डीजे को कप देकर सम्मानित किया।

# नये पुल का निर्माण शुरू होने से लोगों में हर्ष

## लोगों को मिलेगी राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय**। कजरा और सूर्यगढ़ा को जोड़ने वाली गरखे नदी पर नए पुल के निर्माण को लेकर क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है। लंबे समय से जर्जर और धंसी पड़ी पुरानी पुलिया को ध्वस्त कर अब नए सेतु का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पुलिया धंस जाने के कारण कजरा, अभयपुर समेत आसपास के दर्जनों गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट गया था।

संभावित हादसे को देखते हुए प्रशासन ने एप्रोच रोड को भी काट दिया था। ताकि, लोग आवागमन नहीं कर सकें। इसके बावजूद स्थानीय लोग जान जोखिम में डालकर इसी मार्ग से आवागमन करने को मजबूर थे।

अब निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में राहत की उम्मीद जगी है। लोगों का कहना है कि यदि मानसून से पहले पुल का निर्माण पूरा हो जाता है तो रेलवे लाइन किनारे के गांवों के लिए प्रखंड मुख्यालय की दूरी तीन से चार किलोमीटर तक कम हो जाएगी। इससे समय की बचत के साथ आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भी सहूलियत होगी

हालांकि, निर्माण कार्य को लेकर पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थल पर अब तक योजना से संबंधित कोई सूचना पट नहीं लगाया गया है और न ही प्राक्कलित राशि व निर्माण मानकों की जानकारी सार्वजनिक की गई है।

स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता किए बिना समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्य पूरा कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो।

## सीएम हाउस बना राजनीतिक अखाड़ा

**पटना**। बिहार की सियासत में अचानक एक बार फिर से राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। पटना के 1 अन्ने मार्ग स्थित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सरकारी आवास पर रविवार को अचानक एक के बाद एक कई बड़े नेता और मंत्री यहां पहुंचे, जिससे सियासी गलियारों में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री अशोक चौधरी और विजय चौधरी के अलावा केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और संजय झा भी मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे। इनके साथ ही बिजेंद्र यादव और चर्चित नेता अनंत सिंह भी नीतीश कुमार से मुलाकात करने उनके आवास पर आए। इतने बड़े नेताओं का एक साथ जमावड़ा सियासी हलकों में चर्चा का विषय बन गया।

# विधायक की गाड़ी से भिड़ी कमांडर, बाल-बाल बचे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा**। रमना थाना क्षेत्र से होकर गुजरी रांची-वाराणसी इकोनॉमिक कॉरिडोर पर सीरियाटोंगर गांव के समीप सड़क दुर्घटना में भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।जानकारी के अनुसार विधायक का वाहन कॉरिडोर से गुजर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही सवारी कमांडर गाड़ी ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी।

हालांकि, उक्त घटना में विधायक तथा उनके एस्कॉर्ट गाड़ी में सवार अंगरक्षक बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि विधायक श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के नरखोरिया गांव में अज्ञात अपराधी द्वारा गोली मारे जाने से घायल व्यवसायी को देखने सदर अस्पताल, गढ़वा जा रहे थे। इसी दौरान उक्त हादसा हो गया।

बताया जा रहा है कि सामने से आ रहा तेज रफ्तार कमांडर वाहन अनियंत्रित होकर पहले विधायक के

## गाड़ी हुई क्षतिग्रस्त

काफिले में शामिल एक एस्कॉर्ट गाड़ी को जद में लिया, इसके बाद विधायक की गाड़ी से जा भिड़ी। दुर्घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। वाहनों का दबाव बढ़ने से थोड़ी देर के लिए सड़क पर जाम भी लग गया।

इस दौरान कमांडर वाहन में सवार एक महिला घायल भी घायल हो गई। जिसका प्राथमिक उपचार कराया गया।

घायल महिला को विधायक अनंत प्रताप देव ने आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।

इस घटना की सूचना मिलते ही रमना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना में शामिल सवारी कमांडर वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया।

वहीं, सूचना पर अंचल पदाधिकारी विकास पांडेय भी घटनास्थल पर पहुंचे।

# स्टोक्स मई के बाद कर सकेंगे वापसी, ट्रेनिंग सेशन में हुए घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पुष्टि की है कि गाल की हड्डी में चोट से जुड़ी दिक्कतों के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी मई तक टल गई है। 34 वर्षीय ऑलराउंडर जिन्हें फरवरी की शुरुआत में डरहम अकादमी के खिलाड़ियों के साथ एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान गेंद लग गई थी, ने एक हफ्ते बाद टूटी हुई गाल की हड्डी को ठीक करवाने के लिए सर्जरी करवाई थी। स्टोक्स ने असल में इस शुक्रवार को



केंट के खिलाफ डरहम के काउंटी चैंपियनशिप के शुरुआती मैच में वापसी करने की योजना बनाई थी। हालांकि क्लब अभी भी विशेषज्ञों से अंतिम मेडिकल मंजूरी का इंतजार कर रहा है। डरहम के मुख्य कोच रयान कैंपबेल ने संकेत दिया कि स्टोक्स शायद 8 मई को वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ और फिर 15 मई को बेकेनहम में केंट के खिलाफ होने वाले मैचों तक नहीं खेल पाएंगे। अगर स्टोक्स तब तक वापसी नहीं कर पाते हैं, तो ये मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के गर्मियों के पहले टेस्ट से पहले उनके लिए एकमात्र रेड-बॉल मैच हो सकते हैं; यह टेस्ट 4 जून से शुरू होगा। कैंपबेल ने इस चोट को एक 'बाल-बाल बचने' वाला मामला बताया। उन्होंने कहा, '(यह घटना) बहुत भयानक हो सकती थी। जितना आप सोचते हैं, उससे कहीं ज्यादा बुरा। बस कुछ सेंटीमीटर का फर्क, अगर गेंद थोड़ी अलग तरह से उनकी आंख पर लगती, तो नतीजा कुछ और हो सकता था। गेंद बहुत जोर से लगी थी। हम बस खुशकिस्मत हैं कि वह इससे बच निकले।' इंग्लैंड के निराशाजनक एशेज अभियान के बाद से स्टोक्स ने कोई मैच नहीं खेला है; इस अभियान के दौरान उन्हें एडक्टर (जांघ की मांसपेशी) में चोट लग गई थी, जो उन्हें सिडनी में खेले गए टेस्ट मैच में लगी थी। सीरीज हारने के बावजूद स्टोक्स इंग्लैंड के कप्तान बने हुए हैं और कोच ब्रेंडन मैकुलम तथा मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की दोनों ही अपने-अपने पदों पर बने हुए हैं।

# वांगसू ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में जीता गोल्ड

**रायपुर, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश की 21 साल की वेटलिफ्टर अनाई वांगसू को पहले 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' 2026 में हिस्सा लेने से कुछ दिन पहले पेट की पुरानी समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। उन्हें कमजोरी दूर



करने और ताकत पाने के लिए आईवी फ्लूइड्स (नसों के जरिए तरल पदार्थ) दिए गए। हालांकि, बीमारी भी उनका हौसला नहीं तोड़ सकी। छत्तीसगढ़ में महिलाओं के 58 किलो वर्ग में अनाई ने गोल्ड मेडल जीता है। अनाई वांगसू 2019 से पेट की समस्या से जूझ रही हैं, जिसमें अचानक कमजोरी, थकान और डिहाइड्रेशन हो जाता है। वेटलिफ्टिंग जैसे खेल में ताकत और संतुलन बहुत जरूरी होते हैं। 'साई मीडिया' से बातचीत में अनाई ने कहा, 'मैंने पहले ब्रॉन्ज और सिल्वर मेडल जीते थे। परिवार के लोग हर बार पूछते थे कि मैं गोल्ड कब जीतूंगी। अब मैं गोल्ड जीतकर खुश हूं और परिवार भी बहुत खुश है।' अनाई ने पहले यूथ नेशनल गेम्स में दो ब्रॉन्ज मेडल और अलग-अलग 'खेलो इंडिया गेम्स' में सिल्वर मेडल जीते थे, लेकिन गोल्ड हमेशा उनसे दूर रहा। पिछले साल राजस्थान में आयोजित 'ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी नेशनल गेम्स' में वे सिर्फ एक लिफ्ट से गोल्ड से चूक गई थीं। उस पल का दर्द आज भी उनके जहन में ताजा है। उन्होंने उस पल को याद करते हुए कहा, 'उस दिन मैं बहुत रोई थी। मुझे ऐसा लगा था कि मेरी सारी मेहनत बेकार चली गई।

## कोहली ने दमदार पारी पर दिया बयान

# 120% देना चाहता हूं



**बंगलूरू, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नाबाद अर्धशतक लगाकर टीम को जीत दिलाई। कोहली ने 38 गेंदों पर पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए। कोहली ने इस पारी के बाद कहा कि वह टीम के लिए 120 प्रतिशत देना चाहते हैं और बिना तैयारी के खेलने नहीं उतरते हैं।

### लय में हैं कोहली

कोहली अब भारत के लिए सिर्फ वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं और टी20 में वह सिर्फ आईपीएल ही खेल रहे हैं। अपनी पारी को लेकर कोहली ने कहा, वापस यहां आकर अच्छा लग रहा है। आखिरी मैच मैने पिछले साल आईपीएल फाइनल खेला था, लेकिन हाल ही में वनडे सीरीज में जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे मुझे लय हासिल करने में मदद मिली। मैं वह शॉट्स नहीं खेल रहा था जो आम तौर पर नहीं खेलता। मुझे पता है कि मैं लय में हूं और मैने फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है तो प्रदर्शन अच्छा ही रहेगा। हमारे पास अच्छी शुरुआत का मौका था और हमने वही किया।

### ब्रेक से मिला फायदा

सिर्फ एक ही प्रारूप खेलने के बारे में पूछने पर कोहली ने कहा, पिछले 15 साल से जिस तरह का कार्यक्रम रहा है और हमने जितनी क्रिकेट खेली है, मेरे लिए तैयारी की कमी के बजाय जरूरत से ज्यादा खेलने की थकान का जोखिम अधिक रहा है। इसलिए इन ब्रेक से तरोताजा होकर लौटने में काफी मदद मिली। जब भी मैं खेलने आता हूं तो 120 प्रतिशत देने की कोशिश रहती है। कभी तैयारी के बिना नहीं आता। अतिरिक्त विश्राम से मुझे मानसिक रूप से तरोताजा होने में मदद मिली। अगर आप शारीरिक और मानसिक रूप से तरोताजा होकर खेलते हैं तो टीम के लिए योगदान दे सकते हैं और यही हर खिलाड़ी करना चाहता है।

देवदत्त पडिक्कल की 26 गेंद में 61 रन की पारी को शानदार बताते हुए कोहली ने कहा, मैं पावरप्ले में आक्रामक खेलना चाहता था लेकिन जब मैने पडिक्कल को इस तरह खेलते देखा तो उसे अधिक स्ट्राइक देने की कोशिश की। उसने एक बेहतरीन पारी खेलकर मैच सनराइजर्स की जद से बाहर कर दिया।

# कोहली का बेस्ट आना अभी बाकी

## ● अंबाती रायडू ने दी विराट को बड़ी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 के ओपनिंग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलते हुए विराट कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की। 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली ने नाबाद 69 रन की पारी खेलकर टीम को आसान जीत दिलाई। इस पारी के बाद एक बार फिर उनकी फॉर्म और फिटनेस को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इससे पहले भी वह दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में कई शतक लगा चुके हैं।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायडू ने विराट कोहली को लेकर बड़ा बयान दिया है। रायडू का मानना है कि कोहली के अंदर अभी भी 5 से 6 साल का इंटरनेशनल क्रिकेट बाकी है। उन्होंने कहा कि कोहली की फिटनेस आज भी शानदार है और वह अभी खत्म नहीं हुए हैं। रायडू के अनुसार कोहली का बेस्ट अभी आना बाकी है और आईपीएलमें जो दिख रहा है वह सिर्फ एक ट्रेलर है।

### टेस्ट क्रिकेट में वापसी और कप्तानी की सलाह



अंबाती रायडू ने यह भी कहा कि विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट में वापसी करनी चाहिए। कोहली को फिर से टेस्ट कप्तान बनाना चाहिए और उनकी जगह मौजूदा कप्तान को हटाने पर भी विचार करना चाहिए। रायडू का मानना है कि कप्तानी का नया चैलेंज कोहली को फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित कर सकता है।विराट कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 123 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन के आंकड़े से सिर्फ 770 रन दूर रह गए थे। उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, जिससे फैंस काफी हैरान रह गए थे।

# अरिना ने जीता मियामी ओपन खिताब

## विश्व के चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को हराया



**मियामी, एजेंसी।** विश्व की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी अरिना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन का खिताब बचा लिया है। सबालेंका ने फाइनल में कोको गॉफ को हराया।अरिना सबालेंका ने मियामी ओपन के खिताब को अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में विश्व के चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। इगा स्वियातेक के बाद सबालेंका 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। यह उनका लगातार दूसरा मियामी ओपन खिताब है। इससे पहले एश्ले बार्टी (2019 और 2021) और सेरेना विलियम्स (2013 से 2015) ही लगातार यह टूर्नामेंट जीत पाई थीं। इस तरह सबालेंका ने दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह बना ली है। सबालेंका एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी में सनशाइन डबल जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका से पहले स्टेफी ग्राफ, किम क्लिस्टर्स, विक्टोरिया अजारेंका और इगा स्वियाटेक यह कारनामा कर चुकी हैं। सबालेंका 2000 के बाद से चौथी खिलाड़ी हैं जो साल के अपने पहले चार टूर्नामेंट (मार्टिना हिंगिस, 2001, सेरेना विलियम्स, 2003, और विक्टोरिया अजारेंका, 2012) के फाइनल में पहुंची हैं। ये सभी टूर्नामेंट हार्ड कोर्ट पर हुए हैं। उन्होंने इनमें से तीन जीते, जिसमें ब्रिस्बेन और सनशाइन डबल शामिल हैं। खिताब जीतने के बाद सबालेंका ने कहा, यह खिताब काफी खास है। मेरा लक्ष्य हमेशा इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना रहा है और मैंने बस वही किया। यह सुनने में बहुत अजीब लगता है। मुझे नहीं पता कि मैं यह कैसे कर पाई, लेकिन अभी मुझे बहुत गर्व है। बेशक, इस खूबसूरत ट्रॉफी से बहुत खुश हूं।

### नंबर पर स्थिति मजबूत की

यह जीत उनके करियर का 24वां डब्ल्यूटीए एकल खिताब और कुल मिलाकर 30वां खिताब है जिसमें छह युगल खिताब भी शामिल हैं। इनमें चार ग्रैंडस्लैम एकल खिताब, दो डबल्स, 11 डब्ल्यूटीए 1000 सिंगल्स टाइटल और दो डबल्स खिताब शामिल हैं। सबालेंका लंबे समय से दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनी हुई हैं और अब उनकी यह स्थिति और मजबूत हो गई है। सबालेंका ने अब तक विश्व नंबर एक खिलाड़ी के रूप में कुल 83 हफ्ते बिताए हैं। इसमें उनका मौजूदा शानदार दौर भी शामिल है जो लगातार 75 हफ्तों तक पहुंच चुका है। सोमवार को वह लगातार 76वें हफ्ते के लिए नंबर एक बनी रहेंगी। इसके साथ ही वह इगा स्वियातेक के सबसे लंबे नंबर एक रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगी। हालांकि, उनसे आगे अभी एश्ले बार्टी हैं, जिन्होंने सितंबर 2019 से मार्च 2022 तक लगातार 114 हफ्तों तक नंबर 1 की कुर्सी संभाली थी।

# मेजर लीग क्रिकेट में खेलने वाले पहले पूर्व भारतीय खिलाड़ी होंगे अश्विन



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल को अलविदा कहते समय दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दुनिया के अन्य लीग में खेलने का अपना विकल्प खुला रखा था। वह ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में चोट की वजह से नहीं खेल सके थे, लेकिन अब वह अमेरिका में खेली जाने वाली मेजर लीग क्रिकेट (एसएलसी) में खेलने वाले पहले भारतीय बनेंगे। रविचंद्रन अश्विन ने मेजर लीग क्रिकेट 2026 के लिए सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ करार किया है। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ करार के बाद अश्विन ने कहा, एमएलसी ने हाल के सीजन में खुद को एक बेहतरीन लीग के रूप में स्थापित किया है। लीग में विश्व स्तरीय खिलाड़ी आते हैं। इससे अमेरिका के घरेलू क्रिकेट प्रतिभाओं को पहचान मिलती है। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स का हिस्सा बनने का मौका ऐसा था जिसे मैं हाथ से जाने नहीं दे सकता था। मेजर लीग क्रिकेट में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी के तौर पर यह जिम्मेदारी उठाना एक बड़ी बात है, जिसे मैं पूरी तरह से स्वीकार करता हूं। मेरा पूरा ध्यान इस फ्रेंचाइजी को मैच जिताने और उसकी पहली चैंपियनशिप जीतने में मदद करने पर है।सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के मुख्य कोच कैमरन व्हाइट ने कहा, हम अश्विन जैसे खिलाड़ी का स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। जब आप मैच जिताने वाले खिलाड़ियों और क्रिकेट की समझ की बात करते हैं तो दुनिया भर में उनका नाम इस सूची में सबसे ऊपर आता है। पहले भारतीय खिलाड़ी को टीम में शामिल करना हमारी फ्रेंचाइजी और पूरे एमएलसी के लिए एक बहुत बड़ा पल है, लेकिन सबसे पहले और सबसे जरूरी बात यह है कि वह हमें मैच जिताने में मदद करने के लिए टीम में शामिल हो रहे हैं।

# ईशान की शानदार बल्लेबाजी, बतौर डेब्यू कप्तान किया कमाल



**बेंगलुरु, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच आईपीएल 2026 का पहला मुकाबला शनिवार को एम. चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। ईशान किशन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 38 गेंदों में 80 रनों की दमदार पारी खेली। ईशान बतौर कप्तान डेब्यू करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। ईशान ने मनीष पांडे के रिकॉर्ड को तोड़ा है। मनीष ने सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से कप्तान के तौर पर अपने डेब्यू मुकाबले में साल 2021 में 41 गेंदों पर 69 रनों की नाबाद पारी खेली। वहीं, डेविड वॉर्नर ने 2015 में 42 गेंदों में 53 रन बनाए थे। हालांकि, ईशान इन दोनों ही बल्लेबाजों से आगे निकल गए हैं। नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे ईशान ने 210 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 80 रनों की अपनी पारी में 8 चौके और 5 गगनचुंबी छक्के लगाए। अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड के सस्ते में पवेलियन लौटने के बाद ईशान ने एसआरएच की लड़खड़ाती हुई पारी को बखूबी अंदाज में संभाला। ईशान ने हेनरिक क्लासन के साथ मिलकर 97 रनों की अहम साझेदारी निभाई। बाएं हाथ के बल्लेबाज के आगे आरसीबी का गेंदबाजी अटैक पूरी तरह से बेबस नजर आया। ईशान ने आईपीएल में 3 हजार रन भी पूरे कर लिए हैं। गेंदों के लिहाज से ईशान सबसे तेज 3 हजार रन पूरे करने वाले छठे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में केएल राहुल को पीछे छोड़ दिया है। राहुल ने आईपीएल में 3 हजार रन 2203 गेंदों में पूरे किए थे। वहीं, ईशान ने यह मुकाम 2,180 गेंदें खेलने के बाद पूरा किया है। ईशान के अलावा क्लासन ने 22 गेंदों में 31 रनों की पारी खेली। हालांकि, अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड का बल्ला आईपीएल 2026 के पहले मैच में पूरी तरह से खामोश रहा। अभिषेक संघर्ष करते हुए नजर आए और वह 8 गेंदों में 7 रन ही बना सके। वहीं, हेड 9 गेंदों का सामना करने के बाद 11 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, नीतीश कुमार रेड्डी ने भी अपने प्रदर्शन से निराश किया और वह एक रन ही बना सके। अंतिम ओवरों में अनिकेत वर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए महज 18 गेंदों में 43 रनों की दमदार पारी खेली, जिसके दम पर सनराइजर्स हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 9 विकेट गंवाकर स्कोरबोर्ड पर 201 रन लगाने में सफल रही।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व अग्निवीरों के लिए खुशखबरी: दिल्ली पुलिस भर्ती में मिलेगा रिजर्वेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस में अब कांस्टेबल (एग्जीक्यूटिव) के पदों पर पूर्व अग्निवीरों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाएगा जिसमें उन्हें फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट से छूट और ऊपरी आयु सीमा में ढील दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, भर्ती नियमों में संशोधन कर इस प्रावधान को औपचारिक रूप दे दिया गया है। यह बदलाव दिल्ली पुलिस (नियुक्ति और भर्ती) नियम, 1980 में संशोधन



के तहत किया गया है। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार की उस व्यापक योजना को लागू करना है, जिसके तहत चार साल की सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों को सुरक्षा बलों में समायोजित किया जाएगा। आयु सीमा में छूट अधिसूचना के अनुसार, पूर्व अग्निवीरों को कांस्टेबल भर्ती में अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। वर्तमान में यह सीमा 18 से 25 वर्ष है। वहीं, अग्निवीर योजना के पहले बैच के उम्मीदवारों को अतिरिक्त पांच वर्ष की छूट भी मिलेगी, जिससे उनकी अधिकतम आयु सीमा बढ़कर 30 वर्ष तक हो जाएगी। पूर्व अग्निवीरों को भर्ती प्रक्रिया के एक अहम चरण, फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट से छूट दी जाएगी। में आमतौर पर दौड़ जैसे शारीरिक सहनशक्ति से जुड़े टेस्ट शामिल होते हैं। हालांकि, उन्हें निर्धारित शारीरिक मापदंड और मेडिकल मानकों को पूरा करना अनिवार्य होगा।

### विहिप का संसद पर दबाव: अल्पसंख्यक शब्द की परिभाषा बदलने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 'अल्पसंख्यक' शब्द को पुन-परिभाषित करने को लेकर विहिप ने संसद पर भी दबाव बढ़ाया है। विशेष अभियान के तहत संसद के बजट सत्र के दौरान उसके पदाधिकारियों ने 375 सांसदों से मुलाकात की तथा यह मांग रखी। इस क्रम में संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 के प्रविधानों को देश के सभी नागरिकों के लिए समान रूप से लागू करने की भी मांग की। ताकि सभी धर्मों को धार्मिक शिक्षा का भेदभाव रहित समान संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित हो सके। विहिप की यह मांग एक अर्से से करती आ रही है। पिछले वर्ष दिल्ली में आयोजित केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक में विहिप ने इससे संबंधित प्रस्ताव भी पारित किया था। विहिप का यह 19 दिवसीय सांसद संपर्क अभियान नौ से 27 मार्च तक चला। जिसमें कई राज्यों में बढ़ते जनसांख्यिकी असंतुलन के बीच राष्ट्रीय जनसंख्या नीति बनाने तथा तीर्थाटन विकास के संदर्भ में भी विस्तृत चर्चा की गई। विहिप के केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने बताया कि विहिप के देश भर से आए विभिन्न प्रांतों, भाषाओं और मत-पंथों से जुड़े 170 अभियान के दौरान सांसदों से संपर्क किया और ये मांगें रखीं। उन्होंने बताया कि यह अभियान प्रतिवर्ष संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान चलता है, लेकिन इस बार उसकी अवधि कम होने के कारण यह अभियान बजट सत्र के दौरान चला, जिसके लिए विभिन्न प्रांतों से पदाधिकारी तीन से चार चरणों में दिल्ली पहुंचकर अपने अपने प्रांत के सांसदों से संपर्क किया।

# शादी के लिए जरूरी हो लड़के का डोप टेस्ट: आप सांसद

### लोकसभा में की कानून की मांग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद मालविंदर सिंह कंग ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि शादी के समय लड़कों के डोप टेस्ट और चिकित्सा जांच को अनिवार्य बनाने के लिए कानून बनाया जाए। उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह मांग उठाई। कंग ने कहा, 'आज हमारे समाज में तलाक और घरेलू हिंसा के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जब नया रिश्ता जुड़ता है तो लड़की के बारे में बहुत जांच-पड़ताल की जाती है, लेकिन लड़कों को लेकर उतनी जांच-पड़ताल नहीं होती।' उनका कहना था कि शादी के समय लोग इस तरह की चीजें छिपाते हैं।

उन्होंने कहा, 'सरकार से मांग है कि एक कानून बनाया जाए कि शादी के समय डोप टेस्ट और चिकित्सा जांच अनिवार्य हो।' उन्होंने कहा कि शादी के बाद कई बार सामने आता है कि लड़का गंभीर रूप से बीमार है या फिर वह आपराधिक प्रवृत्ति का है। इससे महिलाओं के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

कंग ने कहा कि दूल्हे के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए कि वह मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट और डोप टेस्ट का सर्टिफिकेट लड़की वालों के सामने पेश करे और तभी शादी हो।

### कांग्रेस सांसद ने की ऑनलाइन कारोबारियों पर लगाम की मांग

कांग्रेस के उज्जवल रमण सिंह ने शुक्रवार को सरकार से ऑनलाइन कारोबार पर अंकुश लगाने तथा छोटे एवं मझौले व्यापारियों के हितों के संरक्षण की मांग की। सिंह ने शून्य काल में इस बारे में नियम बनाने और छोटे दुकानदारों और मझौले व्यापारियों का व्यवसाय को बचाने के उपाय करने की सरकार से मांग की। सपा के वीरेन्द्र सिंह ने किसानों के घरों में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने पर बिल बढ़कर आने तथा प्रीपेड मीटर लगाने से उन्हें हो रही कठिनाइयों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उनकी समस्यायें दूर करने की मांग की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निशिकांत दुबे ने मुस्लिमों और ईसाइयों से विवाह करने वाली आदिवासी युवतियों का अनुसूचित जनजाति का दर्जा समाप्त करने की मांग की। भाजपा के ही चन्दूभाई छगनभाई शिहोरा ने गुजरात के सुरेन्द्र नगर इलाके के नमक किसानों को बारिश से हुए नुकसान की भरपाई करने और उन्हें भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। सपा के आनंद भदौरिया ने उत्तर प्रदेश में शहीदों और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किये जाने का मुद्दा उठाया और इसके दोषियों को सजा देने की मांग की। कांग्रेस के डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले ने 2027 की जनगणना के लिए निर्धारित प्रारूप के कॉलम में अन्य पिछड़ा वर्ग को भी जोड़ने की मांग की।

# इस्राइली राडार केंद्र और हवाई अड्डे पर ईरान का हमला; एक और फलस्तीनी कैदी की मौत

**तेहरान, एजेंसी।** पश्चिम एशिया का युद्धक्षेत्र दिन-ब-दिन और भयानक होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से क्षेत्र में आग का तूफान है। दूसरी ओर ईरान ने भी खाड़ी देशों मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों और इस्राइल में भयंकर और सटीक हमला कर चारों तरफ धुंआ-धुंआ कर रखा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 30वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव और भय का माहौल काबू से बाहर है।

तेहरान के उत्तर भाग में हाल ही में कई बड़े धमाके सुने गए। पहाड़ी इलाके से धुआं उठता देखा गया है, हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं कि किस लक्ष्य को निशाना बनाया गया। इसके अलावा, कराज शहर में भी कई धमाके सुने गए। यह क्षेत्र सैन्य प्रतिष्ठानों के लिए जाना जाता है, लेकिन कुछ नागरिक स्थल भी प्रभावित हुए होने की आशंका है। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उनकी वायु सुरक्षा बल मिसाइल और ड्रोन हमलों के खतरे का सक्रिय रूप से मुकाबला



कर रही हैं। देशभर में जो आवाजें सुनाई दे रही हैं, वे सक्रिय सुरक्षा ऑपरेशन की कार्रवाई हैं। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच इस्राइल ने ईरानी मिसाइल को सफलतापूर्वक रोकने की खबर सामने आई है। चैनल 12 के अनुसार, इजरायली सैन्य बलों ने मिसाइल को इंटरसेप्ट किया, जिसके कारण दक्षिण इस्राइल के नेगेव और डेड सी क्षेत्रों में एयर रैप्ट की चेतावनी बज उठी। ईरान ने इस्राइली राडार केंद्र और हवाई अड्डे को हमले में निशाना बनाया ईरानी प्रेस टीवी ने शनिवार को इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ईरानी सेना और तेहरान के मध्यपूर्वी सहयोगियों द्वारा किए गए हमलों के विभिन्न ठिकानों की जानकारी दी। टीवी ने बताया कि ढ्ढक्रत्नष्ट ने ÷लॉन्ग-रेंज और मीडियम-रेंज ठोस और तरल ईंधन वाले सिस्टम और हमलावर ड्रोन का इस्तेमाल करके इस्राइल और अन्य स्थानों में इस्राइली-अमेरिकी विरोधी उद्योगों को निशाना बनाया।÷ ढ्ढक्रत्नष्ट ने दावा किया कि उसने एक अमेरिकी रूक्त9 ड्रोन को मार गिराया और एक स्न-16 लड़ाकू विमान को निशाना बनाया।

**इस्राइली हिरासत में एक और फलस्तीनी कैदी की मौत:** फलस्तीनी कैदियों और रिहा किए गए कैदियों के मामलों की संस्था और फलस्तीनी कैदी समाज ने बताया कि 8 जनवरी को गिरफ्तार किए गए मारवान फाथी हरज़ल्लाह की इस्राइल के मेगिडो जेल में मौत हो गई। हरज़ल्लाह उन 100 से अधिक फलस्तीनी कैदियों में शामिल हैं, जो अक्तूबर 2024 से इस्राइली जेलों और हिरासत केंद्रों में मारे गए हैं।

### हमलों से टूटी ईरान की कमर

# रजा पहलवी ने ट्रंप को कहा शुक्रिया, बोले- होगा सत्ता का परिवर्तन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** ईरान के निर्वासित राजकुमार रजा पहलवी ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने




कहा है कि ईरान के मौजूदा शासन को पूरी तरह से खत्म करना होगा। उनके अनुसार, सत्ता का यह बदलाव बहुत ही व्यवस्थित तरीके से होगा। पहलवी ने यह बात अमेरिका के टेक्सास में आयोजित कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस के दौरान कही है। पहलवी ने ईरान के शासन को कमजोर करने के लिए अमेरिकी सैन्य अभियानों की जमकर तारीफ की। उन्होंने मिडनाइट हैमर और एपिक फ्यूरी जैसे अभियानों का जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि इन हमलों की वजह से ईरान की सत्ता पर काबिज लोग बहुत कमजोर हो गए हैं। पहलवी के मुताबिक, इन सैन्य कार्रवाइयों में सर्वोच्च नेता अली खामेनेई और उनके कई करीबी साथी मारे गए हैं। इसके अलावा, ईरान की 80 प्रतिशत से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलों का भंडार और परमाणु ठिकाने भी नष्ट हो गए हैं। उन्होंने इन कार्रवाइयों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी सेना का आभार जताया। पहलवी ने कहा कि ट्रंप के मजबूत इरादों और अमेरिकी सैनिकों की बहादुरी ने लाखों ईरानियों को एक मौका दिया है। अब वे दशकों से चले आ रहे दमन और अस्थिरता को खत्म करने के लिए लड़ सकते हैं। पहलवी ने चेतावनी दी कि अगर मौजूदा शासन का थोड़ा भी हिस्सा बचा रह गया, तो खतरा कभी खत्म नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग 47 साल से अराजकता फैला रहे हैं, उन पर शांति या सुधार के लिए भरोसा नहीं किया जा सकता। उनके अनुसार, आतंकवादी कभी शांति नहीं ला सकते। अगर उन्हें सत्ता में रहने दिया गया, तो वे केवल और ज्यादा तबाही और अस्थिरता ही लाएंगे। भविष्य की योजना के बारे में बताते हुए पहलवी ने कहा कि वह देश के भीतर और बाहर रहने वाले ईरानियों की मांग पर लोकतांत्रिक बदलाव का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। उनकी टीम ने ईरान प्रॉस्पेरिटी प्रोजेक्ट नाम से एक विस्तृत योजना तैयार की है। यह योजना शासन गिरने के बाद के पहले 100 दिनों और देश के लंबे समय तक पुनर्निर्माण के लिए एक रोडमैप की तरह काम करेगी। वह अपना समर्थन जारी रखे। उन्होंने वाशिंगटन से कहा कि वे इस गिरते हुए शासन को कोई जीवनदान न दें। अमेरिका को चाहिए कि वह ईरानी लोगों के लिए रास्ता साफ करे ताकि वे अपना काम पूरा कर सकें। यह बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में तनाव बहुत ज्यादा है और अंतरराष्टीय स्तर पर क्षेत्रीय युद्ध का खतरा बना हुआ है।

# हमारी कार्रवाई से और तेज होगा आईडीएफ का पतन

### सैनिकों की कमी से जूझ रहे इस्राइल को ईरान की खुली धमकी

**तेहरान, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जंग का दायरा खतरनाक स्तर तक फैल चुका है। अमेरिका और इस्राइल के हमलों के बीच ईरान भी आक्रामक रुख अपनाए हुए है। ऐसे में बड़ा सवाल है, क्या यह संघर्ष और भयानक होने वाला है? क्या वाकई में इस्राइल सेना की कमी से जुझ रहा है? और क्या ईरान की रणनीति हालात को पूरी तरह बदल सकती है? पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयानक होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से क्षेत्र में आग का तूफान है। दूसरी ओर ईरान ने भी खाड़ी देशों मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों और इस्राइल में भयंकर और सटीक हमला कर चारों तरफ धुंआ-धुंआ कर रखा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 30वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव और भय का माहौल काबू से बाहर है। इसी बीच अब ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर



गालिबाफ ने इस्राइल को कड़ी चेतावनी देते हुए बड़ा बयान दिया है। शनिवार को गालिबाफ ने कहा कि इस्राइल के खिलाफ ईरान की जवाबी कार्रवाई उसकी सेना के पतन को और तेज कर देगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में उन्होंने आरोप लगाया कि इस्राइल अपनी सेना की आंतरिक कमजोरियों को छिपाने के लिए तनाव बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान के औद्योगिक ठिकानों पर हमले करके इस्राइल अपने लोगों और सरकार का भरोसा वापस लाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन ऐसा करना उसके लिए उल्टा साबित होगा।

अपने बयान में गालिबाफ ने इस्राइल के सेना के प्रमुख एयाल जमीर के हालिया बयान का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि ईरान की प्रतिक्रिया केवल जवाबी नहीं होगी, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति के तहत होगी, जो इस्राइल की रक्षा व्यवस्था की कमजोरियों को निशाना बनाएगी। बता दें कि गालिबाफ का यह बयान इस्राइल की सेना के प्रमुख एयाल जमीर की हालिया चेतावनी के बाद आया है। इस्राइली सरकार को बताया कि सेना पर भारी दबाव है और अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए, तो इस्राइली सेना अंदर से टूट सकती है।

इतना ही नहीं जारी संघर्ष के बीच इस्राइली सेना प्रमुख ने एयाल जमीर ने सरकार से नए भर्ती कानून, रिजर्व ड्यूटी से जुड़े नियम और अनिवार्य सैन्य सेवा की अवधि बढ़ाने की मांग की है। गौरतलब है कि 2023 अक्तूबर के बाद शुरू हुए गाजा युद्ध के कारण इस्राइल की सेना पर लगातार दबाव बढ़ा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सेना इस समय करीब 12,000 सैनिकों की कमी से जूझ रही है। दूसरी ओर करीब 80000 अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स युवा सेना में भर्ती के योग्य हैं।

# दिल्ली में 27 लाख की कीमत की प्रतिबंधित ई-सिगरेट बरामद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने प्रतिबंधित ई-सिगरेट तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चीन में निर्मित 2,073 प्रतिबंधित ई-सिगरेट बरामद की हैं। इनकी बाजार कीमत करीब 27 लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले में तीन आरोपित विकास, रितविक बहल और जीशान उर्फ जस्सू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित दिल्ली समेत एनसीआर में ई-सिगरेट सप्लाई कर रहे थे। एएनटीएफ के उपायुक्त राहुल अलवाल के मुताबिक, 25 मार्च को सीआर पार्क स्थित एक पान की दुकान पर ई-सिगरेट के अवैध कारोबार की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने स्मोक एन पफ दुकान पर छापा मारकर 53 ई-सिगरेट जब्त कीं। पूछताछ में दुकान के मैनेजर विकास ने बताया कि दुकान रितविक बहल की है। इसके बाद ग्रेटर कैलाश स्थित उसके घर पर छापेमारी में 20 और ई-सिगरेट बरामद हुईं। पूछताछ में रितविक ने अपने सप्लायर जीशान का नाम बताया। पुलिस ने जीशान को बल्लभगढ़ से गिरफ्तार किया और उसकी निशानदेही पर हरियाणा के लक्ष्मण नगर स्थित घर से दो हजार ई-सिगरेट का बड़ा जखीरा बरामद किया गया।

जांच में सामने आया कि आरोपित ई-सिगरेट सस्ते दामों पर खरीदकर युवाओं को ऊंचे दामों पर बेचते थे।

# दिल्ली मेट्रो को गंदा करने पर हो सकता है 10 हजार का दंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो में यात्रा के दौरान गंदगी फैलाई या किसी नियम का उल्लंघन किया, तो अब अधिक जुर्माना देना पड़ सकता है। केंद्र सरकार ने मेट्रो रेलवे (संचालन और रखरखाव ) अधिनियम, 2002 में बदलाव करने का प्रस्ताव रखा है। संशोधन का उद्देश्य कुछ आपराधिक प्राविधान की जगह मौद्रिक दंड लागू करना और जुर्माने की राशि बढ़ाना है। नए प्रस्ताव के अनुसार अब मेट्रो में गंदगी फैलाने पर 10 हजार का जुर्माना हो सकता है। नशे में हंगामा करने, थूकने, ट्रेन में फर्श पर बैठने या झगड़ा करने, आपत्तिजनक सामग्री ले जाने या प्रदर्शन करने पर जुर्माने की राशि 500 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये करने का प्रस्ताव किया गया है। यदि कोई यात्री मेट्रो कोच में कुछ लिखता है चिपकाता या गंदगी फैलाता है, तो उसे एक हजार रुपये जुर्माना या छह माह की जेल या दोनों हो सकती है। अब नए प्रस्ताव में इस दंड को 10,000 रुपये तक के जुर्माने में बदला गया है। इसी तरह से महिला कोच में प्रवेश करने पर 250 रुपये जुर्माना या तीन माह के कारावास या दोनों को बदलकर पांच हजार रुपये जुर्माना में बदलने का प्रस्ताव किया गया है।

# हाई कोर्ट ने किराएदार को दिया झटका, फटकार भी लगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में लाखों-करोड़ों लोग अतिरिक्त आय के लिए अपना मकान किराए पर उठाते हैं। कई बार किराएदार जल्दी मकान छोड़ने के लिए राजी नहीं होता है, तो कई बार मकान मालिक के सामने कुछ नया संकट पैदा कर देता है। एक मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने किराएदार को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, किराएदार ने मकान किराए पर लिया था, जिसके बाद उसने दावा किया कि वह वहां पर नहीं, बल्कि उसकी पत्नी रह रही है और उसने ताला जड़ दिया है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में दो टूक कहा कि किराएदार यह दावा करके कानूनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकता है कि वह खुद किराए वाली जगह पर नहीं रह रहा। कोर्ट ने कहा कि परिवार के सदस्य का भी वहां पर रहना किराएदार का ही उस पर कब्जा किया जाना माना जाएगा। लाइव लॉ के अनुसार, दिल्ली हाई कोर्ट की जज नीना बंसल ने कहा, ''जब भी कोई सदस्य अपने परिवार के साथ किराए पर रहता है तो उसके परिवार के किसी भी सदस्य का कब्जा



किराएदार द्वारा किया गया कब्जा ही माना जाएगा। किराएदार यह कहकर नहीं बच सकता कि उस जगह पर अब मैं नहीं रह रहा।'' जज ने यह कहकर किराएदार को बड़ा झटका दिया और उसकी अपील को भी खारिज कर दिया। यह मामला तब शुरू हुआ, जब मकान मालिक ने अपनी प्रॉपर्टी वापस मांगी, जिस पर किराएदार ने दावा किया कि अब वह उस जगह पर नहीं रहता, बल्कि उसकी पत्नी रहती है, जो उससे अलग रह रही है। पत्नी ने उस जगह पर ताला जड़ दिया है और अपना कब्जा जमा लिया। किराएदार के इस तर्क को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया और कहा कि पत्नी किराएदार के परिवार के सदस्य के तौर पर ही वहां रहने आई थी। ऐसे में उसे किराएदारी का स्वतंत्र अधिकार नहीं दिया जा सकता। कोर्ट ने पाया कि पत्नी ने उस जगह पर ताला जड़ दिया और अपने पिता के घर चली गई। कोर्ट ने आखिरकार कड़ी फटकार लगाई और कहा, ''यह कानूनी प्रक्रिया का पूरी तरह से दुरुपयोग है कि उसने ताला जड़ दिया। उसका मकसद सीधे तौर पर मकान मालिक के अधिकारों को खत्म करना है। कोर्ट ने किराएदार की अपील को खारिज कर दिया।

# फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए बीएसएल ने किया साइक्लोथॉन का आयोजन







## 14 किलोमीटर की प्रतियोगिता में 600 से अधिक साइकिलिस्ट ने भाग लिया

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देशव्यापी फिट इंडिया मूवमेंट के आलोक में बोकारो स्टील प्लांट द्वारा आज सेल- बोकारो साइक्लोथॉन 2026 का आयोजन किया गया। फिटनेस, एक्टिव मोबिलिटी और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बोकारो सहित अन्य शहरों से आए 600 से अधिक साइकिलिस्ट ने भाग लिया। साइक्लोथॉन को फ्लैग-ऑफ बीएसएल निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने किया। इस मौके पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) चित्त रंजन मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीष सेनगुप्ता, अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त, अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. बिभूति भूषण करुणामय तथा अधिशासी निदेशक (खान) विकास मनवटी सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे. 14 किलोमीटर की यह प्रतियोगिता प्रातः 6:30 बजे सेक्टर-4 स्थित आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर के निकट से प्रारंभ हुई । प्रतिभागियों को निर्धारित मार्ग पर दो राउंड पूरे करने थे जिसमें पथरकट्टा चौक, राम मंदिरचौक, राजेंद्र चौक और गांधी चौक शामिल थे, और अंत में वे पुनः प्रारंभिक स्थल पर लौटे। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों की सुरक्षा, पेयजल और चिकित्सीय सुविधा के इंतेजाम किए गए थे. पुरुष और महिला प्रतिभागियों के लिए कुल श्रेणियों में आयोजित साइक्लोथॉन के समापन पर विजेताओं को मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन तथा अन्य वरीय अधिकारियों ने पुरस्कृत किया। यह साइक्लोथॉन लोगों को साइकिलिंग को एक स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा, साथ ही सामुदायिक भागीदारी और स्वस्थ जीवनशैली की संस्कृति को भी प्रोत्साहित करेगा।

# बोकारो जिले के सभी प्रखंडों में मेगा विधिक सशक्तीकरण शिविरों का आयोजन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार , बोकारो अनिल कुमार मिश्रा न०-2 के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन के घनिष्ठ समन्वय से आज जिले के सभी 9 प्रखंडों में मेगा विधिक सशक्तीकरण शिविर आयोजित किए गए। ये शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रखंड सभागारों एवं निर्धारित स्थानों पर शुरू हुए। इन शिविरों में न्यायिक अधिकारियों की निगरानी तथा प्रत्येक प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के कुशल संचालन में जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर शिविरों को सफल बनाया गया। शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम जनता को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना, विधिक जागरूकता फैलाना, विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाना तथा मध्यस्थता, विधिक सहायता और परामर्श के माध्यम से विवादों का त्वरित निपटारा करना था। शिविरों में बड़ी संख्या में लाभार्थियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से योजनाओं का लाभ वितरित किया गया। शिविरों में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो के सचिव अरुण कुमार दुबे के नेतृत्व में विभिन्न न्यायिक अधिकारियों, मीडिएटर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स , पैनल वकीलों, पैरा-लीगल वॉलंटियर्स तथा एनजीओ के सदस्यों की टीमें सक्रिय रूप से कार्यरत रहीं। प्रत्येक प्रखंड में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के कुशल संचालन में अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी पूर्ण समन्वय के साथ उपस्थित रहे। इन शिविरों में हजारों लोगों ने भाग लिया। लाभार्थियों को विधिक परामर्श, दस्तावेजी सहायता, योजनाओं के आवेदन एवं अन्य सुविधाओं का लाभ प्रदान किया गया। कुल 14,021 लाभुकों को ₹12,80,11,538/- (बारह करोड़ अस्सी लाख ग्यारह हजार पांच सौ अड़तीस रुपये) का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से योजनाओं का लाभ एवं परिसम्पत्तियो का वितरण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकर, बोकारो के सचिव ने बताया कि जिला प्रशासन के साथ ऐसे समन्वित शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंच सके। उक्त आशय की जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो के द्वारा दी गई।

# नारी सशक्तिकरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने को राष्ट्रव्यापी साइकिल यात्रा पर हैं आशा मालवीय

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्तर की एथलीट, पर्वतारोही एवं सोलो साइकिलिस्ट आशा मालवीय भारत के पश्चिमी छोर से पूर्वी सीमा तक लगभग 7,800 किमी की राष्ट्रव्यापी साइकिल यात्रा पर हैं। यह यात्रा 11 जनवरी 2026 को जयपुर से प्रारम्भ हुई और राजस्थान, गुजरात एवं मध्य प्रदेश से होते हुए आज 29 मार्च 2026 को रामगढ़ पहुँची। यह महिला साइकिलिस्ट अब तक लगभग 4100 किमी की दूरी तय कर चुकी हैं। यह कार्य उन्होंने नारी सशक्तिकरण, देशभक्ति एवं अदम्य साहस के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से किया है। बचपन में इनके पिता की मौत होने के बाद माता ने मजदूरी करके इनका पालन पोषण किया है। पत्रकारों से बात करते हुए आशा मालवीय ने बताया कि मेरी यात्रा का उद्देश्य नारी शक्ति, देश भक्ति और अदम्य साहस है। मौके पर रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि मध्य प्रदेश की इस महिला ने अदम्य साहस का परिचय दिया है इन्होंने अपने ही बल पर मजदूरी करते हुए अपने बहन की शादी कराई एवं माता के लिए घर बनवाया, 100 मीटर और 200 मीटर की एथलीट से अपनी यात्रा शुरू कर इन्होंने पर्वतारोहण एवं साइकिलिस्ट को अपना जीवन का हिस्सा बनाया और जीवन में कुछ करने की जज्बा को इन्होंने नारी शक्ति के रूप में आम लोगों को एक संदेश दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिमडेगा में पीएलएफआई के 3 अपराधी गिरफ्तार

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिमडेगा पुलिस ने सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहन को जलाने की कोशिश करने वाले पी एल एफ आई के 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि इनका पी एल एफ आई संगठन से संबंध रहा है। इससे पहले 20 मार्च को इस घटना के 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। सर्किल इंस्पेक्टर भिखारी राम ने बताया कि सिमडेगा जिले में लचरागढ़ से ओड़गा रोड तक सड़क निर्माण किया जा रहा है। इसका अस्थायी कैंप जलडेगा थाना क्षेत्र के कारीमाटी, पांगुर में है, जहां सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहन रखे जाते हैं। इस वर्ष में 25- 26 जनवरी की मध्यरात्रि अपराधियों ने लेवी वसूलने के इरादे से कैंप में खड़े वाहन में आग लगाने की कोशिश की थी। इन्हीं मे से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

### राघव आनन की जादूगरी, मन जानकी जानकी हो गया : डॉ आशा पुष्प

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् बोकारो की मासिक काव्य गोष्ठी परिषद् के अध्यक्ष परमेश्वर लाल वर्णवाल की अध्यक्षता में संघ कार्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने राष्ट्र समाज और समरसता काव्य उनकी ईद दिवाली है,अपनी तो जेब खाली है, का मधुर पाठ किया। गोष्ठी की शुरूआत माँ भारती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर मंगलाचरण एवं पुष्पांजलि कर की गई। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ गंगेश कुमार पाठक की सरस्वती वंदना "माँ शारदे वर दे,जगतारिणी वर दे" से हुआ। परिषद् के मिडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक की मैथिली कविता अहां की बुझलौ यौ समांग, डॉ राखी बरनवाल की नव वर्ष विक्रम संवत प्यारा,कवियत्री माला की चैता गीत ' अवध में राम के जनमिया हो रामा गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर गयी। इसके अलावा माहिका शिवा ने भी पाठ किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ आशा पुष्प ने सभी का आभार प्रकट कर की। ढेर सारी संख्या में उपस्थित श्रोताओं ने काव्य गोष्ठी का भरपूर आनंद लिया।

### बलियापुर में रामनवमी जुलूस पर पथराव मामले में पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के बलियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भिखराजपुर में रामनवमी के दिन हुई घटना को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इस मामले को लेकर गठबंधन के नेताओं ने सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित कर पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए और घटना की कड़ी निंदा की। प्रेस वार्ता में गठबंधन के प्रतिनिधियों ने कहा कि घटना के बाद पुलिस द्वारा 18 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, लेकिन उससे पहले उन्हें बाजार में घुमाना बेहद आपत्तिजनक और गैरकानूनी है। नेताओं का आरोप है कि इस तरह की कार्रवाई न सिर्फ मानवाधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि कई निर्दोष लोगों को भी बेवजह परेशान किया गया है। उन्होंने कहा कि देश की सर्वोच्च अदालत के स्पष्ट निर्देश हैं कि जब तक किसी व्यक्ति का दोष साबित नहीं हो जाता, तब तक इस प्रकार की सार्वजनिक पहचान (टीआई परेड जैसे) या अपमानजनक व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। इसके बावजूद पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई न्यायिक प्रक्रिया के विपरीत है। गठबंधन नेताओं ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा कि संबंधित पुलिस अधिकारियों पर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

# पत्रकारों ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का लिया संकल्प, बनाई गई रणनीति



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट बोकारो जिला के तत्वावधान में आगामी 15 अप्रैल को आयोजित होने वाले जिला सम्मेलन की तैयारी को लेकर रविवार को जरीडीह प्रखंड के बहादुरपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कृष्णा चौधरी एवं संचालन मिथलेश कुमार ने किया। बैठक में सम्मेलन को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। वक्ताओं ने कहा कि बोकारो में आयोजित होने वाला यह सम्मेलन संगठन के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पत्रकार तभी सशक्त होंगे, जब उनका संगठन मजबूत होगा। समाज और लोकतंत्र की मजबूती के लिए पत्रकारों की एकजुटता बेहद आवश्यक है। मौके पर अविनाश कुमार, मो सबीर अंसारी, पंकज कुमार सिंहा, स्वरूप सहाय, राजकिशोर शर्मा, योग पूर्ति, संतोष रविदास, हेमंत कुमार महतो, माणिक सिंह, राजीव नायक, राकेश कुमार प्रियदर्शी सहित अनेक लोग शामिल थे।

# राज्य सरकार सभी कोर्ट परिसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करे : रणजीत गिरी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड राज्य के विभिन्न न्यायालयों को लगातार ईमेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकियां मिल रही हैं, जिससे अधिवक्ताओं और वादकारियों में भय का माहौल व्याप्त है। इस गंभीर मुद्दे पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल काउंसिल मेंबर एवं बोकारो के वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत गिरी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईमेल, पत्र तथा ट्वीट के जरिए घोर चिंता व्यक्त की है। श्री गिरी ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि राज्य के सभी बार परिसरों (कोर्ट परिसरों) की सुरक्षा को लेकर तत्काल कदम उठाए जाएं। उन्होंने मांग की है कि सभी बार परिसरों में स्थायी सुरक्षा चौकी स्थापित की जाए। हर बार परिसर के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर अविलंब लगवाए जाएं। अधिवक्ता रंजीत गिरी ने बताया कि बार-बार मिल रही इन धमकियों से अधिवक्ता वर्ग के साथ-साथ आम वादकारियों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। इससे न्यायिक कार्य प्रक्रिया परोक्ष रूप से बाधित हो रही है। न्याय की प्राप्ति के लिए लोगों को कोर्ट आने में हिचकिचाहट हो रही है। हाल के दिनों में झारखंड के रांची सिविल कोर्ट, धनबाद, लातेहार और बोकारो समेत कई न्यायालयों को ईमेल से बम विस्फोट की धमकियां प्राप्त हुई हैं। इनमें आरडीएक्स, आईईडी और आत्मघाती हमलों का जिक्र तक किया गया है। पुलिस और बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) की टीमों ने तलाशी अभियान चलाया, लेकिन अब तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। फिर भी बार-बार दोहराई जा रही धमकियों ने पूरे न्यायिक तंत्र को चिंतित कर दिया है। रंजीत गिरी, जो बोकारो सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं और झारखंड हाईकोर्ट में भी मामलों का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# धनबाद में तीन दिवसीय योग शिविर, 'स्वयं को जानो' कार्यक्रम का आयोजन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद शहर जल्द ही योग और आध्यात्म के रंग में रंगने वाला है। 'अध्यात्म में प्रवेश - स्वयं को जानो' कार्यक्रम के तहत आगामी 24 से 26 अप्रैल तक एक भव्य तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत योग यात्रा 2026 के अंतर्गत किया जा रहा है। इस संबंध में धनबाद क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान आयोजकों ने विस्तृत जानकारी साझा की। आनंद योग धारा, धनबाद द्वारा आयोजित इस विशेष शिविर में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योग गुरु परमाचार्य स्वामी निरंजनानंद सरस्वती मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उनके सानिध्य में प्रतिभागियों को योग, ध्यान और आध्यात्म के गूढ़ पहलुओं को समझने का अवसर मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि यह शिविर केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य व्यक्ति को मानसिक शांति, आंतरिक संतुलन और आत्मबोध की दिशा में प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी होगा जो अपने जीवन में तनावमुक्ति और आध्यात्मिक जागरूकता की तलाश में हैं। यह तीन दिवसीय योग शिविर आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के परिसर में आयोजित किया जाएगा और इसमें भाग लेना पूरी तरह निःशुल्क होगा।

# ट्रू गांधीयन समूह की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को स्थानीय नगर उद्यान में ट्रू गांधीयन समूह की बैठक हुई। बैठक में समूह द्वारा किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता समूह के अध्यक्ष तारकेश्वर महतो उर्फ तारा बाबू ने की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। समूह पिछले दो वर्षों से लगातार गांधी जी के विचार प्रसारित करने के साथ अन्य ज्वलंत मुद्दों पर भी सक्रिय रहा है। शैलेश कुमार दुबे ने रांची में गत दिनों हुए जलवायु परिवर्तन, निजीकरण और जन कल्याण पर हुए राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में प्रस्तुत प्रस्तावों की जानकारी दी। सचिव रीतेश चौबे ने समूह के पिछले दिनों किये कार्यक्रमों की जानकारी दी। अगला कार्यक्रम गांव की तरफ चलने और जनजागरण जैसे कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता बतायी। साथ ही शीघ्र ही संस्था का निबंधन कराने का प्रस्ताव रखा जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। अनुप चौबे ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल में झारखंड जनाधिकार महासभा द्वारा प्रस्तावित सम्मेलन में समूह के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसमें झारखंड के ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा होगी। बैठक में मौजूद आरपी वर्मा ने गांधी जी के विचार पर आधारित कविता का पाठ किया। बैठक में उपाध्यक्ष संध्या मिश्रा, विकास पांडेय, कुमार राकेश, अनिता सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर पंकज चौधरी, कंचन कुमारी, राम कुमार महतो, सुनील कुमार सिंह, कृष्णा कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# सकल हिन्दू समाज 5 अप्रैल को करेगा हिन्दू सम्मेलन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हिन्दू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सकल हिन्दू समाज द्वारा सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक के साथ-साथ हिन्दू समाज में नेतृत्व विकास एवं आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित हो रहे 'हिन्दू सम्मेलन' की कड़ी में स्थानीय सेक्टर 4जी के सकल हिन्दू समाज द्वारा आगामी बैसाख कृष्ण पक्ष तृतीया, 05 अप्रैल, को सेक्टर 4जी काली पूजा मैदान में अपराह्न 4 बजे से रात्री 8 बजे तक विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के संयोजक शैलेश कुमार वर्मा ने जानकारी दी है कि इस सम्मेलन में सेक्टर 4जी में निवास करने वाले सभी सनातनी परिवारों की सहभागिता को सुनिश्चित करने का सफल प्रयास किया जा रहा है। संयोजक यह भी जानकारी दी है कि ने सम्मेलन में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से भक्ति भजन, महिलाओं द्वारा कार्यक्रम। ध्यातव्य है कि कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का उद्बोधन निश्चित रूप से प्रेरणादायक रहेगा। अंत में भोजन मंत्र के साथ भोजन प्रसाद वितरण किया जाएगा और इसी के साथ सम्मेलन का समापन होगा। यह आयोजन समाज में एकता, जागरूकता और सांस्कृतिक गर्व को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। आयोजन में स्थानीय पूजा आयोजन समिति, मंदिर का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। उक्त जानकारी हिन्दू सम्मेलन के आयोजन से संबंधित सेक्टर 4जी में संपन्न बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर दी गई है। बैठक में प्रमुख रूप से शैलेश कुमार वर्मा, विनोद कुमार, एस पी चौधरी, राम चन्द्र सिंह भावे, रघुवंश सिंह, बी एन पाण्डेय, पी एन पाण्डेय, एस पी सिंह, बी शर्मा, अरुण कुमार, एच ठाकुर, ए के वर्मा, अवध शर्मा, योगेन्द्र कुमार वर्मा, दीनदयाल शर्मा एवं सचिन उपस्थित रहे ।

# झारखंड के मुख्यमंत्री की भी मंशा अपने लिए शीश महल बनवाने की है : आदित्य साहू



**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने 100 करोड़ की लागत से बनने वाले मुख्यमंत्री आवास पर गंभीर सवाल खड़ा किया है। रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 67 करोड़ 4 लाख 36 हजार रुपए की लागत से बनने वाले मुख्यमंत्री आवास का टेंडर 2 अप्रैल को अपलोड किया जाएगा जबकि 30 अप्रैल को टेंडर खुलेगा। उन्होंने कहा कि भवन का निर्माण कार्य पूरा होते-होते और इंटीरियर और कुर्सी समेत अन्य खर्च को जोड़कर मुख्यमंत्री का भवन लगभग 100 करोड रुपए का हो जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के भवन को शीश महल का नाम देते हुए कहा कि इसमें दो करोड रुपए का फाउंटेन लगाया जाएगा जबकि ढाई करोड़ रुपए गार्डन पर खर्च किए जाएंगे। मुख्य बैठक भवन विदेशी शीशे का बना होगा। शीश महल में लगने वाले टाइल्स और अन्य सामग्री भी विदेश से मंगाई जाएगी। आदित्य साहू ने कहा कि एक तरफ राज्य में विधवाओं और बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिल रहा है। किसान अपने धन के खरीद मूल्य को पाने के लिए इंतजार कर रहे हैं। बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है और गरीब लोगों को अबुआ आवास नहीं मिल रहा वही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने लिए सौ करोड रुपए का शीश महल बनवा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने को गरीब जनता और गरीब राज्य का मसीहा बताते हैं वही अपने आवास में आते हैं वह खुद को मुगल बादशाह समझने लगते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्ववर्ती दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी याद किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने भी दिल्ली में शीश महल बनवाया था।अब झारखंड के मुख्यमंत्री रांची में शीश महल बनवा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि टेंडर खोलने के दिन भारतीय जनता पार्टी राज्य भर में विरोध प्रदर्शन करेगी इसके साथ ही जब तक मुख्यमंत्री का शीश महल बनेगा तब तक पार्टी का विरोध जारी रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK